डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,502.08 -102.57

डॉलर 83.657 -0.073

रांची सर्राफा

10 ग्राम 72,980 | 01 किलो 96,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 23 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 275, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं. आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 कांग्रेस ने राजनीतिक कारणों से...

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

सहायक नगर निवेशक/कनीय अभियंता/स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर/पाइपलाइन इंस्पेक्टर/खान निरीक्षक/मोटरयान निरीक्षक

## का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
मा0 मंत्री, जल संसाधन विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार


**डॉ. रामेश्वर उरांव**
मा0 मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
मा0 मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
मा0 मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री हफीजुल हसन**
मा0 मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री दीपक बिरुआ**
मा0 मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर), परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार



इस अवसर पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**23 जुलाई, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे**
**प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची**

PR No. 330354 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### बीडीओ के निरीक्षण में पंचायत सचिवालय मिला बंद



**पाटन।** सोमवार को पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने काके कला पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पंचायत सचिवालय के गेट में ताला लटका हुआ पाया। उन्होंने बंद होने का कारण पूछा, तो किसी ने नहीं बताया। पंचायत सचिवालय बंद रहने पर बीडीओ ने पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी का 1 दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। इसी पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र भी चलता था जो की वह भी बंद पाया गया। बीडीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालक को हटाने का आदेश दिया है। उन्होंने जांच क्रम में कहा कि पंचायत भवन में पंचायत के कर्मी उपस्थित रहेंगे। नहीं रहने वाले पंचायत कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जीपीएस अहमद हुसैन उपस्थित थे।

### किशुनपुर का पशु चिकित्सालय रहता है बंद

**पाटन।** पाटन के किशुनपुर में स्थित पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सालय बंद रहता है। झारखंड सरकार के करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन आम नागरिकों को सुविधा नहीं मिल पा रहा है। अभी अषाढ़, सावन महीने में पशु ज्यादातर बीमार पड़ते हैं। गरीब वर्ग के लोगों का सरकारी दवा पर निर्भर रहते हैं। पशु चिकित्सालय कर्मी के लापरवाही के कारण कई पशुओं की मौत हो जाती है। जहां पर पशु चिकित्सालय भवन है। उसी के 100 मी. दूरी पर एक प्राइवेट मेडिकल स्टोर खुला रहता है। जब लोग पशु चिकित्सालय में दवा लेने जाते हैं तो वह बंद पड़ा हुआ मिलता है। और लोगों को मजबूरी में प्राइवेट मेडिकल से औने-पौने दाम में दवा लेना पड़ता है। वहीं पशुपालन विभाग के कर्मी का कमीशन बंधा हुआ रहता है। इस पशु चिकित्सालय के पशुपालन पदाधिकारी प्रखंड क्षेत्र में सप्ताह में एक-दो दिन आते हैं। पशु चिकित्सालय में दवाई एक्सपायर होने पर फेक दिया जाता है। समय पर कोई भी पशु को दवा वितरण नहीं किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग इस समस्या से परेशान रहते हैं।

## अनुमंडलीय अस्पताल में डायरिया से पीड़ित दस मरीज इलाजरत

# गर्मी के कारण हुसैनाबाद में डायरिया का प्रकोप शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्री-मानसून काल में उमसभरी गर्मी और खानपान में असावधानी के कारण हुसैनाबाद में डायरिया का प्रकोप शुरू हो गया है। रविवार व सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कुसुम्भरा, बहेरा, हरिजन विगहा, हनुमान विगहा, जपला आदि गांवों के निवासी डायरिया पीड़ित दस मरीजों को भर्ती कराया गया है, जिनका इलाज अभी जारी है। हालांकि इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ है। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विकास कुमार ने बताया कि उमश भरी गर्मी और लापरवाही के कारण डायरिया की चपेट में लोग आ रहे हैं। सोमवार को अस्पताल में भर्ती किए गए डायरिया पीड़ित मरीजों की स्थिति में सुधार है और ठीक होकर मरीज घर भी जा रहे हैं। खानपान में थोड़ी लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। उल्टी, दस्त, बुखार, पेट में दर्द की शिकायत के बाद तत्काल अस्पताल पहुंचना जरूरी है। उन्होंने बताया कि बासी खाना और दूषित पानी से लोग बीमार पड़ रहे हैं। तेज धूप और गर्मी से बचने की जरुरत है। ओआरएस घोल लेते रहने पर भी उन्होंने बल दिया। डॉ. विकास कुमार ने बताया कि डायरिया से निपटने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में टीम अलर्ट है। पहले प्रचंड गर्मी और हीट वेव के चलते हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप बढ़ा। अब उमस भरी गर्मी के कारण लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। गत सप्ताह हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदरनगर प्रखंड में डायरिया की चपेट में आकर आधा दर्जन लोग अस्पताल में भर्ती हुए थे। हुसैनाबाद के कुसुम्भंरा गांव निवासी उषा देवी, रूपनारायणपुर गांव की चिंता देवी, जपला का रौशन कुमार, हनुमान बिगहा निवासी अब्दुल रहमान, रेशम कुमारी व लवकुश कुमार दोनों ग्राम बहेरा हैदरनगर, गुड़िया देवी, आरती कुमारी, सोनी देवी व चंद्रीप पासवान हरिजन बिगहा हैदरनगर आदि का नाम शामिल है।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** प्रखंड के सात विद्यालयों के 158 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ आशा साहु, निवर्तमान बीपीओ रोहित गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीडीओ आशा साहु ने कहा कि साइकिल मिल जाने से ग्रामीण छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने में अब काफी सहुलियत होगी। इसके अलावा ग्रामीण इलाके के छात्र छात्राओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतरना हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। वहीं बीपीओ रोहित गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियम का विस्तृत जानकारी दिया। साइकिल मिलते ही स्कूली छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान आ गया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अरबिंद कुमार, सीआरपी अश्विनी सिंह, प्रधानाध्यापक राकेश दुबे, वरुण कुमार, राजमोहन रजक, प्रवीण कुमार, कम्प्यूटर सहायक मनोहर कुमार, मौजूद थे।

## निर्माणाधीन फोरलेन मुख्य पथ में आई दरार, खोल रही अनियमितता की पोल



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत भोगू से शंखा गांव तक एनएच-39 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य भारत वाणिज्य इस्टर्न कंपनी लिमिटेड के द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण अधिनियम फोरलेन मुख्य पथ पर कई जगह दरार आ गए हैं। जो घटिया निर्माण कार्य व कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने की पोल खोल रहा है। एक तरफ सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सड़क कई जगह दब रहे हैं। साथ हीं कई जगह दरार भी आ गई है। भारत इस्टर्न कंपनी लिमिटेड के द्वारा पिछले दो वर्षों से युद्ध स्तर पर सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में खेत से उठाकर काली मिट्टी डाली गई है। जबकि मोरंग मिट्टी व फ्लाई ऐश डस्ट का उपयोग किया जाना था। साथ ही इसके बाद दो-तीन लेयर जीएसबी डालते हुए हाई प्रेशर मशीन से दबाया जाना है। जिससे सड़क में दरार न आए व सड़क कहीं दबे नहीं। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। अगर ऐसा होता तो सड़कों में दरार नहीं आता। लेकिन कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में नियमों को ताक पर रखकर सब कुछ अनदेखा करते हुए केवल निर्माण कार्य की औपचारिकता पूरी की जा रही है। विरोध करने पर कंपनी कर्मियों के द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज कर परेशान करने की धमकियां भी दी जाती है। सड़क निर्माण के क्रम में गुणवत्ता पर प्रश्न खड़ा करने वाले लोगों पर प्राथमिकी भी दर्ज की जाती रही है। अधिकारियों के साथ अच्छा समन्वय होने की बात कह कर लोगों का मुंह बंद कर दिया जाता है।

## पिपरा में क्रशर प्लांट में कार्यरत मजदूर का एक हाथ कटा, रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के बांसदोहर नामक स्थान पर स्थित ज्योति कंट्रक्शन क्रशर कंपनी के प्लांट पर मशीन की चपेट में आने से उड़ीसा के मजदूर रमेश नायक का एक हाथ जड़ से कट गया। वहां पर काम कर रहे अन्य साथी मजदूरों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की पुष्टि पिपरा के थाना प्रभारी बिमल कुमार ने की है। एमआरएमसीएच में मौजूद डॉक्टर की देखरेख में मजदूर का इलाज किया गया। मजदूर का बायां हाथ जड़ से कट गया है। काफी रक्त भी बह गया है, जिससे मजदूर शिथिल पड़ गया है। कंपनी के सुपरवाइजर संतोष गिरी के अस्पताल पहुंचने पर मजदूर को रांची रेफर किया गया। उसके साथ मजदूर सुरेश नायक भी साथ में गया है। सुपरवाइजर ने जानकारी दी कि घटना सोमवार की अहले सुबह 4 बजे की है। रमेश नायक क्रशर प्लांट के उपर सो रहा था। अचानक नीचे गिरा और मशीन की चपेट में आ गया। जिससे उसका एक हाथ कट गया। उसे इलाज के लिए रांची ले जाया गया है। रमेश के साथ उड़ीसा से आधा दर्जन मजदूर सरोज सिंह, सुमित टेटो, राजन मांझी, आनन्द मांझी एवं सुरेश नायक क्रशर प्लांट पर काम करने के लिए पहुंचे थे। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। किंतु कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन प्राप्त होने पर पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई करेगी।

## मुख्यमंत्री रोजगार शिविर में 329 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का विशेष शिविर लगाया। जिसमें 329 बेरोजगार युवक-युवतियों ने रोजगार के लिए ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर में मौजूद बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने कहा कि प्रखंड के बेरोजगार युवक-युवतियों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ मिलेगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों की ऑन स्पॉट एंट्री की गयी। इस योजना के तहत विभिन्न वर्ग के लोगों को व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार की ओर से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं पिपरा प्रखंड परिसर में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी के उपस्थिति में शिविर लगाया गया। जिसमें 120 बेरोजगार युवक-युवतियों ने रोजगार के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इस मौके पर हरिहरगंज प्रभारी कल्याण पदाधिकारी निरंजन सिंह, लघु एवं कुटीर उद्योग के प्रखंड समन्वयक अजित कुमार, आकांक्षी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, लिपिक प्रभाकर कुमार, ग्राम सेविका उर्मिला कुमारी, पंसस शीलू सिंह उर्फ शैलेंद्र सिंह, पूर्व पंसस रामजी पासवान, इरशाद आलम, पिपरा प्रभारी कल्याण पदाधिकारी अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध रूप से बालू उठाव कर भंडारण कर रहे हैं माफिया

**नौडीहाबाजार।** प्रखंड अन्तर्गत अति नक्सल प्रभावित सुदूरवर्ती इलाका पंचायत डगरा के सपही नदी से अवैध रूप से बालू भंडारण की जा रही है। ग्रामीणों को कहना है कि आने वाला दिन समय में सरकार द्वारा आवास योजना दी जा रही है तो आखिर हम अपना खुद का घर बनाने के लिए कहां से लायेंगे बालू। लेकिन ग्रामीणों के बात को कोई अधिकारी गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है। इससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

### सर्पदंश से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**पांकी।** प्रखंड के डंडार कला पंचायत के डंडार कला बिचला टोला निवासी संतोष भुईया उम्र लगभग 31 वर्ष की सर्पदंश से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात संतोष भुईयां को घर के समीप करैत सांप ने काट लिया था। घटना के बाद से उसकी हालत बिगड़नी शुरू हो गई थी। लेकिन उनके परिजनों ने झाड़ फूंक के चक्कर में इधर-उधर ले जाकर समय नष्ट कर दिए, जब उसकी हालत और ज्यादा बिगड़ने लगी तो उसे लातेहार के तुम्बागड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को युवक के मौत होने की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। वहीं उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सर्पदंश से मौत होने के बाद युवक का शव अंत्य परीक्षण के लिए मेदनीनगर ले जाया गया। वहीं पंचायत के जनप्रतिनिधि समेत प्रबुद्ध जनों ने घटना को लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### किसानों के बीच रहने का जो आत्मीय सुख है वह कहीं और नहीं : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र में लागातार जनसंपर्क में लगे रहते हैं। इसी कड़ी में सोमवार को एकौनी से लौटते समय अचानक उनकी नजर महुअरी गांव के खेतों में बीचड़ा निकाल रहे किसानों एवं धान रोपाई कर रहीं महिलाओं पर पड़ी। जिसके कुछ देर बाद किसानों से संवाद करते हुए कर्नल संजय सिंह भी खेतों में उतर गये, और वहां उन्होंने किसानों के साथ धान का बीचड़ा निकाला एवं महिला मजदूरों के साथ मिलकर धान के पौधों की रोपाई की। बता दें कि किसान नेता कर्नल संजय सिंह अक़्सर ही किसी न किसी चीजों को लेकर सुर्खियों में रहें है। उल्लेखनीय है कि कर्नल संजय सिंह का गृह ग्राम मोहम्मदगंज प्रखंड के सोनबरसा है। किसान परिवार से संबंध रखने के कारण वे कृषि कार्यों में दक्ष हैं। कई बार खेत खलिहान में कृषि कार्य करते दिख जाते हैं। कर्नल संजय सिंह ने बताया कि किसान और उनके लहलहाते खेत, कृषि कार्य करते हुए किसानों के बीच रहने का जो आत्मीय सुख है, शायद वह कहीं और नहीं हैं। हुसैनाबाद नहर से सटे पश्चिमी भू-भाग में धानों की रोपाई जोरों पर है। कहते हैं 'खेती अपन सेती' लेकिन इसी खेती के कार्य के साथ ददरिया का आनंद मिल जाए तो किसी भी कार्य के दौरान होने वाली दुःख तकलीफो का अहसास खत्म हो जाता है। इस दौरान धान रोपाई के कार्य के साथ साथ उनके बीच भाजपा की विचारधारा व मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार भी किया। नेता को अपने बीच पाकर मजदूरों ने खुशी जाहिर की।

### जमीन व मकान बेचने के नाम पर ली 51 लाख रुपए और दूसरे के नाम पर कर दी रजिस्ट्री, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दांगवार गांव में जमीन और मकान बेचने के नाम पर 51 लाख रुपया लेकर दूसरे व्यक्ति के नाम पर रजिस्ट्री करा देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में दंगवार गांव निवासी विकास कुमार ने निरंजन मेहता, उसकी पत्नी निरावती देवी व उसके सगे संबंधियों समेत पांच लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि बीते 20 अप्रैल 2023 को निरंजन मेहता और उसकी पत्नी निरावती देवी और उनके सगे संबंधी हमारे घर पर आए और कहा कि खाता सांख्य 101 प्लॉट संख्या 2462.2464 कुल रकबा 48.5 डिसमिल जमीन और प्लॉट संख्या 2462 में बने मकान दोनों को बेचना है, आप इसे उचित मूल्य लगाकर इसे खरीद लें मुझे पैसे की सख्त जरूरत है, मैं रजिस्ट्री कर दूंगा। इसके बाद जमीन और मकान की कीमत एक करोड़ पांच लाख तय हुआ। मैं उनको बैंक के विभिन्न खातों आरटीजीएस और फोन पे के माध्यम से 51 लाख रुपया दिया गया। जब हम रजिस्ट्री के लिये बोले तो हमसे कहा गया कि होली बाद रजिस्ट्री कर देंगे। होली के बाद फिर कुछ दिनों का समय लिया गया। इसी बीच मुझे 9 जुलाई 2024 को मालूम हुआ की निरंजन मेहता और उसकी पत्नी अपने दामाद के भाई सनोज मेहता को 4.5 डिसमिल जमीन रजिस्ट्री कर दिया और शेष जमीन निरंजन मेहता भी सनोज मेहता के नाम कर दिया। जब मैं निरावत्ती देवी और उसके पति निरंजन मेहता से अपना पैसा मांगा तो कहा कि पैसा वापस कर देंगे। दूसरे दिन निरावती देवी, निरंजन मेहता और उनके सगे संबंधी घर पर आकर गाली गलौज करते हुए कहा कि पैसा वापस नहीं करेंगे, और मुझे जान मारने की धमकी देने लगे, इस घटना के बाद मेरा पूरा परिवार भयभीत है। उनलोगों ने एक साजिश के तहत जमीन के नाम पर धोखा देकर मेरे दिए गये नगद 51 लाख रुपए को हड़पना चाहते हैं। प्रभारी थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि केस पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

## वीर कुंवर चेगौना धाम की बड़ी महिमा है : पूर्व सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखंड के चेगौना स्थित एनएच 98 किनारे बाबा वीर कुंवर चेगौना धाम में श्रावणी मेला का धूम-धाम से उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद सह भाजपा नेता घूरन राम व मुख्य अतिथि लालबिहारी यादव उपस्थित थे। इस उपलक्ष्य में सावन माह का विशेष भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत भी की गई। इस मौके पर पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि वीर कुंवर चेगौना धाम का बड़ी महिमा है। उनकी महिमा से आज पिछले कई वर्षों से यहां का स्थानीय कमेटी बाबा धाम को जाने वाले श्रद्धालुओं को सेवा और उनके विश्राम का व्यवस्था कर बहुत ही पुनीत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू को प्रकृति ने भरपूर रूप से नवाजा है। चेगौना धाम में

**चेगौना धाम में श्रावणी मेला का धूम-धाम से उद्घाटन**

हरियाली और सुंदरता को देख लोगो के मन मोह लेते हैं। उन्होंने कहा कि जो विकास होना चाहिए वह आज तक इस धाम का नहीं हुआ। स्थानीय जनसेवकों के द्वारा इस क्षेत्र के विकास का कार्य जो करने चाहिए वह नहीं हुआ जो दुखद है। वहीं मुख्यातिथि लालबिहारी यादव ने कहा कि छतरपुर के चेगौना धाम आज राज्य व राज्य से बाहर के लोगो का आस्था का केंद्र है। हम सभी को इसके विकास के लिए मिलजुल कर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को चेगौना धाम के विकास को अपने एजेंडे में लाना होगा। मौके पर मुखिया पूरन यादव, शिवनंदन यादव, समाजसेवी लाल बिहारी यादव, सत्येंद्र यादव, कैलाश यादव, मुखिया पति सफीर आलम इत्यादि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनीमिया मुक्त भारत के तहत टॉक ट्रीट व हीमोग्लोबिन की हुई जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सिविल सर्जन पलामू के निर्देश पर सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल अंतर्गत बक्सी हाई स्कूल, बालिका प्लस टू विद्यालय, उच्च विद्यालय पोलडीह, प्लस टू विद्यालय संढा आदि में एनीमिया मुक्त भारत के तहत टेस्ट, टॉक एवं ट्रीट के साथ बच्चों का हीमोग्लोबिन की जांच की गई, तथा उनका इलाज किया गया। साथ ही एनिमिया से बचाव पर स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य कैंप में मुख्य रूप से डॉ. मंजूर आलम, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, डॉ. प्रसीद नारायण सिंह, सीएचओ कर्ण पटेल, सरोज कुमारी, दुर्वेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, प्रीती रानी, सुनम कुमारी, राधिका कुमारी गुप्ता, अर्चना मेहता, प्रियंका कुमारी, विनीता सिंह आदि मौजूद थे।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर मनरेगा कर्मचारी

# कोषांग में लटका ताला, कामकाज ठप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रखंड कार्यालय और क्षेत्र में कार्यरत सभी मनरेगाकर्मी तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के बाद स्थायीकरण की उनकी मांग के प्रति सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया को देखते हुए सोमवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिसमें मो. आबेदीन अंसारी बीपीओ, अविनाश कुमार एई, जगत प्रसाद मेहता लेखा सहायक, उपेंद्र पासवान कंप्यूटर सहायक, प्रभंजन कुमार,राहुल कुमार, जेई, ग्राम रोजगार सेवक नजमा खातून, अजीत पाठक, शमशाद अहमद, राजीव कुमार, जनेश्वर राम, संजय बैठा और नरेंद्र कुमार बैठा शामिल हैं। बताया गया कि इनके हड़ताल पर चले जाने से अबुआ आवास योजना में मजदूरी भुगतान के साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना, मेढ़बंधी, टीसीबी, बिरसा सिंचाई कूप योजना और वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान जैसी योजनाओं के काम प्रभावित हो गए हैं। जिनमें मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है। प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा कोषांग में ताला लटक गया है। उधर, इन कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए उप विकास आयुक्त ने मनरेगा अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बीडीओ को वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए कार्यों का निष्पादन सुचारू रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मगर अभी तक ऐसी किसी वैकल्पिक व्यवस्था का समाचार नहीं मिला है।

# शिवालयों में भीड़ श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सावन की पहली सोमवारी को हुसैनाबाद के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं व शिवभक्तों ने शिवालयों में जाकर भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक व जयकारे के साथ पूजा अर्चना की। शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा। वहीं श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान भोले की लिंग पर भांग, धतूरा, बिल्वपत्र अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर शहर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम, महावीर जी मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, पुरानी ठाकुरबाड़ी, प्रखंड के उपरिकला पंचायत के उपरिकला स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम व कुम्हार टोली शिव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। साथ ही श्रद्धालुओं ने बाजे गाजे के साथ कांवर व कलश यात्रा के साथ जुलूस निकाला। जो देवरी सोननदी से जलभर कर विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान पुजारी गोपाल पाठक ने बताया कि सावन मास पवित्र माह होता है। आध्यात्मिक मायने में यह पवित्र माह बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिसमे भगवान की साधना का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस मानव में भगवान शंकर की पूजा पाठ करना काफी फलदायी होता है। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

**इधर,** पाटन के नावा जयपुर में सावन के प्रथम सोमवारी को लेकर शिवालय में उमड़ी भीड़। नावा जयपुर के रोल गांव में सावन के प्रथम सोमवारी को लेकर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा भी निकाली गईं। श्रधालू की जयकारा हर-हर महादेव से गूंजा पूरा क्षेत्र इस अवसर पर नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने अपने दल बल के साथ हर गांव के शिवालयों पर विशेष निगरानी रखी। नावाजयपुर की पुलिस ने शिवालय पर घूम-घूम कर विशेष सुरक्षा का ख्याल रखा। जगह-जगह पर सुरक्षा कर्मी व्यापक मात्रा में उपलब्ध थे।

**उंटारी रोड** प्रखंड के विभिन्न शिवालयों पर सोमवार को सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भीड़ उमड़ने लगी। प्राचीन शिव सम्पत धाम से गाजे बाजे के साथ निकली कलश शोभा यात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालु स्थानीय कोयल नदी संगम तट पर पहुंचे जहां से जल भर कर हर महादेव व बोल बाम के जयघोष के साथ पुन मंदिर परिसर पहुंचकर सभी ने बारी-बारी से भगवान भोलेनाथ पर जल अर्पित किया। उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने भी शिव संपत धाम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के उपरांत भगवान भोलेनाथ पर जल अर्पित किया।

**पांकी प्रखंड में** सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक को लेकर प्रखंड के सभी शिवालियों में श्रद्धालुओं की भीड़ सोमवार की सुबह से ही उमड़ पड़ी। प्रखंड के लोहरसी रोड स्थित राहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर में सुबह 5:00 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ भगवान भोलेनाथ के दर्शन हेतु भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने कतार बद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं प्रखंड के पांकी बस्ती प्राचीन शिव मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, ब्लॉक रोड मंदिर एवं गौरी दह स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की पूरे दिन लंबी कतार लगी रही, प्रखंड की प्रमुख सोनरे नदी से भी श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरकर बोल बम एवं ओम नमः शिवाय के नारे लगाते हुए शिवालियों में आकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। प्रखंड के राहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर में मंदिर कमेटी के लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना कर प्रखंड क्षेत्र में सुख शांति एवं खुशहाली की कामना की साथ ही महाप्रसाद का भी वितरण किया। इस दौरान मौके पर राहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर के अध्यक्ष पारसनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष अजीत गुप्ता उर्फ मिट्ठू, सुभाष चंद्र सिंह समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 08

श्रवण कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 23 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-275, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com





पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी...


संसेक्स 80,502.08 -102.57

डॉलर 83.667 -0.063

पलामू सर्राफा

10 ग्राम 72,880

01 किलो 89,160

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**पहली सोमवारी : भोलेनाथ के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब**

## हर-हर महादेव के जयकारे से माहौल गुंजायमान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बाबा नगरी बैद्यनाथधाम में सावन के पहले दिन ही सोमवार को कांवड़ियों की भीड़ रही। सावन की पहली सोमवारी को लगभग सावा लाख से अधिक कांवरियों ने जलार्पण किया। भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा माहौल गुंजायमान रहा। शिवालयों और मंदिरों में भक्तों भारी भीड़ उमड़ी। सुबह तीन बजे मंदिर का पट खुला और समय के साथ कांवड़ियों की कतार भी बढ़ती चली गई। वहीं राजधानी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में भी सुबह से भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। सुबह तीन बजे सरकारी पूजा के बाद मंदिर का पट आम लोगों के लिए खोल दिया गया। दिनभर भारी संख्या में श्रद्धालु भोले बाबा का जलाभिषेक करने मंदिर आते रहे। शिवभक्तों की गूंज से इलाका बोल बम से गुंजायमान रहा। सभी कांवड़ियां कतारबद्ध हो कर बाबा का जयघोष करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे थे। वहीं राजधानी सहित पूरे राज्य के प्रमुख शिव मंदिरों में यही दृश्य देखने को मिला।

**मेदिनीनगर निगम को देश स्तर पर दूसरा स्थान**

## आवार्ड लेकर लौटे नगर आयुक्त का निगम परिवार ने किया स्वागत





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत मेदिनीनगर नगर निगम को बेहतर कार्य के लिए मिला पुरस्कार। स्ट्रीट वेंडरों को सशक्तिकरण, उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर निगम को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट की ओर बढ़ते कदम के लिए मेदिनीनगर नगर निगम को दिल्ली में 18 जुलाई को अवार्ड मिला है। पूरे भारत में मेदिनीनगर नगर निगम को दूसरा स्थान मिला है। केंद्रीय नगर विकास व शहरी अवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को दिल्ली में आयोजित एक सादे समारोह में शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इस खुशी में सोमवार को नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने निगम कार्यालय में स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शेष पृष्ठ 11 पर

# गांव की झोपड़ी तक रोशनी पहुंचाना लक्ष्य : हेमंत सोरेन

- फिर से शुरू किया जाएगा आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम
- बहुत जल्द पुलिस बहाली के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा




**साहेबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को साहेबगंज के बरहेट प्रखंड में 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन (बरहेट) एवं 132 केवी (पाकुड़-राजमहल) द्विपथ लिलो संचरण लाइन का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीणों के घरों को रोशन करना है। शहर का मकान हो या फिर गांव की झोपड़ी अब सभी घर रोशन रहें यही हमारा उद्देश्य है। हर घर बिजली की उपलब्धता उनकी सरकार की प्राथमिकता है। कहा, लंबे समय से बरहेट व आसपास क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण बिजली की समस्या का दंश झेल रहे थे आज उसका निदान सरकार कर रही है। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि फिर से आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। बहुत जल्द पुलिस बहाली के लिए दौड़ का आयोजन होगा। इसकी तैयारी हो गई है। सिपाही भर्ती के लाखों आवेदन प्राप्त हुए हैं उसकी भी बहाली शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत तेजी से अड़चनों को दूर कर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। नियुक्ति देने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

### बरहेट बिजली सब-स्टेशन ग्रिड

**योजना का नाम :** 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, बरहेट एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाइन।
**ग्रिड की क्षमता :** 100 एमवीआई।
**परियोजना राशि :** 70.64 करोड़ रुपये।
**लाभान्वित क्षेत्र :** सीतापहाड़, पतना, बरहरवा एवं बरहेट।
**लाइन की लम्बाई :** 27.414 किलोमीटर।

### 200 यूनिट बिजली निशुल्क दे रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिर्फ बिजली ग्रिड का उद्घाटन ही नहीं हुआ है, बल्कि राज्य के गरीब, गुरबा, गांव-देहात के लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन्हें सरकार 200 यूनिट बिजली भी मुफ्त उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई जगह से यह शिकायत आती शेष पृष्ठ 11 पर

### 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को मिलेगी सम्मान राशि : मुख्यमंत्री

**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। इसके लिए लाभुकों का आवेदन लेने के लिए बहुत जल्द पूरे राज्य में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को साहिबगंज जिले के राजमहल में आयोजित योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इस दिशा में हमारी सरकार ने कई आयाम जोड़े हैं तो कई नए आयाम जोड़ने का काम हो रहा है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जन-जन शेष पृष्ठ 11 पर

## सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन खत्म

- सरकार की ओर से गठित छह सदस्यीय समिति से वार्ता के बाद पांच बिंदुओं पर बनी सहमति
- दो जुलाई से आंदोलन पर थे, 19 जुलाई को यीएम आवास घेराव करने पर हुआ था लाठीचार्ज

**रांची।** आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों ने सोमवार को अपने आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा कर दी है। सरकार की ओर गठित समिति की ओर से हुई बैठक में पांच बिंदुओं पर सहमति बनी। इसके बाद आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा सहायक पुलिसकर्मियों ने की। इससे पहले सर्किट हाऊस में सरकार की ओर गठित समिति में छह विधायक मथुरा प्रसाद महतो, नमन विक्सल कोंगाड़ी, राजेश कच्छप, सुदिव्य कुमार सोनू, विनोद सिंह और सुखराम उरांव शामिल थे। सभी छी विधायकों ने सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनकी मांगों को सुना। सहायक पुलिसकर्मियों की मांगों में समायोजन, मानदेय बढ़ोत्तरी, संविदा अवधि का विस्तार, मातृत्व अवकाश सहित अन्य मांग शामिल थे। वहीं सहायक पुलिस कर्मियों की ओर से वार्ता में अविनाश कुमार द्विवेदी, विवेकानंद गुप्ता, बसंत कुमार, शुभम कुमार रविंद्र साहू, पप्पू कुमार बैठा, प्रवीण कुमार, उज्जवल कुमार सहित अन्य शामिल थे। उल्लेखनीय है कि रांची के मोरहाबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मी बीते दो जुलाई से लगातार आंदोलन पर थे। सहायक पुलिसकर्मी 19 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। इस दौरान उनपर झारखंड पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था।

**इन मांगों पर बनी सहमति : समायोजनः** वनरक्षी, उत्पाद सिपाही और होमगार्ड के रिक्त पदों के विरुद्ध 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान करने तथा जिला बल के अधीन आरक्षी के रिक्त पदों के विरूद्ध की अधिमान्यता जो नियमावली के तहत मान्य है, पर समायोजन करने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में जो विज्ञापन निकल चुके हैं उसे छोड़कर भविष्य में निकलने वाले विज्ञापन पर लागू होगा।

**मानदेय बढोत्तरी :** समिति की ओर से सरकार को इनके की अनुशंसा का निर्णय लिया गया है साथ ही समिति के जरिये यह भी निर्णय लिया गया कि आरक्षी पुलिसकर्मी को सलाना अनुमान्य वर्दी भत्ता के समतुल्य राशि की स्वीकृति देने पर सरकार से अनुशंसा की गई।

**संविदा अवधि का विस्तारण :** सहायक पुलिस कर्मियों के वर्तमान में समाप्त हो रहे संविदा अवधि की

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 जुलाई को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 24 जुलाई को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया है। कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होगी। कैबिनेट की बैठक में आगामी मानसून सत्र की मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा झारखंड राज्य के गिग वर्कर के लिए विधेयक लाने की स्वीकृति दी जाएगी, जिसे विधानसभा से पारित कराया जाएगा। ऐसे वर्करों को कई तरह की सामाजिक सुरक्षा भी दी जाएगी। कैबिनेट में इसके अलावा प्रथम अनुपूरक बजट सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

### डायन बिसाही को लेकर मारपीट

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के करिवाडीह गांव में डायन बिसाही के आरोप में टांगी और लाठी से मारपीट में एक पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक शैलेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दो लोगों को गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार करिवाडीह निवासी दीपू राम, कमलेश राम, और जागरेस राम, सभी पिता स्व. अमर नाथ राम, ने गांव के ही बैजनाथ राम की वृद्ध पत्नी कलावती देवी को गाली-गलौज करते हुए डायन का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि कलावती देवी के कारण उनके घर के सदस्य की मौत हुई है परिजन बीमार पड़ रहे हैं। इसी मामले को लेकर अक्रोशित लोगों ने टांगी और लाठी से लैस होकर कलावती देवी पर हमला किया।

### आज | कल




## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर नेमप्लेट लगाने के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी दुकानों पर नेमप्लेट लगाने का आदेश जारी किया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रोक लगा दी। कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी भोजनालयों और ढाबों पर मालिकों और कर्मचारियों के नाम लिखने का आदेश दिया गया था। भक्त और श्रद्धालु कांवड़ लेकर भोले शंकर को जल चढ़ाने के लिए कई किलोमीटर की यात्रा करते हैं। उसी यात्रा के दौरान कई दुकानों और ढाबों से वो खाने का सामान व अन्य चीजें खरीदते हैं। यूपी सरकार ने सबसे पहले आदेश जारी कर इन दुकानों पर मालिकों का नाम लिखने का आदेश जारी किया था ताकि श्रद्धालु अपनी पसंद की दुकान से सामान खरीद सकें। उसके बाद ऐसा ही आदेश उत्तराखंड सरकार ने भी जारी किया। इस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नोटिस जारी करते हुए जस्टिस ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि श्रद्धालुओं को मानक स्वच्छता बनाए रखते हुए उनकी पसंद का भोजन परोसा जा सकता है। राज्य सरकार के निदेर्शों के अनुसार, राज्य भर में सभी खाद्य दुकानों, भोजनालयों और फूड जॉइंट्स को मालिकों/प्रोपराइटरों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने वाली नेमप्लेट लगानी होगी। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा करने वाले हिंदू श्रद्धालुओं की आस्था की पवित्रता बनाए रखने के लिए आदेश जारी करने की बात कही गई थी।

# आर्थिक सर्वे 2023-24 : मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में, बेरोजगारी दर में गिरावट, विकास में तेजी

**- गैर-कृषि क्षेत्र में करीब 78.51 लाख रोजगार वार्षिक तौर पर पैदा करने की आवश्यकता**



**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत सर्वेक्षण में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक प्रदर्शन का विस्तार से विश्लेषण दिया गया है। इसमें कहा गया है कि अर्थव्यवस्था का विस्तार जारी है। वित्त वर्ष 2024 में वास्तविक रूप से जीडीपी 8.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 से 7 फीसद तक बताया गया है। 2024-25 में राजकोषीय घाटा 0.7 प्रतिशत कम होकर 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। कहा गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। भारत की अनुमानित वर्कफोर्स 56.5 करोड़ है। इसमें 45 प्रतिशत लोग कृषि, 11.4 प्रतिशत लोग मैन्युफैक्चरिंग, 28.9 प्रतिशत लोग सर्विसेज और 13 प्रतिशत लोग निर्माण क्षेत्र में रोजगार कर रहे हैं। सर्वे में अनुमान जताया गया है कि बढ़ते हुए कार्यबल को रोजगार देने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को गैर-कृषि क्षेत्र में करीब 78.51 लाख रोजगार वार्षिक तौर पर पैदा करने की आवश्यकता है। सर्वे में कहा गया है, जून में एक नई सरकार ने पदभार संभाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग को मिला अभूतपूर्व तीसरा लोकप्रिय जनादेश राजनीतिक और नीतिगत निरंतरता का संकेत देता है। सर्वे में कहा गया है, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने में मजबूती दिखा रही है। मुख्य मुद्रास्फीति दर काफी हद तक नियंत्रण में है। हालांकि कुछ खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दर बढ़ी हुई है। वित्त वर्ष 2024 में शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

## आकाशवाणी नाम की सार्थकता से ब्रेकिंग न्यूज तक का सफर और चुनौतियां /राष्ट्रीय प्रसारण दिवस



सुनील बादल

आज 23 जुलाई को राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के दिन आज फिर पिछले लगभग 100 वर्षों की प्रसारण यात्रा पर प्रसारकों और श्रोताओं/दर्शकों के बीच चर्चा हो रही है कि कभी ईश्वर की वाणी यानी आकाशवाणी से लेकर आज की ब्रेकिंग न्यूज संस्कृति में हम कहां से कहां पहुंच गए हैं। इस दिन वर्ष 1927 में इंडियन प्रसारण कंपनी ने बंबई स्टेशन से रेडियो प्रसारण शुरू किया था।पहला कार्यक्रम 1923 में मुंबई के रेडियो क्लसब द्वारा प्रसारित किया गया था। इसके बाद 1927 में मुंबई और कोलकाता में निजी स्वाशमित्व वाले दो ट्रांसमीटरों से प्रसारण सेवा की शुरूआत हुई। सन 1930 में तत्कालीन सरकार ने इन ट्रांसमीटरों को अपने नियंत्रण में ले लिया और 'भारतीय प्रसारण सेवा' के नाम से उन्हें परिचालित करना शुरू कर दिया। 1936 में इसका नाम बदलकर 'ऑल इंडिया रेडियो' कर दिया और 1957 में आकाशवाणी के नाम से पुकारा जाने लगा।आज 591 केन्द्रों से 23 भाषाओं और 179 लोकभाषाओं में लगभग सभी प्रमुख केंद्र न्यूजऑनएआइआर मोबाइल एप पर उपलब्ध हैं जिन्हें मोबाइल या कंप्यूटर पर पूरे विश्व में कहीं भी सुना जा सकता है। पारंपरिक प्रसारण से 90% से अधिक भारतीय क्षेत्रफल और लगभग 98% जनसंख्या को आच्छादित किया गया है। इस बड़े नेटवर्क और अत्याधुनिक प्रसारण उपकरणों से सजी आकाशवाणी आज विभिन्न कारणों से अप्रासंगिक हो रही है जबकि पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से इसमें नई जान फूंकी थी । इसका बड़ा कारण है बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के मूलमंत्र पर काम करने वाली आकाशवाणी का अव्यावसायिक रवैया जिसमें व्यवसाय के बजाय जनकल्याण को प्राथमिकता दी जाती है जबकि दूसरी ओर समय के हिसाब से कामकाज में लचीलापन भी नहीं आया और अभी भी सरकारी ठस्सेपन का बना होना जिससे विज्ञापन के रूप में बड़ा नुकसान इस सबसे बड़े प्रसारण तंत्र को हो रहा है। लंबे समय से आकाशवाणी के कार्यक्रमों से जुड़े लोगों श्रोताओं का कहना है कि आप देश के किसी हिस्से में आंख मूंदकर भी प्रसारण की गुणवत्ता से अंदाजा लगा सकते हैं कि कौन सा निजी एफएम का स्टीरियोफोनिक प्रसारण है और कौन सा सरकारी एफएम! जबकि आकाशवाणी के पास अधिक महंगे और आधुनिक ट्रांसमीटर या उच्च वेतनमान वाले कुशल अभियंता हैं पर रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता जबकि इसके विपरीत निजी एफएम सीमित साधनों और बिना तकनीकी विशेषज्ञों के आकाशवाणी के ही परिसर में लगे अपने ट्रांसमीटरों से बेहतरीन गुणवत्ता देते हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण मॉनिटरिंग तंत्र का अभाव है जिसमें निजी एफएम बहुत कड़ाई रखते हैं। कभी पं नरेंद्र शर्मा, सुमित्रानंदन पंत,राधाकृष्ण, हरिवंश राय बच्चन जैसे अनेकों नाम हैं जिन्होंने आकाशवाणी को समृद्ध किया उनके बाद की पीढ़ी में भी अनेक चर्चित साहित्य संस्कृतिकर्मी या तो इससे जुड़े या अपनी सेवाएं दीं । आज के ब्रेकिंग न्यूज के जमाने में जब टीआरपी की गलाकाट स्पर्द्धा के दौर में टीवी चैनल अपनी विश्वसनीयता की लड़ाई भी लड़ रहे हैं आकाशवाणी भारत का सबसे विश्वसनीय ब्रांड बनकर यह साबित कर रहा है कि वह आज भी अपनी नीतियों से समझौता नहीं करता और अभी भी अपनी कमियों को दूर कर ले तो उसका मुकाबला कोई नहीं कर सकता । सबसे पहले आकाशवाणी को अधिकारी या तकनीकी अधिकारी केंद्रित संस्था की पहचान से ऊपर उठना चाहिए। इसके लिए पूर्व की तरह साहित्य,संस्कृति और पत्रकारिता से जुड़े ऐसे समर्पित लोगों को बहाल करना चाहिए जो सिर्फ नौकरी करने नहीं बल्कि इस महान संस्था को ऊंचाइयों तक ले जाने का माद्दा रखते हों। खाली पड़े हजारों उद्घोषकों के पदों को भरकर बीबीसी की तरह प्रोड्यूसर की शक्ति देनी चाहिए अन्यथा धीरे धीरे अपनी अशुद्धियों और बेतरतीब पुरातनपंथी कार्यक्रमों से यह ऐतिहासिक संस्था अपनी वह पहचान खो देगी जिसकी मधुर स्मृतियाँ आज भी लोगों के मानस पटल पर अंकित हैं।




## लोकसभा में 20 घंटे से ज्यादा हो सकती है बजट पर चर्चा, स्पीकर बिरला ने दी नसीहत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को संसद में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश करेंगी। लोकसभा में बजट पर बुधवार से चर्चा शुरू होगी। लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में बजट पर चर्चा के लिए समय आवंटित कर दिया गया है। बजट पर चर्चा के लिए लोकसभा में 20 घंटे का समय रखा गया है। हालांकि, वक्ताओं की संख्या और राजनीतिक दलों के आग्रह को देखते हुए इस आवंटित समय में बढ़ोतरी की भी संभावना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में बजट पर हुई चर्चा का जवाब सदन में 30 जुलाई को दे सकती हैं। रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य, एमएसएमई और फूड प्रोसेसिंग जैसे बड़े मंत्रालयों की डिमांड और ग्रांट पर चर्चा के लिए 5-5 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, बीएसी की बैठक में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी दलों के नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि सदन में विरोध तो कर सकते हैं, लेकिन, तख्तियां लहराने को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। सदन के अंदर तख्तियां लहराने वाले सांसदों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही स्पीकर ओम बिरला ने बीएसी की बैठक में यह आश्वासन भी दिया कि नेताओं को सदन में अपनी बात रखने और मुद्दे उठाने का पूरा मौका दिया जाएगा। लेकिन, सांसदों को भी सदन का माहौल बिगाड़ने से बचना चाहिए।

## एक नजर

### स्थायीकरण की मांग को लेकर मनरेगाकर्मियों की बेमियादी हड़ताल शुरू

**मेदिनीनगर।** स्थायीकरण की मांग को लेकर सोमवार से पलामू जिले के मनरेगाकर्मियों की बेमियादी हड़ताल शुरू हो गई। हड़ताल से मनरेगा के कार्यों पर व्यापक असर पड़ा है। इससे पहले मनरेगाकर्मियों ने तीन दिन सांकेतिक रूप से सत्याग्रह किया था। कर्मियों का कहना था कि उनकी एक सूत्री मांग है। वह करीब 20 वर्ष से कार्य कर रहे हैं। उनकी सेवा स्थाई की जाए। बावजूद सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। हेमंत सरकार ने उनकी स्थाईकरण की मांग को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया गया था, लेकिन सरकार बनने के चार साल से अधिक समय भी जाने के बाद भी इसे पूरा नहीं किया गया है।

### संत मरियम स्कूल के 5 खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

# रोशन को मिला बेस्ट झारखंड फाइटर अवॉर्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धनबाद के सरस्वती शिशु विद्य मंदिर में 20, 21 जुलाई को आयोजित राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता संत मरियम स्कूल के रोशन कुमार ने धनबाद और बोकारो जिला के खिलाड़ियों को हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। रोशन ने बेस्ट फाइटर अवॉर्ड के लिए भी फाइट किया। जिसमें उसने रामगढ़, चाईबासा की टीम को हरा कर बेस्ट फाइटर अवॉर्ड जीता। शनि कुमार, अभिषेक कुमार टीम फैरी शोती खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। आर्यन पांडेय, अतुल सिंह अंडर 11 में टीम फैरी शोती खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। जीत के बाद विद्यालय में खिलाड़ियों के पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन ने खिलाडियों का स्वागत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि गतका भारत का स्वदेशी खेल है। किस खेल में बच्चे बेहतर प्रदर्शन करके खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना रहे हैं। इन खिलाड़ियों को संत मरियम स्कूल परिवार की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं। खिलाड़ी निरंतर इसी प्रकार आगे बढ़ते रहें। मौके पर स्कूल के शारीरिक शिक्षक सह पलामू गतका संघ के सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्र स्तरीय गतका प्रतियोगिता के लिए किया गया हैं। यह प्रतियोगिता 21 अगस्त से 27 अगस्त तक पंजाब में आयोजित है।

शनि कुमार, अभिषेक कुमार टीम फैरी शोती खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता।

**चाईबासा की टीम को हरा कर बेस्ट फाइटर अवॉर्ड जीता।**



### आरएसएस का गुरु पूर्णिमा का उत्सव कार्यक्रम

# हिंदू राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करना उद्देश्य : अनिल ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने श्रद्धा, समर्पण का विशेष पर्व गुरु पूर्णिमा राजा भाऊ स्मारक समिति के प्रशाल में मनायी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छह प्रमुख उत्सवों में से एक गुरु पूर्णिमा का उत्सव सभी स्वयंसेवक उत्साह के साथ मनाते हैं। सामूहिक गीत,अमृत वचन और एकल गीत के पश्चात क्षेत्र के संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर ने बौद्धिक देते हुए कहा कि संघ ने अपने शताब्दी वर्ष को देखते हुए 2024 तक देश के सभी मंडल व बस्ती तक शाखा शुरू करने की योजना है। इसलिए इस बार पूजन एवं समर्पण का विशेष महत्व है। हमें हिंदू राष्ट्र स्थापित नहीं करना है। हिंदू राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करना है। हिंदू अभी सुप्त अवस्था में है। उसे जागृत करना है। हिंदुत्व कोई पूजा पद्धति नहीं है। हिंदुत्व कोई संकीर्ण विचार नहीं है जो लोग ऐसा समझते हैं उनकी बुद्धि पर कोई ना कोई पर्दा पड़ा है। उन्होंने संस्मरण सुनाते हुए कहा की उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश मैथ्यू ने संघ को देखकर कहा था कि मुझे विश्वास है कि जब कभी विपत्ति आएगी तो भारत की संसद व भारतीय सेना किसी कारण असफल होती है तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। आज जाति वर्ग के नाम पर हिंदू समाज के अंतर्गत संघर्ष खड़ा करने का प्रयास कुर्सी के प्यासे राजनीतिक दल कर रहे है। इस विभेदकारी शक्तियों को निरस्त करने के लिए और हिंदू एकता की रक्षा के लिए समाज व्यापी समरसता का प्रभाव उत्पन्न करना राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का कर्तव्य है। हिंदू समाज ही देश में हिंदू हितों और मूल्यों का चिंतन करने वालों को सत्ता में लायेगा। सत्ता प्राप्ति से समाज का परिवर्तन नहीं होगा। हमें पर्यावरण,कुटुंब प्रबोधन, जलवायु असंतुलन, कौशल विकास, ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों पर भी काम करना होगा। संघ ने भगवा ध्वज को अपना गुरु माना है और उसके तेज से हम भारत को विश्व गुरु बनाने की और अग्रसर हैं। कार्यक्रम में सह जिला संघ चालक श्याम किशोर सिंह,नगर संघ चालक मनीष बरणवाल, विभाग प्रचारक व्यापक , विभाग कार्यवाह सत्येंद्र, नगर कार्यवाह डॉ. प्रेमचंद, पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता,भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह,धर्मेंद्र उपाध्याय, सुरेंद्र विश्वकर्मा,उप महापौर मंगल सिंह के अलावा नगर के स्वयंसेवक,व्यवसायी गुरु पूजन किया।



**संघ ने अपने शताब्दी वर्ष को देखते हुए 2024 तक देश के सभी मंडल व बस्ती तक शाखा शुरू करने की योजना है**

### सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# हर हर महादेव के जयकारे से गूंजा शिवालय

- पूरे दिन भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक का दौर चलता रहा
- हाथ मे पूजा सामग्री और हर हर महादेव के जयकारे के साथ भक्त भगवान के द्वार शरणागत दिख

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को मेदिनीनगर महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर के सभी शिव मंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। लोगों की भीड़ को देखते हुए शिव मंदिरों के आसपास पुलिस के जवान तैनात रहे। साथ ही महादेव को समर्पित भक्ति गानों से माहौल भक्तिमय हो गया। शिवाला रोड स्थित महादेव मन्दिर में सोमवार की सुबह चार बजे से ही शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह छह बजे तक शहर के सुदना, शिव मंदिर में महिला व पुरुषों की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान पूजा को पहुंचे महिला व पुरुष हर-हर महादेव, जय भोले शंकर का जयकारा लगाते रहे। पुलिस लाइन रोड स्थित शिव मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए लोगों का तांता लगा रहा। रेड़मा चौक स्थित कामनापूर्ति महादेव मंदिर हर-हर महादेव की जयकारे से गूंज उठा। बारालोटा स्थित प्राचीन शिव मंदिर तथा पहाड़ी शिव मंदिर में भी लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। सावन के अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना को तड़के से ही लोगों की भारी भीड़ लगी रही। पूरे दिन भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक का दौर चलता रहा। भक्त बेलपत्र, फूल, भांग, धतुरा तथा मिष्ठान लेकर बाबा के मंदिर में आते दिखे। हाथ मे पूजा सामग्री और हर हर महादेव के जयकारे के साथ भक्त भगवान के द्वार शरणागत दिखे। विभिन्न शिवालयों के मुख्य पुजारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से बाबा का जलाभिषेक और पूजा आरती का दौर शुरू हुआ। जो पूरे दिन जारी रहा। इस दौरान भगवान शिव के जयकारे से माहौल भक्तिमय बना रहा। सभी शिवालयों में शिवलिंग को विशेष रूप से सजाया गया था जिसकी शोभा देखते बनती थी।



### सावन की पहली सोमवारी को कावंरियों का जत्था रवाना

पलामू जिला के नीलांबर पीतांबरपुर कुराईन पतरा स्थित सोंस गुफा शिव धाम से सावन की पहली सोमवारी को मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह किसी कारण से उपस्थिति नही होने के कारण विशिष्ट अतिथि नीलांबर पीतांबरपुर पूर्वी जिला पार्षद आशा देवी को फुल माला के साथ स्वागत किया गया। आशा देवी द्वारा शिव धाम कैलाश गुफा में पूजा अर्चना व फीता काट कर कांवरियों का जत्था 17 किलोमीटर त्रिवेणी संगम के लिए रवाना किया गया। कैलाश गुफा पूजा समिति, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल नीलांबर पीतांबरपुर समिति द्वारा पूरे रास्ते में सभी कावरियों को सेवा व सुरक्षा देने का काम लिया गया।

### कैलाश गुफा के प्राचीन मान्यता है

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है 21 वर्ष से सावन के पहली सोमवारी के दीन ही कावरियों द्वारा हर वर्ष की तरह 17 किमी त्रिवेणी संगम जा कर जल उठा कर पुनः सौंस कैलाश गुफा शिव धाम भोले नाथ पर बड़ी ही श्रद्धा से कावरियों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। वहां जो श्रद्धालू सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं। उनका मन्नत बाबा भोलेनाथ पूर्ण करते है। कैलाश गुफा पूजा समिति अध्यक्ष मोदी उर्फ प्रमोद राम, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव हरिओम प्रजापति, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र भुइंया, उप कोषाध्यक्ष मृत्युंजय चंद्रवंशी, उपसचिव संजय राम,कार्यकारणी सदस्य प्रवेश प्रजापति, अरुण कुमार, संतोष भुइया, शैलेश मेहता, श्रवण मेहता, बिरेन मेहता, रंजित सिंह सूरज साव की सहभागिता रही।

## न्यूज बॉक्स

### सावन में भगवान शिव की महिमा अपरंपार : आलोक

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के रबदा पंचायत में मुखिया पति साधु चौधरी की अध्यक्षता में सावन महीने की प्रथम सोमवारी के अवसर पर कलश यात्रा और जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुदरा नाथ बाबा पर आयोजित धार्मिक आयोजन में कलश यात्रा, बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक, भव्य मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल था। कार्यक्रम का उद्घाटन डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने किया। विशेष अतिथि के रूप में जिला पार्षद प्रमोद सिंह, प्रमुख गायत्री देवी, महर्षि वेद व्यास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलाल चौधरी, भाजपा पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, मनोज चौधरी, रबदा मुखिया पार्वती देवी, खूरा मुखिया निर्मला देवी और पंचायत समिति मीना कुमारी ने सामूहिक रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि सावन का महीना भगवान भोलेनाथ का प्रिय महीना है। इस महीने में शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व होता है, क्योंकि यह समय भगवान शिव की उपासना और उनके प्रति अपनी भक्ति प्रकट करने का होता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। सावन के इस पवित्र महीने में जलाभिषेक करना और शिवलिंग पर जल चढ़ाना अत्यंत पुण्य का कार्य माना जाता है। इससे न केवल भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है, बल्कि जीवन में सुख-शांति और समृद्धि भी आती है। कार्यक्रम का संचालन सुधीर चौधरी ने किया। आयोजन में स्थानीय निवासियों के साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए और बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। मेला में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। मौके पर उपस्थित लोगों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की उम्मीद जताई।

### पूर्व सैनिक परिषद कारगिल विजय दिवस मनाएंगें : दामोदर मिश्र

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यालय में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रमों की योजना बनाने व अभी तक की तैयारियों के समीक्षा की गई। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की शुरूआत सुबह नौ बजे शहीद चौक (पूर्व कचहरी चौक) पर संगठन द्वारा रिथ लेइंग व माल्यार्पण कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए नगर के सभी राष्ट्र भक्तों को आमंत्रित किया गया है। पूर्वाह्न 11 बजे से दीनदयाल उपाध्याय स्मृति हॉल में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में शहीदों के वीर नारियों व युद्ध के दौरान घायल सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के प्रशासनिक, व पुलिस अधिकारियों, राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है। सम्मान समारोह के दौरान संत मरियम अकादमी के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद जिला के वीर सैनिक शिवजी सिंह जो चलने में असमर्थ है, उनके घर जा कर संगठन सम्मानित करेगा। कार्यक्रम की समाप्ति पोलपोल स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि के साथ किया जायेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, महासचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दया शंकर शर्मा, सचिव सुनील कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, अरुण कुमार सिंह, संजय कुमार, राजन सिंह, महावीर प्रसाद पाल, राजन सिंह, मुक्तेश्वर कुमार, रफीक अंसारी मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र, संचालन महासचिव दिनेश गुप्ता ने किया।

# कचरवा डैम पर अस्तित्व का संकट गहराया

### वर्षा नहीं होने से डैम में पानी की कमी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लगभग 84 एकड़ में फैला मेदिनीनगर शहर अंतर्गत कचरवा डैम अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। डैम में पानी का स्तर इतना नीचे जा चुका है कि नीचे का तल साफ-साफ दिखाई दे रहा है। पहले की स्थिति ऐसी थी कि जहां तक नजर जाती वहां तक पानी ही पानी नजर आता था। परंतु प्रतिदिन होते अतिक्रमण व वर्षा जल के अभाव में डैम दिन-ब-दिन सिकुड़ता जा रहा है। बताते चलें कि पूर्व में अच्छी बारिश के दौरान कचरवा डैम का पानी आसपास के बने घरों तक भी घुस जाता था। आए दोनों कई छात्रों की डूब कर मृत्यु हो जाती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि विगत 30-40 वर्षों में हमने कभी कचरवा डैम के इतने सिकुड़ हुए रूप को नहीं देखा। हमेशा अपनी लबालब रहता था। 3 वर्षों से लगातार वर्षा नहीं होने के कारण पानी के स्तर में भारी गिरावट आई है। पहले कुछ मछुआरे अपना नाव चला कर मछली पकड़ करते थे, लेकिन अब तो नाव चलने जितना पानी भी डैम में नहीं बचा। हालांकि पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने डैम के सुंदरीकरण का प्रस्ताव नगर निगम में रखा था, लेकिन अब जाकर अटल मिशन के तहत 9.5 करोड़ की राशि से डैम का रिनोवेशन करने की योजना पर काम शुरू हुआ है। इस योजना के तहत डैम को पिकनिक रिसोर्ट की तर्ज पर विकसित करने की कोशिश की जा रही है। किसी भी जल स्रोत की खूबसूरती उसके अंदर समाहित जल से ही होती है। इसे प्रकृति की मार कहें या अतिक्रमण का प्रभाव। कचरवा डैम में अब पानी कम होने से अब यह जगह लोगों को आकर्षित करने में पूर्व की तरह कामयाब नहीं हो पाएगा। बता दें कि कचरवा डैम से सटे बारालोटा इलाके के हजारों छठव्रती इसी डैम में छठ पूजा करते हैं। अगर इस वर्ष भी बारिश नहीं हुई तो कचरवा डैम में पानी पूरी तरह से सूख जाने की संभावना है।



# बीमार कैदी की एमएमसीएच में मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सेंट्रल जेल में हत्या के मामले में आजीवन कारावास काट रहे कैदी की इलाज के दौरान सामवार को मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व ही उक्त कैदी को गढ़वा से पलामू केंद्रीय कारागार शिफ्ट किया गया था। उसे कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब थी। जिस कारण उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा था। अचानक तबियत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कैदी का नाम रामदेव कोरवा है। वह गढ़वा जिले के रंका प्रखंड का रहने वाला था। रामदेव की मृत्यु के बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई तथा मेदिनीनगर शहर थाने में इस बाबत अप्राकृतिक मौत से संबंधित केस दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया। साथ ही दंडाधिकारी के देख रेख में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस संदर्भ में जानकारी लेने पर जेल अधीक्षक भागीरथ कर्जी ने बताया कि रामदेव दो ढाई महीने से मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के कारागृह वार्ड में इलाजरत था। ज्यादा उम्र व कमजोरी के कारण उसकी मृत्यु होने की संभावना है। बाकी मेडिकल रिपोर्ट्स आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है।



### बालू माफियाओं के खिलाफ जिला प्रशासन शख्त

# अवैध बालू की खनन, भंडारण, परिवहन में संलिप्तता माफियाओं पर होगी जिला बदर की कार्रवाई : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बालू के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन शख्त कदम उठाने जा रही है। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा की जिले में किसी भी तरह बालू का अवैध धंधा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में किसी के खिलाफ बालू खनन, भंडारन या परिवहन में संलिप्तता की जानकारी होगी तो उसके खिलाफ जिला प्रशासन सीसीए लगाएगी। वहीं उपायुक्त ने कहा की जिले के सभी अंचला अधिकारी, एसडीओ और थाना प्रभारी को शख्त निर्देश दिया है कि जिले में कहीं भी अगर बालू खनन या परिवहन,भंडारण होती है तो जिला प्रशासन शख्त कार्रवाई करें। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि एनजीटी के आदेश के बाद पलामू में बालू का उठाओ बंद करने का आदेश जारी किया गया है। इसको लेकर जिला टॉस्क फोर्स कमेटी का भी गठन किया गया है। बता दें कि पलामू उपायुक्त कोर्ट में अवैध बालू उठाव को लेकर अत्याधिक केश दर्ज है। जिसमे झारखंड खनिज अधिनियम के तहत 114 गाड़ियों पर कार्रवाई भी किया गया है। आने वाले कुछ दिनों में नदी के बॉर्डर एरिया में चेकनाका लगाने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि बालू का अवैध खनन पर रोक लगाई जा सके। जिले में जिन्हें भी बालू की आवश्यकता है। उनके लिए जिला प्रशासन द्वारा बालू का वैद्य भंडारण दो जगह पर किया गया है, वहां से बालू ले सकते हैं।

### सरकारी कामकाज ठप

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे पलामू जिले में सरकारी कामकाज ठप हो गया है। सरकारी कार्यालयों में सन्नाटा पसर गया है। अपनी 9 सूत्री मांगों पर जोर देने के लिए पलामू के कर्मियों ने समाहरणालय के समक्ष धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना देने से पहल पूरे समाहरणालय परिसर में घूम-घूम कर प्रदर्शन किया और सरकार को स्पष्ट तौर पर कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उनकी 9 सूत्री मांगों में निम्नवर्गीय लिपिक के ग्रेड वेतन को 1900 से बढ़कर 2400, उच्चवर्गीय लिपिक का ग्रेड वेतन 4200, प्रधान लिपिक का ग्रेड वेतन 4600, कार्यालय अधीक्षक का ग्रेड वेतन 4800 तथा प्रशासी अधिकारी का ग्रेड वेतन 5400 करने और पद सृजन की कार्रवाई करने सहित अन्य शामिल हैं।

### फिल्म 'काली' को रोचक ढ़ग से प्रस्तुत किया गया है

# बदल रहा पलामू, कलाकारों का हो रहा उदय

- सशक्त संप्रेषण सुमधुर संगीत के साथ फिल्म बनी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** फिल्म या सिनेमा जनसंचार का एक सशक्त और प्रभावशाली माध्यम है। दृश्य-श्रव्य होने के कारण यह दर्शको पर जल्द और प्रभावशाली ढंग से असर डालता है। इसी क्रम में पलामू प्रमंडल में फिल्माई गई फिल्म काली दर्शकों के बीच प्रस्तुत है। फिल्म काली भूमिका फिल्म की नवीनतम फीचर फिल्मों में से एक है। आज की आपा-धापी में जहां लोग लंबी फिल्में नहीं देख पाते, वहीं इस फिल्म को कम समय में फिल्माया गया है। फिल्म भोजपुरी भाषा में सशक्त संप्रेषण सुमधुर संगीत के साथ फिल्में प्रस्तुत की गयी है। फिल्म की अवधि 1 घंटे 20 मिनट की है। यद्यपि फिल्म की कहानी कोई नयी नहीं है, फिर भी रोचक ढंग से प्रस्तुत करने से फिल्म में गति बनी रहती है। दर्शक बोर नहीं होते हैं। सीमित संसाधनों के बीच निमार्ता दयाशंकर ने अच्छी फिल्म बनाई है। फिल्म में ज्यादातर कलाकार पलामू प्रमंडल के ही हैं। सभी का अभिनय सराहनीय की है। पलामू के ग्रामीण क्षेत्रों में इसे फिल्माया गया है जिसे यूट्यूब के वर्ल्ड प्रीमियर शो पर दिखाया जाना है। फिल्म का निर्देशन पलामू के फिल्म मेकर पुलिन मित्र ने किया है। कहानी एवं पटकथा रंजीत कुमार का है, छायांकन बिट्टू डे (कोलकाता) एवं विकास कुमार ऋषी का है। कोरियोग्राफी सुदामा मिंज( मुंबई) एवं मेकअप तारक चौधरी (कोलकाता) का है। भोजपुरी भाषा में बनी यह फिल्म सशक्त अभिव्यक्ति, समर्थ कथानक, सक्षम भाषा अभिव्यक्ति क्षमता को प्रमाणित करके दिखाया गया है। यह फिल्म काफी मजेदार, आकर्षक और सुखद अनुभूति प्रदान करने वाला है।



### डंडा के कई गांव में मंत्री ने किया दौरा, समस्याओं को दूर करने का दिया आश्वासन

# मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है : मिथिलेश ठाकुर

- जब से आपने मुझे अपना आशीर्वाद देकर सेवक चुना है तब से मैं एक दिन भी चैन से नहीं बैठा हूं।
- लगातर आप के बीच रह कर आपकी सेवा में, आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं।



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के डंडा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनता संवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने भिखही पंचायत के पपरवा टोला में रामा चौधरी के घर के समीप, भिखही गांव में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम छपरदागा के महुरान टोला में जनता संवाद का आयोजन किया। इस दौरान लोगों की समस्या सुनते हुए कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया। साथ ही शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान करने की बात कही। कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से आपने मुझे अपना आशीर्वाद देकर सेवक चुना है तब से मैं एक दिन भी चैन से नहीं बैठा हूं। लगातर आप के बीच रह कर आपकी सेवा में, आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, खेल सभी क्षेत्रों में काफी बेहतर कार्य किया हूं। यहां तक कि गढ़वा के लोगों ने मुझे दो बार हार का भी स्वाद चखाया फिर भी मैं जनसेवा में लगा रहा। आपने जो सेवा का आशीर्वाद दिया इसके लिए मैं आजीवन आभारी रहूंगा। आज से साढ़े चार वर्ष पूर्व डंडा की क्या स्थिति थी और आज क्या है, यह सभी के सामने है। आप लोगों ने किसी को 10 साल, किसी को 17 साल मौका दिया। उन लोगों ने अपने कार्यकाल में क्या किया यह उन्हें बताना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, प्रमुख आशा देवी, प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर चौधरी, अरविंद, सुडो, रितेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, नवीन तिवारी, चंदा देवी, सलीम जाफर, रौशन पाठक, राजेश तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**जनप्रतिनिधि को अपना कार्य इमानदारी पूर्वक करना चाहिए**

मंत्री ने कहा कि जनता को सारी मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराना, सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर दिलाना जनप्रतिनिधि का परम कर्तव्य होता है। जनप्रतिनिधि को अपना कार्य इमानदारी पूर्वक करना चाहिए। तभी क्षेत्र का विकास संभव है।

## पुलिस ने अवैध गिट्टी लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार एवं जिला खनन पदाधिकारी गढ़वा के नेतृत्व में रविवार को ग्राम खुटिया चौराहा के पास परस्पनि खुर्द के रास्ते के बगल एक महुआ पेड़ के नीचे अवैध बालू का किए गए भंडारण के विरुद्ध छापामारी किया गया। वहां से करीब 4000 सीएफटी अवैध बालू को जब्त किया गया व एकराम खान पिता स्वर्गीय सकुर खान, ग्राम खूंटियां के विरुद्ध धुरकी थाना कांड संख्या 101/24 जब्त किया गया। इसी क्रम में धुरकी अंबाखोरिया के रास्ते में एक अवैध गिट्टी लोड ट्रैक्टर को जिला खनन पदाधिकारी द्वारा धुरकी थाना को सुपुर्द किया गया। धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर धुरकी पुलिस थाना क्षेत्र में लगातार छापामारी कर रही है। अवैध बालू का कारोबार किसी भी कीमत में होने नहीं दिया जायेगा तथा अवैध बालू कारोबार में संलिप्त कारोबारी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। धुरकी पुलिस द्वारा इस तरह की लगातार छापामारी से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मचा गया है।

## शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई ।** सावन माह के पहली सोमवारी को प्रखंड के सभी शिवालय भक्तों से गुलजार रहा। सुबह से शाम तक जलाभिषेक को लेकर शिव दरबार में भक्तों की भीड़ लग रही। भक्तों में खासकर महिला भक्त में जलाभिषेक को लेकर काफी उत्साह और उमंग रहा। सभी महिला भक्तों ने विधि-विधान व मंत्रों उच्चारण के साथ उनकी पूजा अर्चना की। साथ ही उनके सिर पर जलाभिषेक करने का काम किया। क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवालय लवाही गांव स्थित मंगरदः महादेव पर भी सोमवार की अहले सुबह से जलाभिषेक को लेकर भक्तों की लंबी लाइन लग गई । एक-एक कर भक्तजन महादेव पर जलाभिषेक किया। इस बीच कांवर व डाक बम के भक्तों को भी वहां पर बड़ी संख्या में जलाभिषेक को लेकर आते देखा गया। उन में कई महिलाएं भी कांवर व डाक बम के साथ जलाभिषेक को लेकर बाबा मंगरदः महादेव के दरबार में पहुंचे। पूछने पर उक्त भक्तों ने बताया कि हम सभी यहां से 30 किलोमीटर दूर धुरकी प्रखंड के बाल चौरा गांव स्थित कनहर नदी से जल उठाकर जलाभिषेक के लिए बाबा के दरबार में पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष के सावन माह में हम सभी इसी तरह कंधों पर जल लेकर बाबा के दरबार में पहुंच जाते हैं। जलाभिषेक को लेकर बालचौरा नदी से बाबा के दरबार में पहुंची महिला भक्त रितु ,अनिमा, मालती ने बताया कि हम सभी को बाबा मँगरदः महादेव पर पूरा आस्था हो गया है। हम सभी के मन में जो भी रहता है उसको लेकर बाबा के दरबार पहुंच उनके उर माता टेक उनसे मन्नत मांगते हैं और वह वर्ष के अंत तक पूरा भी हो जाता है। बाबा की शक्ति इतनी बड़ी है कि सुनकर दूर दूर के लोग भी प्रत्येक वर्ष उनके दरबार में अब पहुंचने लगे हैं। वही मंदिर कमेटी की ओर से कांवर व डाक बम भक्तों के लिए विशेष इंतजाम किया गया था ।उनके लिए जहां मीठा जलपान की व्यवस्था की गई थी वहीं स्नान के लिए स्नानागार से लेकर कई झरनों का भी उपबंध किया गया था।



## करंट की चपेट में आने से युवक घायल



**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के मेन रोड निवासी मनोज कमलापुरी, गौरव कमलापुरी करंट की चपेट में आने से जख्मी हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि घर का मोटर चालू करने के लिए तार को जोड़ रहा था। उसी बीच करंट प्रवाहित तार में करंट आ गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में युवक के हाथ में गंभीर जख्म का निशान है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

## एक नजर

### आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के आछोडीह गांव निवासी महेन्द्र चौधरी की पत्नी अनीता देवी 30 वर्ष कीटनाशक दवा खा कर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर पति से विवाद उत्पन हुआ था। उसी बात से उग्र होकर अनिता ने कीटनाशक दवा खा ली। घटना के बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ. धर्मचंदलाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष- राजकुमार प्रसाद, सचिव- रविप्रकाश, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, समिति सदस्या शशिकला व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से मां शारदे, भारतमाता एवं ॐ के चित्र के समक्ष दीप जला कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी परिवार के रीढ़ होते हैं। अपने नाती-पोतियों से इनका बहुत लगाव होता है। वर्तमान परिवेश में अपने बच्चों द्वारा घर में दादा-दादी, नाना-नानी के सम्मान में वृद्धि हो, इसी उद्देश्य से प्रांतीय योजनानुसार इस तरह का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। समारोह में उपस्थित सभी दादा-दादी, नाना-नानी का पाद प्रक्षालन कर अंग वस्त्र व उपहार भेंट किया गया। सभी आचार्य व आचार्या को वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में संकुल संयोजक अरविंद सेंगर, गढ़वा जिला संघ चालक काशी महतो भी उपस्थित थे। समारोह में आचार्य कौशलेन्द्र झा, नंदलाल पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पाण्डेय, सतेंद्र प्रजापति, अविनाश कुमार, नीरज सिंह, सुजीत दुबे, अशोक कुमार, प्रसून कुमार, दिनेश कुमार, कृष्ण मुरारी, अंकित जैन, रूपेश कुमार, प्रदीप कुमार, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी,रेणु पाठक,प्रियमवदा,सलोनी कुमारी, नेहा कुमारी 1,नेहा कुमारी 2, रंजना सिन्हा, खुशबू सिंघल,अंशु कुमारी, सुरेश कुमार, रेखा देवी,ललिता देवी, रीना देवी, मीना देवी, अशोक राम, अभिभावक- सुरेंद्र मेहतासहित अन्य उपस्थित थे।

## चार विद्यालयों के 250 छात्राओं के बीच बांटे गए साईकिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** कल्याण विभाग द्वारा सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के चार मध्य विद्यालयों में 2023-24 में अध्यनरत 250 छात्र- छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। साईकिल वितरण का शुभारंभ प्रमुख चंद्रावती देवी और प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार ने किया। इनमें उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय छाताकुड़ ,मध्य विद्यालय पाचाडुमर,मध्य विद्यालय आमवाडीह और मध्य विद्यालय केतार के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया।।प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा की 18 मध्य विद्यालय के 600 छात्राओं के लिए साईकिल प्राप्त हुआ है। इसमें 5 विद्यालयों के 277 छात्राओं के बीच साईकिल वितरण किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा की साईकिल वितरण योजना महत्वकांक्षी योजना में से एक है। साईकिल मिलने से छात्रों को विद्यालय आने जाने में सहुलियत होगी। उन्हें पैदल जाना नहीं पड़ेगा ।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, छात्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कमलापुरी वैश्य समाज के राष्ट्रीय युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष बने हृदयानंद व रमेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज के राष्ट्रीय युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष पद के लिये झारखंड से दो लोगों का नाम चयनित किया गया है। उनमें श्री बंशीधर नगर निवासी हृदया कमलापुरी एवं रमेश कमलापुरी का नाम शामिल है। इस संबंध में हृदया कमलापुरी एवं रमेश कमलापुरी ने अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज के राष्ट्रीय युवा मोर्चा के प्रति आभार व्यक्त किया है। कमलापुरी समाज के लोगों ने कहा कि यह बहुत ही गौरव की बात है कि झारखंड के श्री बंशीधर नगर से दो लोगों को अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज के राष्ट्रीय युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया है। राष्ट्रीय युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी व रमेश कमलापुरी ने बताया कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ समाज के लोगों द्वारा उन लोगों को जो जिम्मेदारी दिया गया है, उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। उक्त दोनों के उपाध्यक्ष चुने जाने पर बिरेन्द्र कमलापुरी,राजीव कमलापुरी, दीपक कमलापुरी,मनोज कमलापुरी, प्रमोद कमलापुरी, विक्की कमलापुरी, राजू कमलापुरी, कमलेश कमलापुरी, अरविंद कमलापुरी, अनिल कमलापुरी, संतोष कमलापुरी सहित अन्य के नाम शामिल है।

### शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र, कहा-

# महाविद्यालय संचालन में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शंकर प्रताप देव इंटर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंप कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। उपायुक्त को सौंपे गए मांग पत्र में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर ने कहा कि महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव राज राजेंद्र प्रताप देव द्वारा विगत 6 माह से महाविद्यालय के सुचारू रूप से संचालन में विभिन्न प्रकार से बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। उनके द्वारा महाविद्यालय में आकर कर्मचारियों के साथ मारपीट करने, गाली गलौज करने के करण महाविद्यालय में भय व्याप्त है। शिक्षकों ने कहा कि हद तो तब हो गई जब सचिव ने अक्टूबर 2023 में शंकर प्रताप देव डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णा जायसवाल को बिना किसी वैध प्रक्रिया का पालन किए बिना ही मां मने तरीके से इंटर का भी प्रभारी बना दिया गया और पूर्व प्रभारी राजू प्रसाद राज को जबरन हटा दिया गया। शिक्षकों ने कहा कि कृष्णा जायसवाल की नियुक्ति का कोई वैध आधार नहीं है। और ना तो उनके पद का विज्ञापन प्रकाशित हुआ था। नियुक्ति से संबंधित कोई दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं है। शिक्षकों ने कहा कि शाशि निकाय की बैठक भी नहीं कराया गया और ना ही जैक से अनुमति लेने की जरूरत समझी गई ।शिक्षकों ने कहा कि इंटर और डिग्री कॉलेज दोनों एक ही भवन में चलाया जा रहा है। जबकि सरकार का स्पष्ट निर्देश है की डिग्री कॉलेज को अलग भवन में चलना है। इंटर कॉलेज में नियुक्ति पद के लिए युक्त नहीं रखने वाले कृष्णा जायसवाल को भी सचिन के द्वारा एक साजिश के तहत प्रभारी बना दिया गया है। शिक्षकों ने अप तमाम बिंदुओं की जांच करने की मांग डीसी से किया है। डीसी को मांग पत्र सपना वालों में मदन सिंह, दिनेश कुमार सिंह, सत्येंद्र नाथ पांडे, गंगेश्वर राम, विक्की कुमार गुप्ता पंकज कुमार, रेखा देवी, प्रतिमा कुमारी विजय ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।



## न्यूज बॉक्स

### टेंपो के धक्के से वृद्ध महिला की मौत

**गढ़वा।** बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के बालिका उच्च विद्यालय एनएच 75 पर टेंपो के चपेट में आने से 70 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। मृतक का पहचान बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पुरानी गांव निवासी अधीन बैठा की पत्नी रुक्मणी देवी 70 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रुकमणी बंशीधर नगर में बैंक से पैसा निकालने गई थी। इस दौरान पैसा निकाल कर सड़क पार करने के दौरान एक टेंपो ने उसे धक्का मार दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर अंत परीक्षण के लिए भेज दिया है। इधर स्थानीय लोगों की मदद से टेंपो को जप्त करते हुए थाना को सौंप दिया गया है। खबर लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

### कंरट लगने से युवक घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के कमलापुरी मोहल्ला निवासी मनोज कुमार का पुत्र गौरव कुमार बिजली के करंट लगने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गठवा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गौरव कुमार अपने घर में मोटर चलाने के लिए बीवी के तार चढ़ने गया था। इस क्रम में उसे करंट लग गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### बसपा के प्रमुख कार्यकर्ताओ की बैठक सम्पन्न

**श्री बंशीधर नगर।** बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को स्थानीय अनिकेत पैलेस में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव मनीष सिंह ने कहा कि बसपा झारखंड के सभी विधान सभा सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारेगी और पूरे दम के साथ चुनाव लडेगी।अब तक कुछ विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी गयी है। प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह ने कहा की 81 सीटों में से कुछ जगह बीएसपी अच्छी स्थिति में है। उन्होंने दावा किया कि कई जगह बसपा के पक्ष में चौकाने वाले परिणाम आएंगे। 81 विधानसभा सीटों के लिये उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द किया जायेगा। उन्होंने यह भी साफ किया की इन नामों की जब घोषणा की जायेगी तो उसमे भी कई चौकाने वाले नाम होंगे। ऐसा समझा जा रहा है कि बीजेपी और कांग्रेस से जिन सांसद व अन्य उम्मीदवारों के दावेदारों का पत्ता कटेगा वे अब बसपा का दामन थामने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से ही चुनाव की तैयारी में लग जाने की अपील की। बसपा के प्रदेश सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि बहन मायावती देश में बहुजन समाज को नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं। बसपा झारखंड में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस और भाजपा दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। आजादी से आज तक दोनों पार्टियों ने सिर्फ देश और राज्य का दोहन किया है। उन्होंने कहा कि बसपा में सभी वर्गों का सम्मान निहित है। बहुजन समाज पार्टी एक कैडर आधारित पार्टी है। पार्टी अपनी सांगठनिक बलबूते पर पूरे प्रदेश में चुनाव लड़ेगी। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रमोद राम, जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुशवाहा,नगर अध्यक्ष अखिलेश कुमार,कृष्णा विश्वकर्मा,गौतम कुमार,शिव शंकर राम,देवनाथ राम,सुदामा राम,हरिहर राम,बसंत राम,विश्वनाथ चंद्रवंशी,उमेश पासवान सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अपासी मारपीट में पांच घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। घायलों में स्वर्गीय राम लखन चौधरी का पुत्र सूरजमल चौधरी उसका भाई नंदू चौधरी, नागेंद्र चौधरी उसकी पत्नी कुंती देवी, उसकी बहन चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव गांव निवासी राजेंद्र चौधरी की पत्नी सूकनी देवी का नाम शामिल है। इसमें सूरजमल चौधरी एवं उसकी बहन सूकनी देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में सूरजमल चौधरी ने आरोप लगाया है कि उसका चाचा जय श्री चौधरी ने उसके पिता बनकर अपने बेटे को नकली केवाला कर दिया था। इस बात को लेकर न्यायालय में दोनों के बीच मामला चल रहा था। इस बात को लेकर सोमवार को पंचायत होने वाली थी। इससे पहले ही दूसरे पक्ष के कामेश्वर चौधरी, महेश्वर चौधरी, सुनील चौधरी, दिलीप चौधरी, अरुण चौधरी, सुदीप चौधरी, अनिल चौधरी, अजीत चौधरी, विकास चौधरी, प्रभा देवी, रंभा देवी ने मिलकर लोगों के साथ मारपीट कर दिया। इसके बाद उसे घर से बाहर निकलने नहीं दे रहा था। किसी तरह घायलों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मझिआंव स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सूरजमल चौधरी, उसकी बहन सुकनी देवी को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि इस मामले में उक्त लोगों के विरुद्ध मझिआंव थाना में प्राथमिक की दर्ज करायी गयी हैं। वहां पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**गढ़वा।** जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नीतेश सिंह ने सोमवार को चिनीयां प्रखंड के बरवाडीह पंचायत सचिवालय परिसर में ग्रामीणों के साथ बैठक में झारखंड सरकार की योजनाओं को बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास के नाम पर किसी भी अधिकारी या बिचौलियों को 1 रुपए भी नहीं दे। जिले के अधिकारीयों को भी बता दिया गया है। अगर फिर भी कोई पैसों की मांग करता है तो हमें बताएं वैसे अधिकारी को किसी भी परिस्थिति में हम लोग नहीं छोड़ेंगे। अबुआ आवास को अच्छी तरीके से बनाएं। इसके साथ मनरेगा योजनाओं का भी लाभ ले। एक योजना जल्द ही अगस्त महीने से शुरू होने वाली है। जिसका नाम है मुख्यमंत्री बहन-बेटी मइ-कुइ स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना। जिसके तहत महिलाओं तथा बहन बेटियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में 1000 प्रति माह दी जाएगी जो अगले अगस्त महीने से शुरू की जानी है। यह योजना सिर्फ महिलाओं और बेटियों को ही दिया जाएगा। इसके लिए सभी लोग हमारी मां बहन को जागरूक करने का काम करें। उन्होंने कहा कि पहले 60 वर्ष के बाद लोगों को वृद्धा पेंशन मिला करता था लेकिन सरकार ने 50 वर्ष की महिलाओं को भी वृद्धा पेंशन देने का काम किया है और उसके बाद सभी 21 वर्ष से लेकर 49 वर्ष तक के मां-बहन बेटियों को हमारी सरकार प्रत्येक महीने 1000 देने का काम करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहां की सरकार की ऐसी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, के तहत मिलने वाले लाभ को बढ़-चढ़ कर ले । आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में हर तरफ विकास की रोशनी दिखाई दे रही है, चारों ओर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, सरकार की योजनाएं यहां की अंतिम लोगों तक पहुंच रही है जिससे आम अवाम बेहद खुश है । लेकिन चुनाव के समय में आपको दिग्भ्रमित किया जाएगा कि यह सारी योजनाएं बीजेपी की दी हुई आपको सचेत रहने की जरूरत है, मदारी लोग अभी से ही गांव में घूम-घूम कर लोगों को बरगलाने एवं झूठ सच बोलने का काम शुरू कर दिया है । इससे आपको सचेत रहने की जरूरत है। पूर्व की सरकार ने जो काम 30 वर्षों में भी नहीं किया है वह हमारे स्थानीय विधायक सह स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 4 सालों में करके दिखाया है । अभी फिर से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को शुरू किया जाना है जो लोग अबुआ आवास में छूटे हुए हैं, योग्य लाभुक यह कार्यक्रम में अपना फॉर्म जरूर जमा करेंगे।

## एक नजर

### द्वारिका-सोमनाथ आज जाएंगे तीर्थयात्री

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत बीपीएल श्रेणी के कुल 36 हिन्दू धर्मावलंबियों को 23 जुलाई सुबह 6 बजे लोहरदगा समाहरणालय प्रांगण से द्वारिका-सोमनाथ के लिए रवाना किया जाएगा। ये सभी तीर्थयात्री लोहरदगा से सड़क मार्ग से जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहन के जरिये हटिया रेलवे स्टेशन तक जाएंगे जहां से उन्हें द्वारिका-सोमनाथ के लिए ट्रेन से भेजा जाएगा।

### भंडरा के अखिलेश्वर धाम में लगी भक्तों की कतार

**भंडरा।** सावन माह के पहली सोमवारी को जिले के भंडरा अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में अहले सुबह से ही भक्तो की कतार लगी हुई थी। भक्त बोलबम के उद्घोष के साथ भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती को जलाभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना किया। पवित्र सावन माह के पहली सोमवारी को लेकर अखिलेश्वर धाम, देशवाली, काख्मठ, बेलडीह मठ से ही शिव भक्त अहले सुबह से ही पहुंचने लगे थे। अखिलेश्वर धाम में सुबह के चार बजे से ही शिव भक्त मंदिर पहुंचने लगे थे। बोलबम-बोलबम के उद्घोष के साथ भक्तो ने पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना किया।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के कोरकोटोली में जमीन विवाद में भाई-भाई के बीच झगड़ा बड़ा भाई हुआ घायल इलाज के लिए पहुंचाया गया। सदर अस्पताल गुमला मिली जानकारी के अनुसार कोरको टोली निवासी पूनई उरांव उम्र 60 वर्ष को उसके अपने भाई सुरेश उराव ने मारकर घायल कर दिया। जिसे उसके परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए घायल के पुत्र संदीप उराव ने बतलाया कि खेत में रास्ता को लेकर मेरे पिता पूनई उरांव एवं उसके भाई सुरेश उराव में कहां सुनी हो गई बात बढ़ने के बाद सुरेश उराव ने टांगी से मेरे पिता को मार कर घायल कर दिया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास से गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को गुरु पूर्णिमा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया, और गुरू वंदन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य बाबूलाल कुमार ने अपना विचार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में गुरु का उंचा स्थान है। वह शख्स जो नाकारात्मक दिशा से साकारात्मक दिशा की ओर ले जाए वहीं गुरु है। मौके पर स्कूल संचालक समिति के सचिव भूषण सिंह ने बताया कि गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को महर्षि व्यास देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।




## कुड़ू प्रखंड हुआ शिवमय

**कुड़ू/लोहरदगा।** सावन महीने की शुरुआत के साथ कुड़ू प्रखंड क्षेत्र का पूरा वातावरण शिवमय नजर आ रहा है। पहली सोमवारी को लेकर शिवभक्तों में काफी उत्साह है। अपने आराध्य के पूजन-अर्चन के लिए शिवालयों में भक्तों का तांता लगा हुआ था। प्रखण्ड के प्रसिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न गांव के मंदिरों और शिवालयों में महिला, पुरुष, बूढ़े, बच्चे, युवाओं में भक्ति रस से भाव विभोर होकर भगवान भोले नाथ की पूजा बेलपत्र, गंगाजल, दूध, भांग, धतुरा, पुष्प आदि अर्पित कर अपने लिए मनोकामनाएं मांगी। पुरे दिन पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। इस दौरान शिवालयों में सुबह से शाम तक घंटे की आवाज और श्रद्धालुओं के बोलबम के नारे स वातारण गूंजायमान होता रहा। प्रसाद और फूलों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। लोगों ने बेलपत्र की भी जमकर खरीदारी की थी।





# पहली सोमवारी पर बाबा टांगीनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## हजारों भक्तों ने शिवलिंग का किया जलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर प्रखंड सहित पुरे अनुमंडल क्षेत्र के डुमरी, जारी प्रखंड के बाबा टांगीनाथ धाम, वा रूद्रपुर जारी में पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवारी को हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना प्राप्ति की कामना की। गेरुवा वस्त्र धारण कर महिला व पुरुषों की कतार से पूरा धाम परिसर गुंजायमान हो उठा। वहीं जय बाबा टांगीनाथ, बोल बम व है हर महादेव के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। अहले सुबह से ही भक्त गण मुख्य मंदिर में प्रवेश हेतु कतार बद्ध होकर बारी बारी से शिवलिंग में जलार्पण किए। वहीं धाम के मुख्य पुजारी रामकृपाल बैगा ने बताया कि प्रातः पूजा के बाद सुबह 4 बजे ही भक्तों के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए थे जिसके बाद सुबह से ही पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उन्होंने यहां विराजमान विशालकाय भगवान परशुराम का अक्षय त्रिशूल को धाम स्थल का मुख्य केंद्र बताया। जिसको देखने दूर दूर से लोग आते हैं और यहां पर मांगी गई भक्तों की हर मुराद पूरी होती है। वहीं झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल एवं उड़ीसा से आए भक्त यहां बाबा टांगीनाथ धाम में पूजा करते देखे गए। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रही। साथ ही भक्तों की सुविधा हेतु समिति को ओर से बेहतर इंतजाम किए गए हैं। मंदिर में प्रवेश हेतु महिला व पुरुषों के लिए अलग रास्ते बनाए गए हैं साथ ही स्नानागार, शौचालय व पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। वहीं श्रद्धालुओं हेतु भंडारे की भी व्यवस्था की गई है।

## 'हर हर महादेव' के उद्घोष से गुंजायमान रहा चैनपुर

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर प्रखंड सहित पुरे अनुमंडल क्षेत्र के डुमरी, जारी प्रखंड के बाबा टांगीनाथ धाम, वा रूद्रपुर जारी में पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवारी को हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना प्राप्ति की कामना की। गेरुवा वस्त्र धारण कर महिला व पुरुषों की कतार से पूरा धाम परिसर गुंजायमान हो उठा। वहीं जय बाबा टांगीनाथ, बोल बम व है हर महादेव के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। अहले सुबह से ही भक्त गण मुख्य मंदिर में प्रवेश हेतु कतार बद्ध होकर बारी बारी से शिवलिंग में जलार्पण किए। वहीं धाम के मुख्य पुजारी रामकृपाल बैगा ने बताया कि प्रातः पूजा के बाद सुबह 4 बजे ही भक्तों के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए थे जिसके बाद सुबह से ही पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उन्होंने यहां विराजमान विशालकाय भगवान परशुराम का अक्षय त्रिशूल को धाम स्थल का मुख्य केंद्र बताया। जिसको देखने दूर दूर से लोग आते हैं और यहां पर मांगी गई भक्तों की हर मुराद पूरी होती है। वहीं झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल एवं उड़ीसा से आए भक्त यहां बाबा टांगीनाथ धाम में पूजा करते देखे गए। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रही।

## सड़क हादसे में एक की मौत, कई की स्थिति गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित क्षेत्र के खरका पुल के समीप ऑटो व बाइक की सीधी भिड़ंत से ऑटो सवार घाघरा थाना क्षेत्र के शिवराजपुर भुवालटोली निवासी मांनती देवी (43) की घटना स्थल पर मौत हो गई. वहीं तीन अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायलों में मृतका के पति छंदू लोहराव बाइक सवार सीसी कतरी निवासी सुनील मुंडा व मुन्ना उरांव शामिल है. वहीं घटना के बाद दुर्घटना ग्रस्त ऑटो चालक ने मांनती देवी व उसके पति छंदू लोहरा को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मांनती को मृत घोषित कर दिया है। वहीं उसके पति छंदू उरांव के हाथ में गंभीर चोट आई है। इधर दुर्घटना में बाइक सवार घंटो सड़क के किनारे पड़े हुये थे इस दौरान समाजिक कार्यकर्ता किसी काम से लोहरदगा की ओर जा रहे थे। जहां दोनों घायलों को देखर उपरोक्त लोगों ने गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया।

### सुखदेव भगत ने जनता से किए वादे को पूरा किया : नेसार अहमद

**लोहरदगा।** कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने बयान जारी कर कहा है कि लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने जनता से किए अपने वादे को आज देश की सर्वोच्च पंचायत संसद में आदिवासियों के धार्मिक पहचान और अस्मिता से जुड़े संवेदनशील मुद्दे को लेकर मुखर होकर सरकार से ₹सरना धर्म कोड₹ लागू करने की मांग की है निश्चित तौर पर सुखदेव भगत एक संघर्षशील संवेदनशील और वचनबद्धता को साबित किया है जो झारखंड के लोगों के लिए गर्व की बात है। हम सभी आशान्वित है कि आगामी समय में क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण समस्याओं का निराकरण के लिए तत्पर रहेंगे।

### विद्यार्थियों को विज्ञान के बारे में दी गई जानकारी

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में शिक्षा विभाग एवं सिनी टाटा ट्रस्टस के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा के छात्र छात्रओं को विज्ञान की प्रायोगिक गतिविधियां कराई गई। जिसमें उदित कुमार और सीमा श्वेता टोपनो द्वारा मैग्नीशियम,रिबन की दहन,मैग्नीशियम ऑक्साइड की प्रकृति,अम्ल क्षार एवं लवण का ढल्र मान, कालेडोस्कोप माइक्रोस्कोप का उपयोग के बारे में छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया गया।वही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन ने छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा की आज विज्ञान का युग है।जिसे सभी को विज्ञान विषय का गहरा अध्यन करना चाहिये।देश के वैज्ञानिकों ने विभिन्न प्रकार का अविष्कार कर रहें हैं। और वैज्ञानिकों ने पूर्व भी विज्ञान का शोध कर अनेकों अविष्कार किया है।

### अनियंत्रित होकर गार्डवाल से टकराया मालवाहक पिकअप

**सेन्हा-लोहरदगा।** जोगना पुल के समीप सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचा मालवाहक पिकअप का चालक कोई हताहत नही वाहन क्षतिग्रस्त हुआ।जानकारी के अनुसार बताया जाता है।की सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना पुल के समीप एन एच 143 ए पथ पर सड़क के किनारे बना गाडवाल को मालवाहक पिकअप वाहन चालक धक्का मारते हुए गहरे गढ़े में जाने से बचा घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है।घटना से मालवाहक पिकअप तथा निर्मित गड़वाल क्षतिग्रस्त हो गया। फिलहाल फंसे हुए मालवाहक पिकअप को जेसीबी की मदद से निकाला गया।

## रांची लोहरदगा ट्रेन में कांवरियों से मारपीट व छिनतई हिंदू संगठनों ने सड़क जाम कर कार्रवाई की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रांची-लोहरदगा रेलमार्ग पर नरकोपी रेलवे स्टेशन में रांची से लोहरदगा आ रहे कांवरियों के साथ मारपीट और छिनतई की सूचना है। घटना से आक्रोशित कांवरियों और स्थानीय सनातन समाज के लोगों ने लोहरदगा सुभाष चौक जाम कर दिया। पीड़ित कांवरिया मारपीट और छिनतई करनेवालों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक लोहरदगा से सैकड़ों की संख्या में कांवरिए रविवार को लोहरदगा से पैदल रांची के पहाड़ी मंदिर में बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित करने गए थे। सोमवार को जल अर्पित करने के बाद कांवरिए



ट्रेन से लोहरदगा लौट रहे थे। इसी समय मारपीट की गयी। कांवरियों ने बताया कि रांची जिले के नरकोपी स्टेशन के अलावा लोहरदगा जिले के नगजुआ और अकाशी रेलवे स्टेशन पर कुछ उपद्रवी तत्वों ने इनके साथ मारपीट की। चेन और पैसे छीन लिए। हालांकि इस घटना को लेकर परस्पर विरोधी बातें सामने आ रही हैं। ट्रेन से आने के क्रम में कांवरियों के साथ किसी बात को लेकर नरकोपी स्टेशन के आसपास के लड़कों के साथ विवाद हुआ था। ट्रेन जब नरकोपी स्टेशन पहुंची तो इन्हीं लड़को ने अपने साथियों के साथ मिलकर कांवर यात्रा से लौट रहे लोगों के साथ मारपीट की।

## सोमवारी पर भक्तों ने किया भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती का पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

पवित्र सावन माह के प्रथम सोमवारी के पवन अवसर पर बोल बम और हर हर महादेव के जयकारे से वातावरण गुंजायमान रहा। प्रखंड के शिवालयों में जलाभिषेक तथा पुजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालु भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

सुबह से ही मन्दिरों में महिला पुरूष श्रद्धालु भक्तों की भीड़ लगी रही।वही बताया जाता है कि सावन की पहली सोमवारी के मौके पर चौकनी, बक्सीडीपा, अरु, झखरा, बदला, सेरेंगहातु, सीठीयो, बक्सीडीपा पुलिस लाइन, कोराम्बे, बुटी, चन्दकोपा सेन्हा, गगेया, सेन्हा बान्धटोली तथा चंदवा गढ़गांव स्थित 1200 फिट ऊंचाई पर स्थित महादेव मंडा गुफा सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक कर पुजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।श्रद्धलु भक्तों द्वारा भगवान महादेव शंकर और माता पार्वती का जलाभिषेक करने के अक्षत, बेलपत्र, सिंदूर, रोली से पूजन कर आरती कर प्रसाद अर्पण किया गया।भक्तों द्वारा भक्ति भाव से भगवान शंकर और माता पार्वती के साथ गणेश जी,हनुमान जी सहित अन्य देवी देवताओं का भी पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और वैभव के लिये मङ्गल कामना किया गया। पवित्र सावन माह के प्रथम सोमवारी पर प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। जिसे की प्रथम सोमवारी पर सभी जगह मन्दिर और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखीं गई।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र स्थित जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में संकुल स्तरीय खो खो एवं रस्सी कूद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा के नेतृत्व में आयोजन किया गया। आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में झारखण्ड प्रदेश के सभी नवोदय विद्यालय के खो खो और रस्सी कूद प्रतियोगिता के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता मद भाग लेने के लिये रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा पँहुच गये थे।वही खेल शिक्षिक सूरज पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि नवोदय विद्यालय समिति के अन्तर्गत पटना संभाग में चार संकुल हैं।जिसमे राँची संकुल के सभी विद्यालयों से 200 प्रतिभागियो ने भाग लिया है।

# 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठे शिवालय



### खखपरता शिव मंदिर में भक्तो की उमड़ी भीड़

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के रामपुर स्थित खखपरता शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खखपरता शिव मंदिर एक प्राचीन मंदिर है। यहां आनेवाले भक्तो की हर मुराद पूरी होती है। भक्तजन इस शिव मंदिर में दूर दराज से आते है। शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भक्तो के कष्ट दूर हो जाते है। यहां शहरी क्षेत्र समेत दूर दराज के आस पास के गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया।

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भगवान शिव का प्रिय महीना सावन के पहली सोमवारी पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ देखी गई। शहर के शिवालय हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। शिवभक्त सुबह से ही आराधना और जलाभिषेक के लिए शिव मंदिर पहुंचने लगे थे। स्थानीय सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें भी देखी गईं। सावन मास के कारण स्थानीय शिव मंदिरों को काफी अच्छी तरह से सजाया गया है। वहीं घरों में ही भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे है। सावन के सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया। इधर सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शहरी क्षेत्र के छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर के साथ खखपरता, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा सहित विभिन्न शिव धामों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। इधर मंदिर परिसर के आसपास वाहनों की भारी भीड़ भाड़ भी देखी गई और लोग पूजन सामग्री खरीदते भी नजर आए। वही मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त करते नजर आए और शहर के हर शिवालयों में पुलिस के जवानों की तैनाती देखी गई। मंदिरों में भजन - कीर्तन का दौर पूरे दिन चलता रहा। महादेव के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा।

## अज्ञात हत्यारों ने एक वृद्ध महिला की पत्थर से कूच-कूचकर कर की हत्या

### पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला सदर थाना स्थित सोसो कदमटोली ग्राम में एक वृद्ध महिला रोपनी उराईन की अज्ञात हत्यारों ने पत्थर से कुच कुचकर निर्ममता पूर्वक हत्या कर भागने में सफल रहे हैं। पुलिस उक्त हत्याकांड की काफी गहराई से छानबीन और पुछताछ शुरू कर दी हैं, मृतक के पुत्र तितो टोप्पो ने बताया की मेरी मां रविवार को लगभग 2.30 बजे अपने पड़ोसी संतोष उरांव के साथ वह अपने घर से निकलीं थी। फिर उसका कुछ अता-पता नहीं चला, इसी क्रम में गांव के बकरी , मवेशी चराने वालों ने उक्त शव को देखकर बताया की उसकी मां रोपनी उराईन की हत्या कर सोसो



कदमटोली पहाड़ के समक्ष फेका हुआ हैं, उक्त सूचना मिलते ही। मृतक के परिजनों ने उक्त सूचना गुमला सदर थाना पुलिस को दी।, उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, अपने पुरे दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर , उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया और पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया वाहन जांच अभियान



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने रविवार को शाम 7.30 बजे बस स्टैंड के समीप सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जिसमें सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई । वहीं बड़े गाड़ियों के डिक्की की जांच की जा रही थी वहीं दो पहिया वाहन के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन तथा कागजों का जांच की गई।वहीं बिना हेलमेट के चलने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी दी गई। थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया की वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है,और आगे भी नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलता रहेगा सभी वाहन चालक जब घरों से निकले तो हेलमेट का प्रयोग करें एवं गाड़ी से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखें नशापान कर गाड़ी नं चलाएं इधर वाहन जांच होता देख कुछ लोग दूसरे रास्ते से भागते हुए। नजर आए मौके पर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी एस आई मदन शर्मा सहित थाना के जवान मौजूद थे।

### शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन, शिक्षा पर हुई चर्चा



**कुड़ू/ लोहरदगा।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेंजला में सोमवार को शिक्षक - अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमे विद्यालय के छात्रों के अभिभावक शामिल हुए। जिनका स्वागत बाल संसद के सदस्यों द्वारा किया गया। इस दौरान छात्र उपस्थिति, पढ़ाई, विद्यालय की गतिविधियों, अनुशासन, विद्यालय के विकास में समुदाय की सहभागिता आदि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर बच्चों ने नशे मुक्ति, नियमित उपस्थिति मुद्दो पर एक से बढ़कर एक गीत और नाटक प्रस्तुत कर अभिभावकों को मोहित कर दिया।अभिभावकों ने भी विद्यालय के विकास में हरसंभव मदद की भरोसा दिलाया। बैठक में अध्यक्ष झमेन्द्र उरांव, प्रभारी प्रधानाध्यापक रजिया खातून, अभिभावक मोहम्मद खालिद, अशरफ, जीरा देवी, कार्तिक उरांव, रेश्मा एक्का, रोज मिंज, सुधा लकड़ा, प्रकाश शाहदेव, रंजीत मिश्रा, कंचन कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**कुड़ू/लोहरदगा।** स्कूल रूआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत झारखण्ड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वावधान में प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में किया गया। अनामांकित एवं क्षितिज बच्चों को विद्यालय वापस लाने तथा शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुडू बीडीओ रामप्रवेश साव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन सीओ मधुश्री मिश्रा, बीईईओ अरबिंदा कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष सदरूल अंसारी और अन्य उपस्थित अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर 16 दिवसीय विद्यालय स्तरीय स्कूल रुआर 2024-बैक टू स्कूल कैंपेन के दौरान विभिन्न तिथियों में निर्धारित कार्यक्रमों के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन के निरंतर अनुश्रवण का निर्देश दिया गया। एवं विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले रुआर के दौरान बाल संसद, माता समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति, जल सेना व ईको क्लब की सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर स्कूल रुआर से संबंधित प्रस्तुतिकरण भी किया गया। और स्कूल रूआर 2024 से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में विभिन्न पंचायत के मुखिया, बीपीओ परवेज शाह आदि उपस्थित थे।

### कानूनी जागरूकता व शिक्षा के कार्यक्रम का आयोजन



**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय लोहरदगा के बैनर तले जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती ने कस्तूरबा आवासीय गर्ल्स स्कूल भंडरा में कानूनी जागरूकता एवं शिक्षा का कार्यक्रम किया गया। अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती ने सायबर अपराध, महिलाओं के विरूद्ध हिंसा एवं महिलाओं के कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में बताया गया।कोई भी व्यक्ति आर्थिक समस्या अथवा अन्य किसी भी कारण से न्याय से वंचित न रहे एवं निःशुल्क एवं त्वरित व सुलभ न्याय मिल पाए इसके लिए विधिक सेवा के विषय पर प्रकाश डाला गया।विद्यालय के सभी छात्राओं ने बहुत रुचि एवं ध्यान के साथ बातों को सुना। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्रों के अलावा सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। गुरु पूर्णिमा (आषाढ़ पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर वेदव्यास जयंती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य विद्यालय के आचार्य /दीदी जी उपस्थित थे।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपने उद्बोधन में कहा गुरु बिन ज्ञान नहीं, गुरु अज्ञान से प्रकाश की ओर ले जाने का मार्गदर्शन होते हैं। शिक्षाविद् कृष्णा प्रसाद जी उपस्थित थे।उन्होंने कहा कि कच्ची मिट्टी को मूर्ति बनाना एक रूप देना यह गुरु का कार्य होता है।

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 25 को

**लोहरदगा।** 25 जुलाई को नगर भवन (लोहरदगा प्रखण्ड परिसर) लोहरदगा में लोहरदगा जिला के बेरोजगार युवक/युवतियों को सुगमता से रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, लोहरदगा के द्वारा एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला के लिए विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोजकों से लगभग 4260 रिक्तियां प्राप्त हुई है। ये रिक्तियाँ पाँचवी / सातवी / आठवी / मैट्रिक / इन्टर/ स्नातक/ आईटीआई/ डिप्लोमा/ बीटेक/ एमबीए / मार्केटिंग/ एएनएम/ एमएलटी आदि योग्यताओं से संबंधित है। झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित आवेदक उक्त तिथि को निर्धारित स्थल पर पहुंच कर अपनी योग्यता के अनुरूप उपलब्ध रिक्तियों के लिए संबंधित नियोजकों के पास सीधे अपना आवेदन-पत्र जमा कर सकते हैं।

## निजी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को राजनीति से मुक्त रखा जाए

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से वहां दिए जा रहे 56 आरक्षण को घटाकर 7 कर दिया गया पर आरक्षण विरोधियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। कर्नाटक, हरियाणा और झारखंड जैसे राज्यों में निजी क्षेत्र की ग्रुप सी और डी वर्ग की नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने का कानून बनने से अंतरराष्ट्रीय निवेशकों पर असर पड़ सकता है और यह मुद्दा गरमाने पर आर्थिक विकास की गति पर भी असर पड़ सकता है। आरक्षण की वोट बैंक राजनीति को अंतरराष्ट्रीय नजरिये से समझना समय की मांग है। बांग्लादेश में आरक्षण की आग बढ़ने से भारतीयों का पलायन बढ़ रहा है। पर कर्नाटक में सिद्धरमैया सरकार कन्नड़ कार्ड खेल रही है। उल्लेखनीय है कि संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, नागरिकता, आईटी, कंपनी कानून और आरक्षण जैसे विषय पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। भाषा के आधार पर राज्यों के गठन के बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पंजाब जैसे कई राज्यों में धरती पुत्रों को रोजगार में प्राथमिकता देने की पहल नेताओं ने की। लेकिन शिक्षा, डिजिटल और संचार के प्रसार से राज्यों में उपराष्ट्रवाद के आंदोलन कमजोर होते गए। देश की राजधानी दिल्ली है, लेकिन वित्तीय राजधानी के तौर पर मुंबई और आईटी राजधानी के तौर पर बंगलूरू, हैदराबाद और चेन्नई जैसे शहरों का विकास हुआ। इन शहरों के विकास में सभी राज्यों के निवासियों के साथ केंद्रीय करों का बहुत बड़ा योगदान है। कर्नाटक के प्रस्तावित कानून से ई-कॉमर्स, स्टार्टअप, आईटी, आईटीईएस और जीसीसी सेक्टर की कंपनियां सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी। इसलिए भाषा या क्षेत्र के आधार पर निजी क्षेत्र में आरक्षण गलत और असांविधानिक है। भ्रष्टाचार और नेतृत्व परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रही सिद्धरमैया सरकार आरक्षण बिल को नए सिरे से विधानसभा में पारित कराने की कोशिश कर सकती है। मंत्रिमंडल की नई मंजूरी के बाद यदि विधानसभा में बिल को पारित किया जाए, तो उसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए राज्यपाल भेज सकते हैं। सियासत से हटकर निजी क्षेत्र में आरक्षण के सांविधानिक पहलुओं की पड़ताल बेहद जरूरी है। संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, नागरिकता से जुड़े मामलों में सिर्फ केंद्र सरकार और संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है। संविधान के अनुच्छेद-14 में समानता और अनुच्छेद-19 में व्यापार की स्वतंत्रता के बारे में प्रावधान हैं। अनुसूचित जाति व जनजाति, महिला, ओबीसी, दिव्यांग जैसे वंचित वर्ग को आरक्षण देने के लिए संविधान में अपवाद स्वरूप प्रावधान किए गए हैं। सरकार द्वारा दी गई रियायती भूमि पर बनाए गए स्कूलों और अस्पतालों में गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के लोगों को सस्ती शिक्षा और इलाज के लिए प्रावधान हो सकते हैं। लेकिन निजी क्षेत्र में क्षेत्र या भाषा के आधार पर आरक्षण के लिए कोई सांविधानिक व्यवस्था नहीं है। इस बारे में संविधान के अनुच्छेद 16 (3) और 35 ए के तहत राज्यों के बजाय सिर्फ संसद को ही कानून बनाने की शक्ति हासिल है। वर्ष 1992 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, सरकारी क्षेत्र में आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी निर्धारित है। ऐसे में राज्यों में निजी क्षेत्र में उससे ज्यादा आरक्षण कैसे दिया जा सकता है?

**संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, नागरिकता से जुड़े मामलों में सिर्फ केंद्र सरकार और संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है।**

# एफएसएसएआई की विकास यात्रा : वर्तमान और भविष्य




आज की बात


जे.पी. नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

एनडीए शासन के दौरान दूसरी बार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बनने के बाद, पिछले सप्ताह जब मैंने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का दौरा किया, तो मुझे 2014 में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने शुरूआती कार्यकाल का स्मरण हो आया। यह वह समय था जब एफएसएसएआई खुद को देश के खाद्य-सुरक्षा नियामक के रूप में स्थापित कर रहा था और उस पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के लिए खाद्य मानक और नीतियाँ तय करने की बड़ी ज़िम्मेदारी थी। 22 अगस्त 2016 को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (एफएसएसए), 2006 के एक दशक पूरा होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जब मैंने पहली बार एफएसएसएआई टीम और विभिन्न हितधारकों से मुलाकात की, तो एफएसएसएआई का दृष्टिकोण स्पष्ट था। उनका लक्ष्य नीतियों को मजबूत करना, उभरती चुनौतियों का समाधान करना तथा नागरिकों और खाद्य व्यवसायों के बीच सामाजिक और व्यावहारिक परिवर्तन को बढ़ावा देना था। इन पहलों को 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' के तहत खूबसूरती से एकीकृत किया गया है, जिसने सभी भारतीयों के लिए 'सुरक्षित, स्वस्थ और सतत' भोजन सुनिश्चित करने के लिए एक समग्र 'संपूर्ण प्रणाली दृष्टिकोण' अपनाया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और एफएसएसएआई हमारे देश के खाद्य-सुरक्षा परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। एक मजबूत खाद्य-सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र केवल मजबूत खाद्य-नीतियों और मानकों की नींव पर ही बनाया जा सकता है। यह जानकर खुशी होती है कि एफएसएसएआई के वैज्ञानिक पैनल और विशेषज्ञ समितियों में काफी विस्तार हुआ है, जिसमें 88 संगठनों के 286 विशेषज्ञ शामिल हैं। इससे वैश्विक मानकों के अनुरूप मानकों और नीतियों के विकास की गति में उल्लेखनीय तेजी आई है। एफएसएसएआई की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि मिलेट के मानकों का सृजन है, जिन्हें 2023 में वैश्विक मिलेट (श्री अन्न) सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। ये मानक कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग के साथ साझा किए गए हैं, जिससे मिलेट के वैश्विक मानकों के विकास और भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने के लिए नीतियों और मानकों के विकास के साथ-साथ उनका प्रवर्तन और परीक्षण भी उतना ही आवश्यक है। पिछले आठ वर्षों में एफएसएसएआई के खाद्य-परीक्षण बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, कैबिनेट ने राज्य खाद्य-परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने के लिए ₹482 करोड़ की मंजूरी दी। एफएसएसएआई ने 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' नाम से मोबाइल फूड लैब उपलब्ध कराकर दूरदराज के इलाकों तक पहुँचना शुरू कर दिया है। इन उपलब्धियों का उत्सव मनाते समय, हमें वैश्विक स्तर पर उभर रहे रुझानों, जैसे कि प्लांट बेस्ड प्रोटीन, प्रयोगशाला में विकसित मांस आदि को भी स्वीकार करना चाहिए। एफएसएसएआई ने नई श्रेणियों, जैसे - वीगन खाद्य पदार्थों, जैविक उत्पादों और आयुर्वेदिक आहार के लिए सक्रिय रूप से मानक विकसित किए हैं और यह खाद्य-सुरक्षा के उभरते रुझानों के अनुरूप निरंतर अनुकूलन कर रहा है। जैसे-जैसे वैश्विक खाद्य व्यापार का विस्तार हो रहा है, एफएसएसएआई कोडेक्स जैसे विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय नियामकों के साथ साझेदारी कर रहा है। इसका उद्देश्य बढ़ती आबादी के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना है। एफएसएसएआई ने 2023 में दिल्ली में पहला वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन (जीएफआरएस) भी आयोजित किया, जो खाद्य नियामकों के लिए उभरती खाद्य-सुरक्षा चुनौतियों के बारे में मिलने और विचार-विमर्श करने के लिए अपनी तरह का पहला सहयोगी मंच है। एफएसएसएआई आने वाले महीनों में जीएफआरएस के दूसरे संस्करण के लिए तैयार है। जब हम खाद्य-सुरक्षा पर बात करते हैं, तो उपभोक्ताओं और नागरिकों को साक्ष्य-आधारित जानकारी के माध्यम से विभिन्न खाद्य-सुरक्षा मुद्दों पर सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। तभी हमारा काम समग्रता से पूर्ण होगा। यहीं पर एफएसएसएआई का 'ईट राइट इंडिया' अभियान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह सुनिश्चित करके कि उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर जरूरी जानकारी पहुँचे। इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम को हमारे आउटरीच को मजबूत करने और व्यावहारिक बदलाव को प्रोत्साहित करने के लिए बढ़ाया जा रहा है, जो उपभोक्ताओं को सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य विकल्पों की मांग करने के लिए सशक्त बनाता है और खाद्य व्यवसायों को बेहतर विकल्प प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है।

एफएसएसए, 2006 खाद्य-उत्पादों के लिए व्यापक मानकों को अनिवार्य बनाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे उपभोग के लिए सुरक्षित हैं। साथ ही, फूड-लेबलिंग के नियम उपभोक्ता को एक सूचित विकल्प बनाने में सशक्त करते हैं। विज्ञापन और दावों के लिए नीतियां यह भी सुनिश्चित करती हैं कि खाद्य व्यवसायों द्वारा खाद्य-उत्पादों पर कोई भ्रामक दावा नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (सीपीए) 2019 उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज करने के लिए पर्याप्त तंत्र प्रदान करके उनके सामने आने वाली आधुनिक चुनौतियों का समाधान करने में सहायक रहा है।

आपकी बात

## राष्ट्रीय बजट में शिक्षा को वरीयता मिले


गिरीश्वर मिश्र

शिक्षा की बहुआयामी और बहुक्षेत्रीय भूमिका से शायद ही किसी की असहमति हो । यह मानव निर्मित सबसे प्रभावी और प्राचीनतम हस्तक्षेप है जो जीवन और जगत को बदलता चला आ रहा है। समाज के अस्तित्व, संरक्षण और संवर्धन के लिए शिक्षा जैसा कोई सुनियोजित उपाय नहीं है। इसीलिए हर देश में शिक्षा में निवेश वहां की अर्थव्यवस्था का एक मुख्य मद हुआ करता है। आज ज्ञान - विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दृष्टि से विश्व में अग्रणी राष्ट्र अपनी शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। वे शिक्षा की गुणवत्ता को समृद्ध करने के लिए लगातार सक्रिय रहते हैं और शिक्षा की तकनीकी को उन्नत करते रहते हैं। देश, काल और परिस्थिति की बनती-बिगड़ती मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के कलेवर में बदलाव उनके लिए एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। साथ ही शिक्षा की सुविधा और प्रक्रिया पूरे समाज के लिए लगभग एक जैसी व्यवस्था स्वीकृत है। ठीक इसके विपरीत भारत में शिक्षा अनेक विसंगतियों से जूझती आ रही है। लोकहित के व्यापक लक्ष्यों के लिए समानता और समता आवश्यक है पर भारत में शिक्षा विभेदनकारी हो रही है और परिवर्तन को लेकर शंका और प्रतिरोध है। आज इन सबके चलते क्या प्रवेश क्या परीक्षा हमारी व्यवस्था चरमरा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में ढलान के लक्षण लाभकारी नहीं हैं। परंपरा में शिक्षा, विद्या और ज्ञान की प्राप्ति दुख से निवृत्ति के लिए आवश्यक मानी गई है। साथ ही ज्ञान का विस्तार लौकिक और पारलौकिक दोनों ही प्रकार के ज्ञान को समेटता है। इस पद्धति से ज्ञान देने के लिए गुरु-शिष्य की एक सशक्त प्रणाली विकसित हुई और गुरुकुल से लेकर विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय तक की अद्भुत संस्थाओं का विकास हुआ। उस प्रणाली से पठन-पाठन करते हुए साहित्य, आयुर्वेद, ज्योतिष, कामशास्त्र, नाट्यशास्त्र, व्याकरण, योग, न्याय, अर्थशास्त्र, धर्मशास्त्र, वेद आदि अनेक विषयों का अध्ययन-अध्यापन हो रहा था। आज उपलब्ध ग्रंथों से इन विषयों के पीछे हुई लंबी और कठिन साधना का कोई भी सहज ही अनुमान लगा सकता है ।इस व्यवस्था की क्षमता और विलक्षण दृढ़ता का भी पता चलता है कि काल क्रम में सामाजिक और राजनैतिक व्यवस्था में परिवर्तन होते रहे फिर भी अपनी आंतरिक शक्ति की बदौलत सब कुछ के बावजूद यह ज्ञान परंपरा आज भी साँस ले रही है। विदेशी आक्रांताओं ने भी यहाँ की देशज शिक्षा में षड़यंत्रकारी दखल दिया। इस का सबसे जटिल और दूरगामी असर अंग्रेजों के जमाने में शुरू हुआ। यह बात प्रमाणित है कि भारत का दोहन और शोषण ही साम्राज्यवादी अंग्रेजी राज का एकल उद्देश्य था। इस काम में पाश्चात्य ज्ञान को यहाँ रोप कर यहां की अपनी ज्ञान परंपरा को विस्थापित करने को उन्होंने अपना विशेष सहायक माना। धर्मांतरण की तर्ज.पर भारतीय मानस को एक नये पश्चिमी सांचे में ढालना और देशज ज्ञान के प्रति भारतीयों के मन में वितृष्णा का भाव पैदा करना ही अंग्रेजों का उद्देश्य बन गया था।


देश की बात

## देश में बढ़ रही कुतर्क की राजनीति


सुरेश हिंदुस्तानी

राजनीति में सकारात्मक दिशा के अभाव में देश को जो नुकसान उठाना पड़ता है, वह भले ही प्रत्यक्ष रूप में दिखाई नहीं दे, लेकिन उससे समाज पर प्रभाव अवश्य ही होता है। अगर यह प्रभाव नकारात्मक चिंतन की धारा के प्रवाह को गति देने वाला होगा तो देश को भी अपने अस्तित्व के लिए जूझना पड़ता है। वर्तमान में जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, उसे भटकाव पैदा करने वाली राजनीति कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इतना ही नहीं, जो विषय राजनीति के नहीं होने चाहिए, उनको भी राजनीतिक दल राजनीति के दल दल में ले जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार के किसी भी निर्णय का अपने हिसाब से परिभाषित करना राजनीति का प्रिय विषय बनता जा रहा है। इससे प्रायः मूल विषय बहुत पीछे छूट जाता है और बहस कहीं और चली जाती है। आज के राजनीतिक वातावरण का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि सभी राजनीतिक दलों के अपने अपने एजेंडे हैं। कोई भी किसी दूसरे की बात को ऐसे तर्क देकर उसका प्रक्षालन करते हैं, जैसे केवल उनकी ही बात सही है और बाकी सब गलत बयानी कर रहे हैं। हालांकि यह बात सही है कि कमी सभी जगह होती है, लेकिन कुछ अच्छे काम भी होते हैं, आज इन अच्छे कामों की चर्चा कहीं भी नहीं हो रही है। सब एक दूसरे की गलतियां निकालने में ही राजनीति का मुख्य उद्देश्य बनता जा रहा है। यह राजनीति की सकारात्मक दिशा तो कतई नहीं मानी जा सकती। हां, इसे नकारात्मक राजनीति अवश्य कहा जा सकता है। ऐसी राजनीति आम जनता में भटकाव पैदा करती है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि जो जनता सरकार के विरोध का विचार रखती है, वह विपक्ष की हर बात को सही मानकर ही व्यवहार करेगी और जो विपक्ष की बातों पर भरोसा नहीं करती, उसे सत्ता पक्ष की बात मानने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वास्तव में ऐसी राजनीति के बजाय देश हित की राजनीति करने की ओर सभी दलों को आगे आना चाहिए।

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

## बोले जा प्यारे! बम भोले!!


राकेश अचल

आषाढ़ निकल गया। सावन शुरू हो गया है। वो ही सावन जो लाखों का होता है और दो टकियों की नौकरी के फेर में बर्बाद हो जाता है। इस सावन का पहला सोमवार भोले बाबा के नाम है। मंगलवार इस देश की बैशाखा सरकार के नाम होगा ,क्योंकि मंगलवार को सरकार देश की जनता के लिए एक लंगड़ा बजट लेकर आने वाली है। मेरी पशोपेश ये है कि मै लिखूं तो आखिर किस मुद्दे पर लिखूं ? क्योंकि हमारे देश में मुद्दे घड़ी-घड़ी बदलते हैं। जब तक एक मुद्दे के बारे में सोचो, तब तक दूसरा मुद्दा सिर तानकर खड़ा हो जाता है। उत्तर प्रदेश में भोला भंडारियों के लिए सरकार के तुगलगी फरमान के बारे में लिख चुका हूँ। सरकार को सामाजिक समरसता से ज्यादा फिक्र भोले के भक्तों का धर्म भ्र्ष्ट होने की थी, सो मुजफ्फर नगर के सभी रेहड़ी,ठेले वालों तक को अपने-अपने नाम लिखकर टांगने का फरमान दे दिया गया। इस मांमले में चूंकि सुप्रीम कोर्ट तक बात पहुँच चुकी है ,इसलिए मैंने इस मुद्दे को छोड़ दिया है ।इस मुद्दे पर अब फैसला या तो सुप्रीम कोर्ट करेगा या फिर आने वाले दिनों में सूबे की जनता। जनता को आने वाले दिनों में विधानसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले उप चुनावों में मतदान करना है। आपको पता है कि भोले बाबा के सामने शायद हिन्दू-मुसलमान का मुद्दा कभी आया ही नहीं। बेचारे पहली बार फंसे हैं इस फेर में। वो भी योगी आदित्यनाथ की वजह से। योगी जी भी भोले बाबा के भक्त हैं और वे भी जो आजकल मुस्लिम विरोधी कहे जाते हैं। देखना ये है कि योगी जी कितने दिन भोले के भक्तों को मुसलमानों की दुकानों से दूर रख पाते हैं ? कितने दिन हिन्दू मुसलमान के यहां पंचर ठीक करने नहीं जाते? कितने दिनों मुसलमानों के ठेलों से फल, साग-सब्जी नहीं खरीदते? कितने दिन उनसे बैल्डिंग नहीं कराते? कितने दिन मुसलमानों से दूसरी सेवाएं नहीं लेते? भोले बाबा को छोड़िये अब अमित शाह साहब की बात कर लें। वे भी आजकल खूब बम-बम कर रहे है। लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद उनका बमकना कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। अपने बाप की उम्र के शरद पवार पर वे खूब बमके। उन्हें भ्ष्टाचार का सरदार बता दिया। मजबूरी कुछ भी करा सकती है आदमी से। एक हकीकत ये है कि 2024 के आम चुनाव तक देश राम भरोसे चल रहा था, लेकिन चुनाव के बाद देश भगवान भोलेनाथ के भरोसे चल रहा है। आने वाले दिनों में हमें देशज राजनीति में भोले की माया ही देखने को मिलेगी।



बोधि वृक्ष

**बड़े पैमाने पर पौधरोपण को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में देखा जाता है, जिसमें सरकारें, गैर सरकारी संगठन और व्यक्ति शामिल होते हैं**

## पौधरोपण करें, निगरानी भी जरूरी

पौधरोपण परियोजनाएं जलवायु परिवर्तन से निपटने और बिगड़े हुए पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने के लिए व्यापक रूप से समर्थित रणनीति के रूप में उभरी हैं। हालांकि, उनकी लोकप्रियता और उनके द्वारा उत्पन्न सद्भावना के बावजूद, इन योजनाओं को कई गंभीर मुद्दों का सामना करना पड़ता है जो उनकी प्रभावशीलता को कमजोर करते हैं। पेड़ वातावरण से कार्बन डाई ऑक्साइड को संग्रहीत और हटाकर जैविक कार्बन पृथक्करण में मदद करते हैं। बड़े पैमाने पर पौधरोपण को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में देखा जाता है, जिसमें सरकारें, गैर सरकारी संगठन और व्यक्ति शामिल होते हैं। 1950 में, भारतीय कृषिमंत्री ने वन महोत्सव ('पेड़ों का त्यौहार') कार्यक्रम शुरू किया, जिसे हर साल जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2021-2030 को पारिस्थितिकी तंत्र बहाली का दशक घोषित किया है। 350 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को बहाल करना, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं में \$9 ट्रिलियन का उत्पादन करना और अतिरिक्त 13-26 गीगाटन ग्रीनहाउस गैसों को अलग करना। विभिन्न भारतीय राज्यों में एक दिन में पौधे लगाने के अभियान। विश्व आर्थिक मंच द्वारा 'एक ट्रिलियन परियोजना'। 'चीन की महान हरित दीवार'। पाकिस्तान की '10 बिलियन ट्री सुनामी'। 'बॉन चैलेंज' 2020 तक 150 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करने के लिए।



टेक वर्ल्ड

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-मीडिया के उलझे रिश्ते


प्रो. संजय द्विवेदी

माननीय प्रधानमंत्री जी हम आभारी हैं कि आप हमारे बीच आए। मेरी ऑन दी जॉब लर्निंग अब शुरू हो गई है और 2024 तक मैं देश की सबसे अच्छी जर्नलिस्ट होने की कोशिश करूंगी। उम्मीद करती हूं कि तब आपसे एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू करने का मौका मुझे मिलेगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ये शब्द हैं भारत की पहली एआई बॉट एंकर सना के। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मीडिया जगत में बढ़ते इस्तेमाल की कई संभावनाएं हैं। इसी में से एक है कि आने वाले समय में देश के प्रधानमंत्री एक एआई एंकर से देश के भविष्य और योजनाओं के बारे में चर्चा करते दिखें। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 'टेक्स्ट टू स्पीच' फीचर की बदौलत अब भारतीय न्यूजरूम में मशीन को इंसानी चेहरे में ढालकर खबरें पेश की जा रही हैं। पिछले साल अप्रैल के महीने में इंडिया टुडे ग्रुप ने एआई एंकर से समाचार बुलेटिन का प्रसारण शुरू किया था। लॉन्च कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एंकर का परिचय देते हुए कहा गया था कि वह ब्राइट है, सुंदर है, उम्र का उन पर कोई असर नहीं होता है और न ही कोई थकान होती है, वो बहुत सारी भाषाओं में बात कर सकती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारी दुनिया को फिर से परिभाषित करने, मानवीय क्षमता की सीमाओं को पार करने और अभूतपूर्व पैमाने पर उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं को नया आकार देने के लिए तैयार है। मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में, एआई का आगमन कंटेंट क्रिएटर्स को सामग्री निर्माण के लिए शक्तिशाली उपकरणों से सशक्त बना रहा है, नए अनुभवों को अनलॉक कर रहा है और कलात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों का उपभोग करने, बनाने और उनसे जुड़ने के तरीके को हमेशा के लिए बदल रहा है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बस स्टैंड में चक्कर आने से गिरी महिला, मौत

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के रामनगर सियारी निवासी डेगलाल दांगी की पत्नी कांति देवी की मौत हजारीबाग के नयाबस पड़ाव में सोमवार को हो गया।महिला की मौत की सूचना मिलते ही गिद्धौर के पूर्व मुखिया राजेश कुमार दांगी मौके पर पहुंचकर बड़ा बाजार थाना से शव को अपने जिम्मेनामा पर ले लिया।जिसके पश्चात शव को गांव भेज दिया। बताया जाता है कि कांति देवी अपनी पुत्री के घर हजारीबाग बड़कागांव के हरली गांव से बस के माध्यम से हजारीबाग नया बस पड़ाव पहुंची।बस पड़ाव पहुंचने पर अचानक महिला बेहोश हो कर गिर गई। जिससे महिला की मौत हो गई। महिला की मौत की खबर से गांव में शोक व्याप्त है।

### डोभा में गिरने से ग्रामीण की मौत

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के जपुआ में डोभा में गिरने से ग्रामीण की मौत सोमवार को हो गई। मृतक बुलक भुइयां के पुत्र भीखो भुइयां (55) बताया जाता है।बताया जाता है भीखो भुइयां को मिर्गी बीमारी होता था। सोमवार को शौच करने डोभा की ओर गया था। शौच के बाद हाथ पैर धोने गया था। इसी क्रम में भीखो भुइयां डोभा में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना चरवाहों द्वारा दिया गया। इसके पश्चात परिजन शव को अंतिम संस्कार कर दिया। मौत से परिजन काफी दुखी है।

### कोशिला हत्या कांड मामले का खुलासा, एक गिरफ्तार

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमा गाँव निवाशी कोशिला हत्या कांड मामले में कुन्दा पुलिस ने तरहसी थाना क्षेत्र गोइंदी गाँव निवाशी धनन्जय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक कोशिला के पिता मोहन भारती के बयान पर कुन्दा थाना में कांड संख्या 37/24 में धारा 103 के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिस पर कुन्दा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही एक अन्य कांड संख्या 31/24 में अभियुक्त विनोद सिंह को कुन्दा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

**कुन्दा (चतरा)।** अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति ने कुंदा प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाया। सदस्यता अभियान का नेतृत्व जिला अध्यक्ष उमेश भारती ने की। इस दौरान दर्जनों लोगों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस दौरान उक्त लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाते हुए अध्यक्ष ने कहा कि भारती समाज हमेशा ही बुरे वक्त में सभी के साथ खड़े होते हैं, दूसरे का दर्द को भी अपना दुख और दर्द समझते है। वहीं मृतिका कोशिला कुमारी के परिजनों से जिला अध्यक्ष ने मुलाकात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिया। वहीं थाना प्रभारी से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली, इस घटना को लेकर जिला अध्यक्ष ने बताया की हत्या जैसे अपराध को अंजाम देने वाले आरोपी किसी भी सूरत में नहीं बचना चाहिए। आरोपी युवक पर सख्त-सख्त से कार्रवाई करने की बात जिला अध्यक्ष ने थाना प्रभारी से कही है। वहीं अध्यक्ष ने बताया की हत्या जैसे जघन्य अपराध की घटना को अंजाम देने वाले को समाज कभी नहीं बख्शेगा।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# ओवर लोडिंग से संबंधित मामलों का जांच करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध उत्खनन की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम 11 मार्च 2024 को की गई बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि लगातार ओवर लोडिंग की मामले प्रकाश में आ रहे है जिसकी रोकथाम को लेकर वन प्रमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी टण्डवा, सिमरिया, अंचल अधिकारी टण्डवा, सिमरिया, थाना प्रभारी टण्डवा एवं सिमरिया को आवश्यक रूप से ओवर लोडिंग से संबंधित मामलों का जांच निरंतर करने का निर्देश दिया। साथ ही इस प्रकार के मामले पाये जाने पर नियम संगत कार्रवाई करें। आगे उन्होने कहा निरंतर लोगों द्वारा यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि खनिज लोड वाहनों का परिचालन बिना तिरपाल ढ़के हुए किया जा रहा है जिसके कारण राहगिरों व उस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को काफी समस्या हो रही है इसका निष्पादन कराना सुनिश्चित करें। रूट मैपिंग से संबंधित समस्याओं का




निष्पादन 15 दिनों के अंदर शत प्रतिशत करें। अवैध खनन के रोकथाम हेतु रखे गए एसआईएसएफ के द्वारा किए गए कार्यें का प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। बैठक में जानकारी दी गई कि अपर समाहर्ता चतरा द्वारा सीसीएल के सुरक्षा प्रभारियों को निर्देशित किया गया था जिले में कोयला का अवैध खनन, परिवहन न हो, इस हेतु लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। अवैध मामला प्रकाश में आने के पश्चायत अवैधकर्ता के विरूद्ध नियम संगत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। इस पर प्रतिवेदन के माध्यम से अशोका, मगध कोयला परियोजना एवं पूणाडीह कोयला परियोजना के द्वारा बताया गया कि अवैध खनन के रोकथाम हेतु एसआईएसएफ टीम को निर्देशित किया गया हैं। इसके लिए एसआईएसएफ टीम के द्वारा 24 घंटे गस्ती की जाती है। इस पर उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा एसआईएसएफ टीम के द्वारा अवैध खनन को रोकने हेतु अभी तक जितने भी कार्य किए गए है उसकी विवरणी सहित सूची खनन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। किसी भी सुरत में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध निरंतर चलाएं छापेमारी अभियान :** उन्होने जिला, अनुमण्डल व अंचल स्तर पर अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध चलाए गए छापेमारी एवं जांच अभियान के तहत की गई कार्रवाई के प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यशैली संतोषजनक नहीं हैं। जिले में लगातार अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध छापेमारी एवं जांच अभियान चलाएं। साथ ही अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध रूची नहीं लेने वाले या कम प्रगति वाले कान्हाचट्टी, लावालौंग, कुंदा के अंचल अधिकारी से कारण पृच्छा की मांग की गई। वहीं प्रदूषण पदाधिकारी से भी जांच प्रतिवेदन अप्राप्त होने के कारण उन्हे भी कारण पृच्छा करते हुए टण्डवा क्षेत्र में निरंतर प्रदूषण जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा अवैध से संबंधित मामलो में अगर किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की सलिप्ता देखी जाती है तो उनपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में परियोजनाओं से चलने वाले भारी वाहनों के स्पीड ज्यादा होने के कारण और तय सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन नहीं होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं से संबंधित शिकायत प्राप्त हो रही है। सभी परियोजना के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि परियाजना से चलने वाले वाहन में सभी आवश्यक दस्तावेज, यथा वाहन चालक का लाईसेंस, प्रदूषण पेपर, बीमा पेपर, खनिज चालान, वाहन चालक सहायक समेत अन्य का जांच करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों को अक्षरशः अनुपालन हो यह सुनिश्चित करें।

### उपायुक्त ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख़्त एक्शन लेने का दिया निर्देश

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलांतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। साथ ही कार्रवाई प्रतिवेदन के समीक्षा के दौरान सभी अंचल अधिकारी को थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर अवैध खन्न, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु किये गये कर्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में 15 दिनों के अंदर जिला खनन कार्यालय, लातेहार को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## हर्षोल्लास के साथ आषाढ़ में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया

नवीन मेल संवाददाता




**बारियातू।** प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे 22 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरू पूर्णिमा उत्सव तथा महर्षि वेदव्यास जी की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम आचार्य शशि कुमार सिंह संयुक्त रूप से मां सरस्वती ओउम् एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। स्वागत गीत कक्षा अष्टम के छात्रा कशिश, प्रियांशी राज स्वेता एवं जानवी कुमारी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने कहा कि विद्या भारती योजना के अनुसार प्रत्येक वर्ष आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व गुरु के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का दिन है। क्योंकि गुरु अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर ले जाते हैं । महर्षि वेदव्यास जी के जीवनी पर हिन्दी में कक्षा अष्टम के भैया सत्यम कुमार एवं अंग्रेजी में कक्षा सप्तम के भैया आकाश कुमार सिन्हा ने विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य नीतीश कुमार, आचार्या खुशबू कुमारी, मधुबाला कुमारी, वंदना सिन्हा, सोनाली कुमारी का योगदान सराहनीय रहा कार्यक्रम की समापन राष्ट्रगीत के साथ की गई।

## माता भद्रकाली मंदिर में जलाभिषेक को लेकर उमड़ी भीड़

**इटखोरी (चतरा)।** पहली सोमवारी के पावन अवसर पर जिले के इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर परिसर में स्थित सहस्त्र शिवलिंग को जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ऐसे में सुबह से लेकर शाम तक माता के दरबार में भक्तों की भीड़ लगी रही। स्थानीय लोगों के साथ बड़ी संख्या में दूरदराज से भी श्रद्धालु माता भद्रकाली मंदिर परिसर स्थित 1008 सहस्त्र शिवलिंग का जलाभिषेक करने पहुंचे। सोमवारी को लेकर अहले सुबह सहस्त्र शिवलिंग का श्रृंगार पूजा हुई। 1008 शिवलिग को अपने आप में समाहित करने वाले सहस्त्र शिवलिग का बेलपत्र एवं फूलों से श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात कपूर से महा आरती उतारी गई। उसके



उपरांत भक्तों द्वारा सहस्त्र शिवलिग के जलाभिषेक का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो शाम तक जारी रहा। सोमवारी पर भोले बाबा का जलाभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर के सम्मुख स्थापित नंदी की प्रतिमा की भी पूजा-अर्चना की। साथ ही माता भद्रकाली मंदिर में भी जाकर शीश नवाया। दूसरी और प्रखंड के अन्य शिवालयों में भी सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया गया।

## प्राकृतिक सौंदर्य से भरा पड़ा है तीर्थ स्थल महादेव मठ



नवीन मेल संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** श्रावण की पहली सोमवारी पर ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। जलाभिषेक करने को लेकर शिवभक्तों का मठ में आना अहले सुबह से शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण सोमवारी पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करना खास माना जाता है इन दिनों में भगवान शिव को दूध,जल बेलपत्र इत्यादि अर्पित करने से भक्त की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। ज्ञात हो की चारों ओर पहाडो पर हरे वृक्ष एवं पहाड़ों के बीच से बहती धीमी-धीमी जलधारा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यह स्थल आधुनिकता से दूर प्राचीन ग्रामीण परिवेश में अवस्थित है जिसके कारण यहां शांत वातावरण से भक्तों को बेहद सुखद अनुभूति प्राप्त होती है। बताया जाता है की यहाँ पत्थरों को तारास कर गुफा का निर्माण किया गया है जिसमे भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है,जहाँ पर बड़े पैमाने पर, सावन पूर्णिमा व शिवरात्रि के अवसर पर दूर दराज से जलाभिषेक करने को लेकर शिव भक्त पहुंचते है। वही श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर तीर्थ स्थल में व्यापक पैमाने पर अखण्ड हरि कीर्तन व भंडारे का भी आयोजन किया जाता है।

### सासंग में पीरामल फाउंडेशन ने की बैठक

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग क्लस्टर में पीरामल फाउंडेशन के द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समूह की महिलाओं को आगामी 10 से 25 अगस्त तक चलने वाली फाईलेरिया उन्मूलन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं लोगों में जागरूकता के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का अहम योगदान है। पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर मो शमीम अख्तर ने फाईलेरिया रोग के बारे में बताया की संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से फाईलेरिया रोग से ग्रसित हो जाते हैं, इसका लक्षण एवं प्रभाव पाँच से सात वर्षों में दिखाई देता है। यह एक लाईलाज बीमारी है। जानकारी एवं जागरूकता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता हैं। फाईलेरिया बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक उपस्थित समूह की महिलाओं जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि झारखंड के सभी 24 जिले फाईलेरिया से प्रभावित हैं। फाईलेरिया रोग हाथीपाव के नाम से भी लोग जानते हैं। उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि फाईलेरिया उन्मूलन के लिए हम सभी समूह की महिलाएं समुदाय स्तर में बैठक कर एवं प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे।

## फार्म भरने में आ रही परेशानियों से पदाधिकारियों को कराया अवगत



**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की ने प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में बूथ के अनुसार मृत,अनुपस्थित और शिफ्टेड मतदाताओं की संख्या के अनुसार वर्तमान समय तक भरे गए फार्म की जानकारी ली। जल्द से जल्द सभी संबंधित फार्म को भर कर कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने की बात जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी व बीडीओ चंदन प्रसाद ने कही। बैठक में मौजूद बीएलओ ने क्षेत्र भ्रमण और फार्म भरने में हो रही परेशानियों से पदाधिकारियों को अवगत कराया। बताया कि कई ऐसे मतदाता हैं जिनके घर में ताला बंद रहता है। ऐसे में उनका संबंधित फार्म कैसे भरा जाए। वैसे शिफ्टेड लोग जिनका आवास यहां है और उनकी वापसी संभव है उनका नाम भी कैसे हटा दिया जाए। मृत व्यक्ति के घर के किसी सदस्य के नहीं रहने तथा उसके रिश्तेदारों द्वारा संबंधित फार्म पर हस्ताक्षर नहीं करने की स्थिति में भी समस्या आ रही है। घर से काफी दूर रहनेवाले एक-एक व्यक्ति के घर कई बार जाने के बाद भी मुलाकात नहीं हो पा रही है। उनका काफी समय इसके कारण बर्बाद हो जा रहा है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों के कई बीएलओ ने नेट की परेशानी बताई। बीएलओ की बातों को सुनने के बाद पदाधिकारियों ने कहा कि समस्या का निराकरण करें। प्रयास हो कि जल्द से जल्द संबंधित कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

## न्यूज बॉक्स

### मच्छर का प्रकोप बढ़ने सें डीडीटी छिड़काव की मांग

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे एक सप्ताह पूर्व हुए हल्की बारिश के बाद एकाएक बारिश बंद होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। बारियातू मुख्यालय सहित सिबला, टोटी, फूलसु, डाढ़ा, बालूभाँग, गोनिया, साल्वे, अमरवाडीह सभी नौ पंचायत क्षेत्रों मे एक सप्ताह पूर्व बारिश हुई थी।एकाएक बारिश बंद होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों मे मछरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे लोगों मे परेशानी हो रही है। मच्छर के प्रकोप को नियंत्रण करने के लिए प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य विभाग द्वारा डीडीटी छिड़काव कराया जाता है। इस वर्ष छिड़काव शुरूआत नहीं की गई है। ससमय छिड़काव नहीं कराये जाने से दिन प्रतिदिन और भी मछरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से डीडीटी छिड़काव कराने का मांग किया है।

### सावन की पहली सोमवारी पर मंदिरों व शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालु की भीड़

**चंदवा।** पवित्र श्रावण माह सोमवार से शुरू हो गया। श्रावण माह की पहली सोमवारी पर चंदवा में शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन दिखे। अहले सुबह से ही चंदवा के गुलायची बाबा मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, शिव मंदिर आन, शिव मंदिर थाना टोली, ब्लॉक कालोनी, हिसरी, शिव मंदिर बोरसीदाग, महादेव मंडप समेत प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों में शिव भक्तों का रेला देखने को मिला जो देर शाम तक रहा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवनद दामोदर तट से जल भरकर विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में जलाभिषेक किया। इस दौरान हर-हर महादेव व बोल बम के नारे से मंदिर व शिवालय गुंजायमान रहे। देर शाम कई मंदिर व शिवालय में भजन-कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पूरे शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्र से भक्ति गीत गूंजायमान है।

### राजद के जिला अध्यक्ष बने दीपक यादव

**लातेहार।** झारखंड रांची राजद प्रदेश कार्यलय में कार्यकारिणी की बैठक में विधानसभा चुनाव को देखते हुवे युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने बालूमाथ राजद पूर्व युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव को लातेहार युवा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए नव चयनित युवा जिला अध्यक्ष लातेहार दीपक यादव ने बतलाया कि युवा राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक राँची प्रदेश कार्यलय में की युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के नेतृत्व सम्पन हुई। विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बड़ी परिवर्तन की गई है ! लातेहार जिला को राष्ट्रीय जनता दल के नया युवा जिला अध्यक्ष के रूप में दीपक यादव को नियुक्त किया गया है नियुक्ति पत्र युवा राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी राजीव झा एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव झारखंड प्रभारी अमित मंडल युवा जिला लातेहार प्रभारी क्षितिज मिश्रा रांची नगर अध्यक्ष कमलेश यादव ने दी साथ हीं उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कई दिशा निर्देश भी दिए । मौके पर नव दीपक यादव ने पार्टी के सिर्फ नेताओं को आभार प्रकट करते हुए पार्टी के नीति एवं सिद्धांत का पालन करते हुए सभी कार्यकताओं को मान सम्मान का ख्याल रखूंगा एवं पार्टी के मजबूती के लिए हर संभव प्रयासरत रहूंगा। मौके पर नव चयनित जिला अध्यक्ष दीपक यादव को पूर्व युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष मनिका रुपेश यादव सहित कई राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने बुके देकर बधाई दी है।

### श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का समापन, सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर परिसर में भक्ति कुंज सेवा समिति के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का आज सातवें दिन रविवार को समापन किया गया है। वहीं कार्यक्रम के समापन के शुभ अवसर पर कमेटी के द्वारा भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मुख्य वक्ता कथावाचक राष्ट्रीय संत जगदीशानंद महाराज के सहयोगी तबला वादक महेंद्र पांडे,पैड वादक विनय मिश्रा,समेत अन्यों के संगीतमय धुन पर श्रद्धालुओं ने नाचने से खुद को नहीं रोक पाया। बता दें की सात दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ 15 जुलाई को किया गया था जिसका आज 21 जुलाई को समापन किया गया,इस कार्यक्रम में 7 दिनों तक क्षेत्र के श्रद्धालुओं को श्री राम भगवान की कथा, ज्ञान व भक्तिमय संगीत में सराबोर होते देखा गया। मौके पर आयोजक कर्ता भक्ति कुंज सेवा समिति महुआडाड प्रखण्ड के बृजमोहन जयसवाल, अनिल गुप्ता, दीपनारायण जयसवाल, राजेश दास, बाबूलाल ठाकुर, सर्वेश पाठक, रामसकल प्रसाद, आनंद किशोर नाथ शाह, ललित नाथ शाह, सूर्या हॉस्पीटल के डॉ. एके शाह राधिका देवी, सुशांत प्रसाद समेत सैकड़ो महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कथावाचक राष्ट्रीय संत महाराज जगदीशानंद को उपहार भेंट किया गया।

### भगवान शिव का जलाभिषेक

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में श्रावण माह की पहली सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के बाजार स्थित शिव मंदिर, राजडंडा शिव मंदिर समेत रामपुर, चटकपूर व बरदौनी समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल चढ़ाया। इस अवसर पर महिला, पुरूष व बच्चों की खासी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने जलाभिषेक कर अपने, अपने परिवार की सुख-शांति की कामना की। बेलटोली गांव स्थित सरना स्थल (शिव मंदिर) व छठ घाट स्थित शिवाला मंदिर में भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

# अच्छी बारिश नहीं होने से किसानों की बढ़ी चिंता, खेतों में पड़ने लगी है दरार

रुपेश कुमार



**बारियातू।** प्रखण्ड क्षेत्र मे मानसून की बेरुखी से किसानों की चिंता बढ़ गई है बारिश के अभाव में धान के बिचड़े खराब हो रहे हैं जुलाई महीना खत्म होकर सावन की महीना शुरू होने के बाद भी अभी तक खेत और तालाब सूखे पड़े हैं। इस कारण किसानों के मन में अनिश्चितता का भाव पैदा हो रहा है। अभी तक खेती करने लायक बारिश नहीं हुई है। जिससे खरीफ फसलों की बुवाई तो दूर किसान खेतों की तैयारी भी नहीं कर पा रहे हैं आद्रा नक्षत्र में प्रखंड में सिर्फ बूंदाबांदी बारिश हुई है। प्रखंड के मुख्यालय सहित फूलसु, डाढ़ा, बालूभाँग, शिबला, गोनिया, साल्वे, टोटी, अमरवाडीह इन सभी पंचायत में बारिश अच्छी तरह से नहीं होने से सभी किसानों की खेतों में दरार पड़ा हुआ है और बिचड़ा का रंग पीला हो रहा है। खरीफ फसल में धान की खेती केवल बारिश पर ही निर्भर करती है सिंचाई के साधन होने के बावजूद जब तक बारिश की बूंदे फैसले पर नहीं पड़ती है तब तक उनका उत्पादन अच्छा से नहीं होता है। यह प्राकृतिक स्थिति है इस बार मौसम ने अपना रूख मोड़ लिया है। आसमान से रातों में तारा दिखाई देने लगा है। बादल दिनभर उमड़ घूमड़ रहा है लेकिन जमकर बारिश नहीं हो रहा है झमाझम बारिश नहीं होने से किसान के साथ आम लोग भी चिंतित है मानसून की झमाझम बारिश नहीं होने से किसान का बिचड़ा पीला रंग का होने लगा है,खेतों में पड़ी है दरार किसानों को सताने लगा है डर किसान दहशत में है धान के बिचड़े को जैसे तैसे करके तैयार तो कर लिया है लेकिन बारिश नहीं होने से खेतों में अभी दरार पड़े हुए हैं किसान सूखे की संभावना से डरे हुए हैं मौसम का मिजाज देखकर किसानों को कुछ सूझ नहीं रहा है। किसानों के साथ आने वाला दिन में भी यही स्थिति रही तो किसानों के लिए एक बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय)गढ़वा

राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर।

भर्ती कैम्प सूचना – 2024

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–26.07.2024 (दिन–शुक्रवार ) को पूर्वाह्न–11.00 बजे से अपराहन् 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय,गढ़वा के परिसर में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2024" का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्न नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Sun bright manpower solution Pvt ,Ltd (Honda Company , Weston Company) | Technical Operator | 50 | ITI (Male) | - | Fresher | 18 to 29 | 17400 CTC | Bangalore |
| | | Operator | 25 | 10th , 12th , (Male) | _ | Fresher | 18 to 29 | 15000 CTC | Bangalore |
| | | Mobile Assembler | 100 | 10th , 12th , (Female) Diploma (Male) | - | Fresher | 18 to 26 | 18700 CTC | Bangalore |
| 2 | Delhivery Private Limited, Garhwa | Delivery Boy, LMA | 28 | 10th | Read English | Fresher-3years | 18 to 45 | 12000-15000 | Garhwa |
| | | Delivery Boy, RFE | 8 | 10th | Read English | Fresher-3years | 18 to 45 | 12000 | Garhwa |
| | | DAS Executive (Recruiter) | 1 | Graduation | Good Knowledge of local Area | Fresher-3years | 21 to 25 | 18000-22000 | Garhwa / Daltonganj |
| 3 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd, Palamu | CRE | 20 | 10th Pass | 12th Pass | Fresher | 18-28 Yr | 10890 + Bonus + Fuel | Palamu, Garhwa, Latehar |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट– WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in के माध्यम से कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तो के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

नोटः–निजी नियोक्ता कृपया, झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना अनिवार्य है।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 330270 Labour Employment and Traning(24-25).D

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम में स्वर्ण जीतने की क्षमता : दिलीप तिर्की

## हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की को भरोसा है कि पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय हॉकी टीम स्वर्ण पदक जीत सकती है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई है। इस टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा जोश का मिश्रण है। कुछ ऐसे नाम भी हैं जिनका यह पहला ओलंपिक होगा, तो कुछ ऐसे भी हैं जिनके पास खेल के इस महाकुंभ का अच्छा एक्सपीरियंस है। भारतीय टीम ने ओलंपिक में देश के लिए 12 पदक (8 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य) जीते हैं। टिर्की ने सोमवार को 'ग्लोरी ऑफ फाइव रिंग्स' कार्यक्रम में कहा, टीम कॉम्बिनेशन अच्छी नजर आ रही है। हमारे पास मजबूत डिफेंस और स्ट्राइकर हैं, जो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखते हैं। हम सभी जानते हैं कि श्रीजेश क्या करने में सक्षम हैं और गोलकीपिंग की अगुवाई उनके हाथों में होगी। पिछले कुछ वर्षों में हरमनप्रीत सिंह का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। इसलिए हमें उनसे पदक की उम्मीद है और मुझे यकीन है कि पदक का रंग स्वर्ण होगा।

### टोक्यो से बहुत कुछ सीखा, पेरिस ओलंपिक में पहला फोकस पदक नहीं मैचः मनिका बत्रा

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में अब महज कुछ दिन बाकी हैं। चाहे खेल कोई भी हो, सभी भारतीय खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उनकी नजर टोक्यो से भी बेहतर प्रदर्शन करने पर है। पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के साथ ही, स्टार भारतीय पैडलर मनिका बत्रा ने कहा कि उन्होंने टोक्यो ओलंपिक के अपने अनुभव से बहुत कुछ सीखा है और उनका फोकस पदक नहीं, बल्कि एक समय में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करने पर होगा। भारत पेरिस 2024 में टेबल टेनिस की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा दोनों में प्रतिस्पर्धा करेगा। पेरिस ओलंपिक में 6 भारतीय पैडलरों की टीम उतरेगी जो किसी भी कीमत पर मेडल जीतना चाहेगी।

# पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेंगे पीआर श्रीजेश



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश इस महीने के अंत में शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लेंगे। श्रीजेश पेरिस में अपने चौथे ओलंपिक खेलों में भाग लेंगे और टोक्यो में 2020 संस्करण से अपने कांस्य पदक के रंग को बदलने की उम्मीद करेंगे। 36 वर्षीय, जिन्होंने 2006 में भारत के लिए पदार्पण किया था, ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जब मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपने अंतिम अध्याय की दहलीज पर खड़ा हूं, तो मेरा दिल कृतज्ञता और प्रतिबिंब से भर जाता है। मुझे पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद। यहां एक अध्याय का अंत और एक नए रोमांच की शुरूआत है। उन्होंने कहा, ओलंपिक में कप्तान के रूप में भारतीय टीम का नेतृत्व करना शब्दों से परे सम्मान था। और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के रूप में नामित होना एक ऐसी मान्यता थी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। टोक्यो 2020 में हमारा ओलंपिक कांस्य पदक, सबसे बड़ी उपलब्धि थी, एक सपना साकार हुआ।

> **328** अंतरराष्ट्रीय मैच भारत के लिए खेलने वाले श्रीजेश ने दो बार एशियाई खेलों का स्वर्ण, दो बार एशिया कप और चार अलग-अलग मौकों पर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। श्रीजेश को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**57वां बील शतरंज रैपिड**

## मार्टिरोसयान बने रैपिड के विजेता, प्रज्ञानन्दा को दूसरा स्थान



**एजेंसी। बील, स्विट्जरलैंड**

बील शतरंज महोत्सव के 57वां संस्करण के रैपिड शतरंज में अर्मेनिया के हाइक मार्टिरोसयान ने कुल 10 राउंड में से 7 अंक बनाते हुए रैपिड का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के आर प्रज्ञानन्दा , जर्मनी के विंसेंट केमर और वियतनाम के लिएम क्वांग ली ने प्रत्येक 10 में से 5 अंक बनाए पर बेहतर टाई-ब्रेक के अनुसार वह क्रमशः दूसरे से चौथे स्थान पर रहे । प्रज्ञानन्दा के लिए रैपिड अच्छा नहीं बीता और वह केवल विन्सेंट केमर के खिलाफ जीत दर्ज कर सके उन्होंने और उन्हे एकमात्र हार यूएसए के सैम शैंकलैंड खिलाफ मिली जबकि अन्य आठ बाजियाँ उन्होने ड्रॉ खेली। वही जर्मनी के ग्रांडमास्टर अलेक्जेंडर डोंचेंको ने 7 अंक बनाकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता। भारत की आर वैशाली ने 5 अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इहोर समुनेन्खोव (यूक्रेन) और मार्क एंड्रिया मौरिजी (फ्रांस) को हराया।

## प्ले स्पोर्ट्स के ब्रांड एंबेसडर बने सानिया मिर्जा मैरी कॉम और टीवी होस्ट रणविजय सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता और महिला युगल में पूर्व विश्व नंबर 1 सानिया मिर्जा, छह बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एमसी मैरी कॉम और मशहूर टीवी होस्ट और अभिनेता रणविजय सिंह ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्ले स्पोर्ट्स से जुड़ गए हैं। प्ले स्पोर्ट का उद्देश्य स्कूलों के साथ काम करके, खेलों को विकसित करके, खेल के बुनियादी ढांचे का प्रबंधन करके, अकादमियों को चलाकर और जमीनी स्तर से प्रतिभाओं की खोज करके भारत में एक स्थायी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।



अपने सहयोग के बारे में सानिया मिर्जा ने प्ले स्पोर्ट्स की ओर से जारी एक बयान में कहा कि स्कूलों के लिए खेल पाठ्यक्रम विकसित करने की प्ले स्पोर्ट की अनूठी विशेषता ने उन्हें इस पहल में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, प्ले स्पोर्ट्स का लक्ष्य पहले चरण में दिल्ली एनसीआर और जयपुर में स्कूलों और सोसाइटियों में खेल के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार करना है और फिर इसे पूरे देश में ले जाना है। वे स्कूलों में मौजूदा खेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन में भी शामिल हैं और जहाँ कोई नहीं है, वहाँ विभिन्न खेलों के खेल के मैदान विकसित करने के लिए भी है। प्ले स्पोर्ट्स स्कूलों के लिए उपकरण सहायता भी प्रदान करता है और खेल पाठ्यक्रम विकसित करता है। इसने मुझे उनके साथ जुड़ने और उस खेल को वापस देने के लिए प्रेरित किया जिसने मुझे प्रसिद्धि और वैश्विक पहचान दी। पद्म भूषण और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित मैरी कॉम ने कहा, 2036 ओलंपिक 12 साल बाद आयोजित किए जाएंगे और प्ले स्पोर्ट्स का लक्ष्य स्कूलों से प्रतिभाओं की खोज करके और उन्हें उचित प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करके ओलंपियनों के अगले बैच को तैयार करना है। मैरी कॉम, जिन्हें अक्सर एक मुक्केबाज के रूप में उनकी दृढ़ता और मानसिक शक्ति के लिए 'शानदार मैरी' के रूप में जाना जाता है, प्ले स्पोर्ट्स में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

## सर्बियाई राष्ट्रपति ने पेरिस ओलंपिक टीम के लिए किया स्वागत समारोह का आयोजन

**बेलग्रेड।** सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने रविवार को देश की ओलंपिक टीम के लिए एक औपचारिक स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमें उन्हें राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया गया, जिसे वे पेरिस में होने वाले आगामी ओलंपिक खेलों में लेकर जाएंगे। अपने संबोधन में वुसिक ने खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने कहा, मैं ऐसे महान खिलाड़ियों के सामने बहुत नर्वस हूं। मेरा काम आपको ओलंपिक खेलों में शुभकामनाएं देना है। मैं आपको और आपके परिवारों को आपके प्रयासों और त्याग के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं, आपने छुट्टियां मनाने के बजाय प्रशिक्षण लेने का विकल्प चुना, ताकि हमारे देश के लिए कुछ महान हासिल किया जा सके।

## विराट और रोहित खेल सकते हैं वनडे विश्व कप 2027 : गंभीर



*उन दोनों में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है और अगर वे अपनी फिटनेस बनाए रखते हैं तो वे अगले वनडे विश्व कप में खेल सकते हैं। गौतम गंभीर*



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने श्रीलंका दौरे पर रवाना होने से पहले अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बयान दिए हैं। उन्होंने वनडे विश्व कप 2027 के लिए कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का समर्थन किया है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया। गंभीर ने कहा कि उन दोनों में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है और अगर वे अपनी फिटनेस बनाए रखते हैं तो वे अगले वनडे विश्व कप में खेल सकते हैं।

रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में जीत के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। हालांकि, दोनों खिलाड़ी खेल के अन्य प्रारूपों में खेलना जारी रखेंगे। गंभीर को लगता है कि बड़े टूर्नामेंटों में प्रदर्शन करने की रोहित और विराट की क्षमता आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे और अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में देश के लिए महत्वपूर्ण होगी। गंभीर ने सोमवार को पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने दिखा दिया है कि वे बड़े मंच पर क्या कर सकते हैं। चाहे वह टी20 विश्व कप हो या 50 ओवर का विश्व कप, एक बात जो मैं बहुत स्पष्ट रूप से कह सकता हूं वह यह है कि उन दोनों खिलाड़ियों में बहुत क्रिकेट बाकी है। अगर वे अपनी फिटनेस बनाए रख सकते हैं, तो 2027 वनडे विश्व कप भी खेल सकते हैं।

**03 दिन काउंट डाउन — पेरिस ओलंपिक**



## ओलंपिक में भारत को इन एथलीटों से है पदक की उम्मीद

**नई दिल्ली।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में 26 जुलाई से ओलंपिक की शुरूआत होगी। खेलों का यह महाकुंभ 11 अगस्त तक आयोजित होगा। भारत के 100 से अधिक एथलीट पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। इनमें से टॉप-10 पदक दावेदारों में नीरज चोपड़ा पहले स्थान पर हैं। भारत इन टॉप-10 दावेदारों से ओलंपिक पदक जीतने की उम्मीद है। पीएम मोदी ने एथलीटों को प्रेरित किया है।

**नीरज चोपड़ा ( जेवलिन थ्रो)**

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा लगातार दूसरा ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचना चाहेंगे। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो नीरज पहले ऐसे भारतीय एथलीट होंगे जिसने दो बाल लगातार गोल्ड मेडल जीता हो। नीरज चोपड़ा ने आखिरी बार 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में हिस्सा लिया था। 85.97 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ उन्होंने वहां स्वर्ण पदक जीता था।

**मेंस हॉकी टीम**

ओलंपिक में भारतीय हॉकी ने कुल आठ बार (1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1964, और 1980) स्वर्ण पदक जीता है। वहीं एक बार (1960) सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया है। ओलंपिक में भारत ने तीन बार (1968,1972 और 2020 में) कांस्य पदक जीता है। पेरिस ओलंपिक में भारत गोल्ड मेडल जीतकर अपना दबदबा फिर से कायम रखना चाहेगा।

**लवलीना बोरगोहेन (बॉक्सिंग)**

लवलीना ने ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीता था। हाल ही में उन्होंने चेक गणराज्य में ग्रैंड प्रिक्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। यहां वह दो मुकाबले हार गईं और एक बार जीतीं। ग्रैंड प्रिक्स टूर्नामेंट में लवलीना के हाथ सिल्वर मेडल लगा। निखत के साथ वह भी एक महीने के ट्रेनिंग कैंप के लिए जर्मनी के सारब्रुकेन में हैं।

**विनेश फोगाट (कुश्ती)**

कुश्ती चैंपियन विनेश फोगाट जल्द ही स्पेन ग्रैंड प्रिक्स में भाग लेने के लिए मैदान में उतरेंगी। स्पेन में होने वाले कार्यक्रम के बाद वह ओलंपिक की तैयारी के लिए 20 दिनों की ट्रेनिंग के लिए फ्रांस जाएंगी। विनेश फोगाट ने 2020 ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई किया था। हालांकि, कोई मेडल भी नहीं जीत सकीं थी।

**पीवी सिंधु (बैडमिंटन)**

साल 2016 रियो समर ओलंपिक में सिल्वर मेडल और साल 2020 टोक्यो ओलंपिक में ब्रांज मेडल जीतने वाली पीवी सिंधु से भारत को एक फिर पदक की उम्मीद होगी। अगर वह पेरिस में ओलंपिक पदक जीतती हैं तो वह भारत की सबसे सफल एथलीट बन जाएंगी। पीवी सिंधु फिलहाल जर्मनी के सारब्रुकेन में अपने कोच अगुस द्वी सैंटोसो और उनकी टीम के साथ ट्रेनिंग ले रही हैं।

**निखत जरीन (बॉक्सिंग)**

दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन पेरिस ओलंपिक में भी तिरंगा लहराना चाहेंगी। यह उनका पहला ओलंपिक होगा। वह आखिरी बार मई में एलोर्डा कप में खेली थीं जहां उन्होंने गोल्ड जीता था। फिलहाल, निखत जर्मनी के सारब्रुकेन में ओलंपिक सेंटर में एक महीने की ट्रेनिंग पर हैं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# रोजाना ₹45 निवेश कर बना लेंगे ₹25 लाख

**एलआईसी की नई पॉलिसी है सभी के लिए अच्छी**

### जीवन आनंद पॉलिसी

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी में काफी लोग बड़ा फंड बनाने के लिए निवेश करते हैं। वहीं इसमें निवेश करने से जीवन में कुछ अनहोनी होने पर परिवार को एकमुश्त रकम मिल जाती है जिसका इस्तेमाल वे अपनी जीवनयापन में कर सकते हैं। हालांकि काफी लोग एलआईसी में निवेश से दूरी बनाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इसका प्रीमियम काफी ज्यादा है। ऐसे में एलआईसी की जीवन आनंद नाम की पॉलिसी आपको पसंद आ सकती है। इस पॉलिसी की खास बात है कि इसमें आप रोजाना महज 45 रुपये निवेश करके 25 लाख रुपये का फंड बना सकते हैं। जीवन आनंद पॉलिसी की सबसे खास बात है कि इसमें और भी कई लाभ मिलते हैं। दरअसल, यह एक तरह से टर्म पॉलिसी है। इस पॉलिसी में चार तरह के राइडर्स मिलते हैं। इनमें एक्सीडेंटल डेथ एंड डिसेबिलिटी राइडर, एक्सीडेंट बेनिफिट राइडर, न्यू टर्म इंश्योरेंस राइडर और न्य क्रिटिकल बेनिफिट राइडर शामिल हैं। अगर बीमा धारक की किसी कारण से मृत्यु हो जाती है तो नॉमिनी को पॉलिसी का 125 फीसदी डेथ बेनिफिट मिलता है।

**1 कैसे बनेगा 45 रुपये से 25 लाख का फंड**

मान लीजिए कि आपकी उम्र 30 साल है। आपको 5 लाख रुपये के सम एश्योर्ड की यह पॉलिसी लेनी होगी। ऐसे में आपको इसमें 1341 रुपये महीने का प्रीमियम देना होगा। रोजाना के हिसाब से यह प्रीमियम करीब 45 रुपये होगा। आपको इसमें 35 साल तक निवेश करना होगा। 35 साल के बाद आपको 25 लाख रुपये मिल जाएंगे। इन 25 लाख रुपये में 5 लाख रुपये सम एश्योर्ड के, 8.50 लाख रुपये बोनस और करीब 11.50 लाख रुपये फाइनल एडिशनल बोनस के रूप में मिलेंगे। इस प्रकार कुल 25 लाख रुपये मिलेंगे।

**2 क्या है जीवन आनंद पॉलिसी के फायदे**

- इसमें पॉलिसी धारक को कम से कम 6.25 लाख रुपये का रिस्क कवर मिलेगा। यह बढ़कर 30 लाख रुपये तक हो सकता है।
- इसमें मैच्योरिटी पीरियड 15 साल से 35 साल है। आप अपनी सुविधा के अनुसार मैच्योरिटी पीरियड चुन सकते हैं।
- इस पॉलिसी में दो बार बोनस दिया जाता है, लेकिन इसके लिए आपकी पॉलिसी 15 साल की होनी जरूरी है।
- इसमें न्यूनतम एक लाख रुपये का सम एश्योर्ड होता है। अधिकतम की कोई लिमिट नहीं है।
- इस पॉलिसी में निवेश करने पर इनकम टैक्स छूट का लाभ नहीं मिलता।

यहां ध्यान रखें कि इस पॉलिसी में निवेश करने पर बीमा धारक को किसी भी तरहकी टैक्स छूट का लाभ नहीं मिलता।

## चीन से विदेशी निवेश से ग्लोबल सप्लाई चेन में भागीदारी बढ़ा सकता है भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह बढ़ने से भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भागीदारी और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। संसद में सोमवार को पेश आर्थिक समीक्षा में कहा गया कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में अपनी भागीदारी को बढ़ाना चाहता है। इसलिए उसे पूर्वी एशिया की अर्थव्यवस्थाओं की सफलताओं तथा रणनीतियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इन अर्थव्यवस्थाओं ने आमतौर पर दो मुख्य रणनीतियों का अनुसरण किया हैड्ढव्यापार लागत को कम करना और विदेशी निवेश को सुगम बनाना।

इसमें कहा गया कि भारत के पास ह्यचीन प्लस वन रणनीति से लाभ उठाने के लिए दो विकल्प हैं.. या तो वह चीन की आपूर्ति श्रृंखला में शामिल हो जाए या फिर चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा दे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2023-24 में कहा गया है, इन विकल्पों में से चीन से एफडीआई पर ध्यान केंद्रित करना अमेरिका को भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए अधिक आशाजनक प्रतीत होता है, जैसा कि पूर्व में पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं ने किया था। इसके अलावा, चीन प्लस वन दृष्टिकोण से लाभ प्राप्त करने के लिए एफडीआई को एक रणनीति के रूप में चुनना, व्यापार पर निर्भर रहने की तुलना में अधिक लाभप्रद प्रतीत होता है।

## आर्थिक सर्वेक्षण के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र काफी उठापटक भरा रहा। कारोबारी सत्र के अंत में सेंसेक्स 102 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 80,502 और निफ्टी 21 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 24,509 अंक पर बंद हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। इसमें जीडीपी विकास दर चालू वित्त वर्ष में 6.5 से लेकर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में कारोबारी सत्र में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 716 अंक या 1.28 प्रतिशत बढ़कर 56,624 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 165 अंक या 0.90 प्रतिशत बढ़कर 18,563 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एमएंडएम, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, एलएंडटी, मारुति सुजुकी और इन्फोसिस टॉप गेनर्स थे। विप्रो, रिलायंस, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी और एसबीआइ टॉप लूजर्स थे। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, मेटल और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं।

## विप्रो के शेयर में करीब 9% की गिरावट

**बीएसई पर शेयर 8.79 प्रतिशत गिरकर 508.25 रुपये पर आ गया**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कंपनी विप्रो के शेयर में सोमवार को करीब नौ प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर शेयर 8.79 प्रतिशत गिरकर 508.25 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह 8.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 508.20 रुपये पर रहा।

एनएसई निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों में से विप्रो का शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहा। विप्रो ने हाल ही में जानकारी दी थी कि उसका कंसॉलिडेटिड नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3,003.2 करोड़ रुपये रहा। बेंगलुरु की कंपनी की आय हालांकि 2024-25 की पहली तिमाही में 3.8 प्रतिशत घटकर 21,963.8 करोड़ रुपये रही। अप्रैल-जून तिमाही (द1) में कंपनी का मुनाफा बाजार की उम्मीद से ज्यादा रहा, मगर रेवेन्यू में गिरावट देखने को मिली। जून तिमाही में विप्रो का रेवेन्यू 3.8 फीसदी कम होकर 21,964 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 22,831 करोड़ रुपये रहा था। विप्रो का ग्रॉस रेवेन्यू तिमाही आधार पर तुलना करें तो जून तिमाही के दौरान 1.1 फीसदी गिर गया।

## देश में 2030 तक सालाना 78.5 लाख नौकरियों का सृजन करने की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में बढ़ते कार्यबल को देखते हुए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। संसद में सोमवार को पेश 2023-24 के इकनॉमिक सर्वे में यह कहा गया है। इकनॉमिक सर्वे में नौकरियों की संख्या का एक व्यापक अनुमान दिया गया गया है। बढ़ते कार्यबल के लिए इन नौकरियों को देश में सृजित करने की जरूरत है। इसमें कहा गया कि कामकाजी उम्र में हर कोई नौकरी की तलाश नहीं करेगा। उनमें से कुछ खुद का रोजगार करेंगे और कुछ नियोक्ता भी होंगे। इकनॉमिक सर्वे में कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि नौकरियों से ज्यादा आजीविका पैदा करने के बारे में है। इसमें कहा गया है कि कार्यबल में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी धीरे-धीरे घटकर 2047 में 25 प्रतिशत रह जाएगी, जो 2023 में 45.8 प्रतिशत थी। इकनॉमिक सर्वे में कहा गया है, परिणामस्वरूप, भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। इसमें सुझाव दिया गया है कि गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिवर्ष 78.5 लाख नौकरियों की मांग में पीएलआई योजना (5 वर्षों में 60 लाख रोजगार सृजन), मित्र कपड़ा योजना (20 लाख रोजगार सृजन) और मुद्रा जैसी मौजूदा योजनाएं पूरक भूमिका निभा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि बढ़ते कार्यबल को संगठित रूप देने, उन क्षेत्रों में रोजगार सृजन की सुविधा प्रदान करने, जो कृषि से स्थानांतरित होने वाले श्रमिकों को अपना सकते हैं।

## एक नजर

### भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट पर परिचर्चा आज

**रांची।** भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट पर मंगलवार को 10.30 बजे पूर्वाह्न परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट कल 23 जुलाई को संसद में पेश होगा। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यालय रांची के सभागार में सामूहिक रूप से बजट भाषण को सुना जायेगा। बाद में विशेषज्ञों द्वारा इस पर प्रतिक्रिया दी जाएगी। पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवी शामिल होंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवम विधायक सीपी सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

# आइए समझें, क्या है बजट, क्यों है जरूरी

त्रिभुवन कुमार सिन्हा

**रांची।** एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार (23 जुलाई) को मोदी 3.0 सरकार का पहला बजट पेश करेंगी। लेकिन, कई लोगों के मन में हर वर्ष प्रश्न उठता है कि देश और राज्य की सरकारें बजट क्यों पेश करती हैं। वे सोचते हैं कि केंद्र सरकार का काम है देश और देश की जनता के विकास पर खर्च करना। राज्य सरकार का काम है राज्य एवं राज्य की जनता पर खर्च करना। और, इसका परिणाम भी सामने नजर आए। पर, वे यह नहीं सोचते हैं कि पैसा आएगा कहां से। साथ ही, देश के सम्यक विकास के लिए कहां ज्यादा खर्च किया जाएगा और कहां कम। इसलिए आइए संक्षिप्त में जानते हैं बजट की महत्वपूर्ण बातें।



### बजट क्या है

बजट एक वित्तीय गणन योजना या खाका है, जो एक निश्चित अवधि के लिए प्रत्याशित आय और व्यय का विवरण प्रस्तुत करता है। यह बड़े स्तर पर (देश या कंपनी के लिए) सामान्य रूप से एक वर्ष के लिए होता है। छोटे स्तर पर सामान्यतः एक माह (व्यक्तिगत या घर के लिए) का होता है। बजट वित्तीय प्रबंधन के लिए मार्गदर्शिका की तरह होता है। बजट बताता है कि देश, राज्य, कॉरपोरेट हाउस, संगठन, घर या व्यक्ति की प्राथमिकता क्या है।

### बजट और पूर्वानुमान

बजट बनाने के लिए वित्तीय परिणामों का पुवार्नुमान लगाना जरूरी है। यह बजट निर्माण में बुनियाद की ईंट की तरह है, क्योंकि इसी से वित्तीय आवश्यकताओं और प्रगति के अवसरों की जानकारी मिलती है। इससे लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है। बजट पूवार्नुमान में उपलब्ध या प्राप्त डाटा का विश्वसनीय होना आवश्यक है। अगर बजट पूवार्नुमान में गलत डाटा का प्रयोग हुआ, तो यह परिणाम को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

**क्यों महत्वपूर्ण है बजट** — बजट देश, राज्य, कॉरपोरेट हाउस, संगठन, घर या व्यक्ति के लिए वित्तीय नियंत्रण में एक उपकरण की तरह कार्य करता है। क्योंकि, इससे पता चलता है कि जिस कार्य के लिए खर्च हो रहा है, वह आवश्यक है या नहीं। बजट वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करने में मदद करता है। लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में रणनीति तैयार करने में मदद करता है।

### बजट के प्रकार

**देश या राज्य का बजट :** देश या राज्य का बजट सरकारी बजट है और यह उस सरकार के राजस्व (आय) एवं व्यय की योजना को बताता है। सरकारी बजट तीन प्रकार के होते हैं - परिचालन बजट, पूंजी बजट एवं नकदी प्रवाह बजट।

**कॉरपोरेट बजट :** कॉरपोरेट बजट किसी व्यावसायिक संगठन या निगम का बजट है। यह उस कॉरपोरेट हाउस का एक निश्चित अवधि के लिए वित्तीय पूवार्नुमान होता है, जो आय एवं व्यय की जानकारी देता है। यह व्यवसाय के एकीकृत विकास एवं नियोजन के लिए महत्वपूर्ण है।

**निजी या व्यक्तिगत बजट :** घर का बजट या व्यक्तिगत बजट एक ऐसी वित्तीय योजना है, जो उस घर या व्यक्ति की प्राथमिकता को स्पष्ट करता है। घर या व्यक्तिगत बजट में प्राथमिकता (बच्चे की पढ़ाई, घर या वाहन आदि खरीदना), बचत एवं कर्ज चुकाना (अगर है तो) महत्वपूर्ण घटक हैं।

# भारतीय संस्कृति का प्रतीक है भगवा ध्वज : डॉ साहू

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बाल्मीकि नगर इकाई की ओर से रविवार को बड़गाईं के श्रीश्री पंचदेव मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज की गुरु के रूप में पूजा कर गुरु दक्षिणा के रूप में समर्पण राशि समर्पित किया। गुरु पूजन कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के झारखंड-बिहार क्षेत्र सह मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि भगवा ध्वज तपोमय व ज्ञाननिष्ठ भारतीय संस्कृति का सशक्त एवं पुरातन प्रतीक है। वेद एवं पुराण की रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास को उनकी जयंती पर याद करना हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। कहा, भारत भूमि के कण-कण में चैतन्य स्पंदन विद्यमान है।


## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।

पत्रांक 808/न0प0, दिनांक 22.07.2024

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–12.07.2024 एवं 13.07.2024 को नगर परिषद् बाजार की बन्दोबस्ती हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित आम सूचना में किसी भी डाकवक्ता के द्वारा भाग नही लेने के कारण पुनः उक्त सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–29.07.2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–30.07.2024 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद् बाजार बन्दोबस्ती | कार्यादेश की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 14,95,000.00 | 1,49,500.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–29.07.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 330263 (Urban Development) 24-25 (D)


# मुख्यमंत्री आज धुर्वा में कुष्ठ आश्रम का करेंगे उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में कुष्ठ प्रभावितों को भव्य, सुंदर और आकर्षक आशियाना मिलेगा। जुडको के जरिए धुर्वा के मुडमा में निर्मित कुष्ठ कालोनी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 23 जुलाई को समारोह पूर्वक उद्घाटन करेंगे। रांची नगर निगम द्वारा 256 फ्लैट में से 250 का लाटरी के माध्यम से आवंटन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री 10 लाभुकों को सांकेतिक रूप से चाभी भी सौपेंगे। कुष्ठाश्रम में जी प्लस वन के सात ब्लाक साढे पांच एकड़ में बना है। कुल लागत 35 करोड़ रुपये आई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत इस कालोनी का निर्माण पूरी तरह से राज्य सरकार के खर्चे से हुआ है। राज्य के नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने बताया है कि कुष्ठ प्रभावित लोगों को जीवन स्तर ऊंचा उठाने और रहन-सहन आरामदायक बनाने के उद्देश्य से इस आश्रम का निर्माण कराया गया है। एक फ्लैट की लागत लगभग 12 लाख है, जो लाभुकों को पूर्णरूप से निशुल्क दिया जा रहा है।

## नगर निगम चुनाव से संबंधित याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को झारखंड में नगर निगम और नगर निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को उनकी याचिका में डिफेक्ट दूर करने का निर्देश देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह में डिफेक्ट दूर नहीं किया गया तो सरकार की याचिका स्वयं खारिज हो जाएगी।

इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में हुई।

## पृष्ठ एक के शेष

**आवार्ड लेकर लौटे नगर आयुक्त का...**

कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त जावेद हुसैन को निगम के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने बुके देकर स्वागत कर सम्मानित किया। मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि यह सम्मान पाना उनके लिए लिए गर्व की बात है। मेदिनीनगर नगर निगम ने पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया है और इसके लिए ओर उन्हें दिल्ली में सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर वह बेहद ही खुश हैं। उनका प्रयास होगा कि आगे भी बेहतर कार्य करें, जिससे दोबारा मेदिनीनगर निगम को पुरस्कृत किया जा सके। निगम की महिला कर्मियों ने नगर आयुक्त को मिठाई खिलाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इससे पहले निगम के प्रधान लिपिक धीरज कुमार, सिटी मैनेजर अनुराग, सतीश कुमार, अनूप कुमार, इमरान, रिम्पी कुमारी ने बुके एवं मिठाई खिलाकर नगर आयुक्त का स्वागत किया।

**200 यूनिट बिजली...**

है कि किसी के घर में मीटर नहीं लगा है, फिर भी बिजली का बिल आ रहा है और उन्हें 200 यूनिट का लाभ नहीं मिल रहा है। इन सभी शिकायतों का समाधान हम लोग शीघ्र कर देंगे। 24 तारीख को आयोजित होने वाले कैबिनेट की बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा, ताकि राज्यवासियों की बिजली से संबंधित सभी समस्या का समाधान हो सके। बिजली विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि यह ग्रिड सब-स्टेशन सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए। ग्रिड सब-स्टेशन में ब्रेकडाउन न के बराबर हो इसका पुख्ता इंतजाम रहे।

**21 से 50 वर्ष तक की...**

तक पहुंच रही है। आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में पूरी मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को श्रावणी माह के शुभारंभ एवं पहली सोमवारी की बधाई और शुभकामनाएं दी।

**आर्थिक सर्वे 2023-24...**

व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2023 की तुलना में कम था, और वर्ष के लिए चालू खाता घाटा जीडीपी का लगभग 0.7 प्रतिशत है। चालू खाते ने वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में अधिशेष दर्ज किया। सर्वे में कहा गया है, विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त है। सार्वजनिक निवेश के चलते पिछले कई वर्षों में पूंजी निर्माण बना है, जबकि निजी क्षेत्र ने अपनी बैलेंस शीट की समस्याओं को दूर किया और वित्त वर्ष 2022 में निवेश करना शुरू किया। अब उसे सार्वजनिक क्षेत्र से कमान लेनी होगी और अर्थव्यवस्था में निवेश की गति को बनाए रखना होगा। सर्वे में कहा गया है कि संकेत उत्साहजनक हैं।

**'अमृत काल' के लिए 6 प्रमुख विकास क्षेत्रों की सूची जारी**

**नई दिल्ली।** आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 में कहा गया कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य को बेहतर करने, मांग और आपूर्ति के बीच की बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया गया। संभावित विकास को बढ़ाने और अपनी क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए बड़े पैमाने पर सुधार किए गए जो 'अमृत काल' और वर्तमान में लोगों की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, 'अमृत काल' की विकास रणनीति छह प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित है। आर्थिक सर्वेक्षण दस्तावेज में जोर दिया गया।

1. निजी निवेश को बढ़ावा देने पर जानबूझकर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।
2. भारत की 'मित्तेलस्टैंड' (एमएसएमई) की वृद्धि और विस्तार एक रणनीतिक प्राथमिकता है।
3. भविष्य के विकास के इंजन के रूप में कृषि की क्षमता को पहचाना जाना चाहिए और नीतिगत बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए।
4. भारत में ग्रीन ट्रांजिशन (जीटी) के वित्तपोषण को सुरक्षित करने की आवश्यकता है।
5. शिक्षा-रोजगार के अंतर को पाटना होगा।
6. भारत की प्रगति को बनाए रखने और तेज करने के लिए राज्य की क्षमता और योग्यता का बेहतर निर्माण आवश्यक है।

**मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की चिंता**

1. हम निराशावादी नहीं हैं, हम विकास के बारे में आशावादी हैं। लेकिन हम चुनौतियों के बारे में सजग हैं।
2. मौजूदा ग्लोबल माहौल के बीच 7 फीसदी जीडीपी ग्रोथ हासिल करने के लिए सजगता ज्यादा जरूरी।
3. कैपिटल मार्केट में रिटेल निवेशकों की भागेदारी बाजारों के लिए बफर के रूप में काम किया।
4. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोजगार बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। लेकिन हमें रोजगार पर इसके प्रभाव के बारे में सावधान रहने की जरूरत है।
5. भारत को चीन के साथ बढ़ते ट्रेड-डेफिसिट कम करने के लिए गुड्स और कैपिटल इंपोर्ट के बीच सही संतुलन बनाने की जरूरत है।

## दहेज प्रताड़ना के दोषी पति को तीन वर्ष की सजा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने के दोषी पति सुधीर कुमार को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## बुंडू में माकपा राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक आज से

**रांची।** माकपा की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक बुंडू (रांची) में होगी। बैठक में पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात और डॉ. रामचंद्र डोम भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव और 21 से 28 अगस्त तक चलने वाले राज्यव्यापी जन आंदोलन की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि माकपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड में विस्थापन आयोग का गठन किए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए उनसे अपील की है कि विधानसभा के इसी सत्र में विस्थापन आयोग के गठन का विधेयक लाया जाए ताकि यहां रैयतों के अधिकारों की रक्षा किए जाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके। विप्लव ने कहा कि झारखंड में पुराने विस्थापन के चलते हजारों रैयतों का पुनर्वास, मुआवजा और नौकरी का मामला लंबित है। पिछले दिनों कई कोल ब्लाक नीलामी के द्वारा विभिन्न कंपनियों को खनन के लिए आवंटित किए जा चुके हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा
E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in

### शुद्धि पत्र

[ PR 329453 Road(24-25)#D ]

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत प्रकाशित निविदा **Improvement of Riding Quality work of Ketar-Razi Road (total Length- 24.350 km.) under Road Division, Garhwa** जिसका **e-Tender Reference No.** RCD/ GARHWA/884/2024-25 दिनांक 11.07.2024 में क्रमांक 4 एवं 5 में उल्लेखित तिथि को निम्नवत् संशोधित किया जाता है–

| | | |
|---|---|---|
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 06-08-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 25-07-2024, 10.30 A.M. |

अन्य सभी यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 330240 Road(24-25).D

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,झारखण्ड, रांची
## कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू
Email Id-dhopalamau@gmail.com

### आम सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0–40 दिनांक 16.07.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष–2024–25 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्य के अनुसार पलामू जिला के कृषकों से आवेदन की माँग की जाती है। उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान पर भौतिक लक्ष्य की प्राप्ति एवं योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक/महिला समूह/सखी मंडल/कृषक समूह/FPO (कृषक उत्पादक संगठन) आवेदन कार्यालय से या प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0/उद्यान मित्र से प्राप्त कर सत्यापित कराते हुए पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा प्राप्त कर दिनांक–10.08.2024 तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कार्य विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | अवयव | प्राप्त भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या/एकड़) |
|---|---|---|
| 1 | बागवान/उद्यान मित्रों/कृषकों को 05 दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण | 550 प्रशिक्षणार्थी। |
| 2 | युवाओं की 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 26 प्रशिक्षणार्थी |
| 3 | मिर्चा की खेती | 47 हे0 |
| 4 | ओल की खेती | 47 हे0 |
| 5 | अदरख की खेती | 33 हे0 |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 20 इकाई |
| 7 | खुले वातावरण में फूलों की खेती | 55 हे0 |
| 8 | टिशुकल्चर केला की खेती | 24 हे0 |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 65 इकाई |
| 10 | सब्जी की खरीफ एवं रब्बी की खेती | 500 हे0 |
| 11 | मश्रूम कीट वितरण | 140 कृषक |
| 12 | संरक्षित फूलों की खेती | 0.5 हे0 |
| 13 | पपीता की खेती | 26000 पौध |
| 14 | टिशूकल्चर स्ट्राबेरी की उन्नत खेती | 25 हे0 |
| 15 | गुणवत्तायुक्त सब्जी, फल, फूल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैपलिंग/नर्सरी) | 43 इकाई |

नोटः–
1. वैसे कृषकों को योजना से लाभान्वित किया जायेगा, जो विगत तीन वर्षो से उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का कोई लाभ नही लिए हों।
2. वित्तीय वर्ष 2024–25 में सब्जी एवं फूलों की खेती 10 हे0 के कलस्टर में की जायेगी।
3- ST, SC एवं लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नही किया गया है, चयन में उन ग्रामों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. माली प्रशिक्षण हेतु ऐसे लाभुकों का चयन किया जायेगा, जिनकी उम्र 20 से 45 वर्ष की बीच हो तथा मैट्रिक उतीर्ण या समकक्ष (प्रमाण पत्र) कृषि उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
8. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड उद्यान मित्र तथा जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
पलामू

PR 330331 District(24-25).D

## कार्यालय :– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार।

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।

मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक निधि से मनिका विधान सभा क्षेत्र के कुल 64 विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के ज्ञानोपार्जन एवं उनके बौद्धिक विकास हेतु अनुशंसित पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशको/आपूर्तिकर्त्ता/पुस्तक विक्रेताओं से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक– 31.07.2024 को अपराह्न 12:00 बजे तक |
| II. | निविदा जमा करने का स्थान | :– | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार। |
| III. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक– 31.07.2024 को अपराह्न 3:00 से |
| IV. | निविदा खोलने का स्थान | :– | उप विकास आयुक्त, लातेहार के कार्यालय वैश्म। |

नोटः– निविदा संबंधित विस्तृत सूचना/ नियम शर्ते एवं अनुशंसित विद्यालयों/पुस्तकों की सूची एवं राशि जिला के वेबसाईट https://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
लातेहार।

PR 330293 Rural Development(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/03/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Passenger Shed and Sitting Bench in Bhedi Farm Campus and Construction of Driveway at Bhedi Farm, Chatra Part-1 and Part-2 under District Chatra. | 74,32,600.00 | 1,48,700.00 | 10,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –29.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–29.07.2024 से दिनांक–06.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 08.08.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

PR 330226 Rural Development(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06 वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 29.07.2024 को 5:00 बजे अपराह तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.07.2024 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 31.07.2024 को 3:00 बजे अपराह्न से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी –

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | उच्च प्रवाही नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण–विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 |
| 1 | Construction of 200 mm X 165 MM X 200.00 Mtr Deep High Yield Drilled Tube Well with Handpump in Block-Tandwa with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe with 200mm dia MS ERW Casing pipe with drain, platform on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2024-25 (Under Deposit) | HYDT/NTPC/CTR-01 | 07 Nos. | 20,56,796/- | 41,500/- | 5000/- | एक माह |
| | | HYDT/NTPC/CTR-02 | 07 Nos. | 20,56,796/- | 41,500/- | 5000/- | एक माह |
| | | HYDT/NTPC/CTR-03 | 06 Nos. | 17,62,968/- | 35,500/- | 5000/- | एक माह |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 330275 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

दिनांक–22.07.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /01/2024-25 | ग्राम बकोरिया में हरिजन टोला बैजनाथ रजक के घर से दुर्गा बाड़ी होते हुए नावाहारी कमारू पथ तक पथ निर्माण कार्य। लंबाई–2.20कि0मी0 | 250.901 लाख | दो करोड़ पच्चास लाख नब्बे हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /02/2024-25 | ग्राम कमारू में रामयाद साव के घर से डोंगवाटांड़ प्राथमिक विद्यालय होते हुए समषान घाट तक पथ निर्माण । लंबाई–1.50कि0मी0 | 165.714 लाख | एक करोड़ पैसठ लाख एक्हतर हजार चार सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/ DALTONGANJ /03/2024-25 | ग्राम कमारू में राजेष डॉक्टर के घर से पुरबरा तालाब तक पथ निर्माण कार्य। लंबाई–1.35कि0मी0 | 121.050 लाख | एक करोड़ एक्कीस लाख पांच हजार रू0 मा0 | 09 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/ DALTONGANJ /04/2024-25 | ग्राम बकोरिया में टोला ठुठीबागी से हरही टोला होते हुए मस्जिद तक पथ निर्माण कार्य। लंबाई–1.65कि0मी0 | 163.095 लाख | एक करोड़ तिरसठ लाख नौ हजार पांच सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 5 | EE/RWD/ DALTONGANJ /05/2024-25 | ग्राम कसियाडीह में शंकर साव के घर से लेदवा सेमर नदी तक पथ निर्माण कार्य । लंबाई–1.10कि0मी0 | 102.343 लाख | एक करोड़ दो लाख चौतीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 29.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 19.08.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 330278 Rural Development(24-25)#D

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# सरकार के फैसले का भाजपा ने किया स्वागत, प्रतिबंध को बताया असंवैधानिक

## आरएसएस की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने का मामला

एजेंसी





**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगे 58 साल पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। सरकार के इस फैसले का (भाजपा) ने स्वागत किया है। भाजपा ने आरएसएस पर लगाए गए प्रतिबंध को असंवैधानिक बताया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि 58 साल पहले 1966 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में भाग लेने वाले सरकारी कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगाने वाले असंवैधानिक आदेश को मोदी सरकार ने वापस ले लिया है। मूल आदेश पहले ही पारित नहीं किया जाना चाहिए था। यह प्रतिबंध इसलिए लगाया गया क्योंकि 7 नवंबर 1966 को संसद पर बड़े पैमाने पर गौ-हत्या विरोधी प्रदर्शन हुआ था। आरएसएस-जनसंघ ने लाखों की संख्या में समर्थन जुटाया था। पुलिस फायरिंग में कई लोग मारे गये थे। 30 नवंबर 1966 को, आरएसएस-जनसंघ के प्रभाव से आहत होकर, इंदिरा गांधी ने सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर दशकों पहले प्रतिबंध लगाना ही असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक था। अब बैन हटाया गया है यह स्वागत योग्य कदम है, देश के लिए बहुत अच्छा निर्णय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदैव ही राष्ट्र सर्वप्रथम राष्ट्र को सर्वप्रिय मानने वाला रहा है। समाज के सभी वर्गों में सभी क्षेत्रों में राष्ट्रवादी, देश के लिए सब कुछ न्योछावर करने वाले नागरिक आगे रहे हैं। कई बार देश के न्यायालय ने भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठन और उसकी सांस्कृतिक कल्पना, देश के लिए किया जा रहे हैं।

## पिछले दरवाजे से संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही सरकार : खड़गे

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि केंद्र सरकार सरकारी दफ्तरों में आरएसएस की विचारधारा को लागू कर संविधान के साथ 'पिछले दरवाजे' से छेड़छाड़ करना चाहती है। 1947 में आज ही के दिन भारत ने अपना राष्ट्रीय ध्वज अपनाया था। आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और सरदार पटेल ने उन्हें इसके खिलाफ चेतावनी दी थी। 4 फरवरी 1948 को गांधी की हत्या के बाद सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। खरगे ने पोस्ट में आगे लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिबंध हटा दिया है। नरेंद्र मोदी सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटाकर, सरकारी दफ्तरों के कर्मचारियों को विचारधारा के आधार पर विभाजित करना चाहती है।



## कांग्रेस ने राजनीतिक कारणों से लगाया था गलत प्रतिबंध : पीयूष

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आरएसएस को देशभक्त और सांस्कृतिक संगठन बताते हुए कहा है कि कांग्रेस ने राजनीतिक कारणों से गलत प्रतिबंध लगाया था और मोदी सरकार ने इस गलती को सुधार दिया है। कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों की आलोचना को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष को सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति में दिलचस्पी रहती है, वे विशेष समुदाय के लिए अलग मापदंड रखते हैं और हिंदू समाज के लिए उनका रवैया नकारात्मक रहता है।



## ब्रीफ न्यूज

### भूकंप से दहला जापान का इबाराकी प्रांत, रिक्टर स्केल पर 4.8 रही तीव्रता

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के उत्तर-पूर्व में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जापानी मौसम विभाग ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10:07 बजे भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 4.8 दर्ज की गई। हालांकि, भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। लेकिन, झटकों के बाद लोग सहम गए और घरों से निकल कर सड़क पर आ गए। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, "भूकंप की गहराई का केंद्र 90 किलोमीटर था। जो उत्तरी इबाराकी प्रांत के 36.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 140.8 डिग्री पूर्वी देशांतर के करीब आया। भूकंप के झटके मध्य टोक्यो तक महसूस किए गए, लेकिन मौसम विभाग की ओर से सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई।

### डेमोक्रेटिक पार्टी से नामांकन के लिए कमला हैरिस का अभियान तेज



**वाशिंगटन।** जो बाइडेन के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की रेस से हटने के बाद अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इस पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन प्राप्त करने का अपना अभियान तेज कर दिया है। हैरिस ने पार्टी के सांसदों, नेताओं, अधिकारियों और बाहरी समर्थन समूहों से संपर्क स्थापित करना शुरू कर दिया है। हैरिस ने कुछ ही समय में कुछ महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त कर लिए हैं।

### गाजा शिविर पर इजरायल ने एक हफ्ते में 63 बार बमबारी की : हमास

**गाजा।** हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने सात दिनों में नुसेरात के शरणार्थी शिविर पर 63 बार बमबारी की है, जिसमें 91 फिलिस्तीनी मारे गए और 251 अन्य घायल हो गए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने रविवार को शरणार्थी शिविर में लगातार हो रही हत्याओं के लिए इजरायल और अमेरिकी प्रशासन को "पूरी तरह से जिम्मेदार" ठहराया, जहां वर्तमान में विस्थापितों समेत लगभग 250,000 लोग रह रहे हैं।

# बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता : वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में शामिल जदयू के सांसद रामप्रीत मंडल ने लोकसभा में अपनी ही सरकार से पूछा कि क्या वह बिहार और शेष ऐसे राज्यों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए विशेष राज्य का दर्जा देना चाहती है? अगर सरकार ऐसा विचार रखती है तो बताइए और नहीं रखती है तो इसका कारण स्पष्ट करे। जिस पर वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने इसपर प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए नकारात्मक और सीधा जवाब दिया। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने रामप्रीत मंडल के सवाल के जवाब में बताया- राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने पहले कुछ राज्यों को योजना सहायता के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा प्रदान किया था। उन राज्यों में कुछ विशेष परिस्थितियां थीं, जिनके आधार पर यह किया गया था। यह निर्णय उन सभी कारकों और राज्य की विशिष्ट स्थिति के एकीकृत विचार के आधार पर लिया गया था। विशेष श्रेणी के दर्जे के लिए बिहार के अनुरोध पर एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) ने पहले भी विचार किया था, जिसने 30 मार्च, 2012 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।

# आठवीं पास ने नई कोड जेनरेट कर 10 लग्जरी कारें चुराई, गिरोह के पास 200 से ज्यादा कारें

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईसीएम (इलेक्ट्रॉनिक कंटेंट मैनेजमेंट) मशीन को री-प्रोग्राम कर नई कोड जनरेट कर डुप्लीकेट चाबी से लग्जरी वाहनों की चोरी करने वाले एक गिरोह का नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने खुलासा किया है। कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने सरगना समेत इस गिरोह के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 10 कार बरामद हुई हैं। इनमें नोएडा के सेक्टर 122 से चोरी गई फॉर्च्यूनर भी शामिल है। नोएडा के डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम ने वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान संभल निवासी खलील, मोनू कुमार, करनाल हरियाणा निवासी सोनू, लुधियाना पंजाब निवासी राजेश कक्कड़, आजमगढ़ निवासी अली शेर उर्फ इमरान और करनाल हरियाणा निवासी प्रमोद के रूप में हुई है। इस गिरोह का सरगना सोनू है, जो आठवीं पास है। सोनू वाहनों के इलेक्ट्रॉनिक लॉक को हैक करने में एक्सपर्ट है और यह लोग की प्रोग्रामिंग पैड ऑनलाइन मंगा कर ईसीएम को री प्रोग्राम कर लेते थे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक चाबी बनाकर वाहनों की चोरी कर लेते थे। पूछताछ में पता चला है कि इस गिरोह ने 200 से अधिक चार पहिया वाहनों की चोरी की है और चोरी के वाहनों को यूपी के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान से लेकर देश के कई राज्यों में बेच देते थे

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** टेक्सटाइल इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी का एक बड़ा रिसर्च क्षेत्र है, जो कपड़ा निर्माण की प्रक्रिया में शामिल टेक्सटाइल फैब्रिक और यार्न के उत्पादन की सभी गतिविधियों से संबंधित है। टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में फाइबर, कपड़ा और परिधान प्रक्रियाओं, कपड़ों के उत्पादों और मशीनरी के सभी पहलुओं को डिजाइन और नियंत्रित करना शामिल है। टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में मैन्युफैक्चरिंग के कई पहलु शामिल हैं जैसे- प्रोसेस इंजीनियरिंग, आर एंड डी, प्रोडक्शन कंट्रोल, टेक्निकल सेल्स, क्वालिटी कंट्रोल और इक्विपमेंट, फैब्रिक और सूत को बनाने वाली प्रक्रिया आदि।

# टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में बना सकते हैं करियर

### टेक्सटाइल इंजीनियरिंग

- **करियर की संभावना:** टेक्सटाइल के क्षेत्र में अपना करियर शुरू करने के लिए ग्रेजुएट्स के लिए नौकरी के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। टेक्सटाइल टेक्नोलॉजिस्ट, प्रोसेस इंजीनियर, क्वालिटी कंट्रोल सुपरवाइजर आदि कुछ जॉब प्रोफाइल उपलब्ध हैं।
- **पैकेज:** कोर्स में ग्रेजुएट्स के लिए शुरुआती औसत वेतन INR 4-6 लाख के बीच है, जो इंडस्ट्री में काफी अच्छा माना जाता है।
- आगे की पढ़ाई के लिए स्कोप भी उपलब्ध हैं जैसे एमटेक/एमई या यहां तक कि पीएचडी के बाद टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी जैसी विशेषज्ञता के साथ भी उपलब्ध हैं।

### एंप्लॉयमेंट एरिया

- गवर्नमेंट डिपार्टमेंट्स
- कॉलेजेस और यूनिवर्सिटीज
- रिसर्च इंस्टिट्यूट
- टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज
- मेडिकल इंडस्ट्री
- क्लोथिंग इंडस्ट्री



### टेक्सटाइल इंजीनियर की जिम्मेदारियां

- टेक्सटाइल इंजीनियर विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित वस्त्रों, फर, चमड़े, प्लास्टिक और धातुओं के साथ काम करते हैं।
- वह डिजाइनर कपड़े, साज-सामान जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए नए तरीकों से वस्त्र विकसित करने के लिए जिम्मेदार हैं।
- इंजीनियर कपड़ा, फाइबर और अन्य सम्बंधित सामग्री के उत्पादन, विपणन और खरीद पर तकनीकी और नवीन सलाह देते हैं।
- टेक्सटाइल इंजीनियर निर्देशों के अनुसार फाइनल प्रोडक्ट बनाने के लिए नमूने तैयार करते हैं, डिजाइन में संशोधन करते हैं, मूल्यांकन करते हैं और आपूर्तिकर्ताओं से कपड़े का चयन करते हैं।
- यह सुनिश्चित करना टेक्सटाइल इंजीनियरों का कर्तव्य है कि अंतिम उत्पाद की अच्छी तरह से जाँच करें।



### टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कोर्सेज

- बीटेक इन केमेस्ट्री
- बीई इन टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी
- बीटेक इन मेन मेड फइबर टेक्नोलॉजी
- डिप्लोमा इन टेक्सटाइल इंजीनियरिंग
- बीटेक इन टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी
- बीटेक इन टेक्सटाइल एंड कार्पेट टेक्नोलॉजी
- डिप्लोमा इन फेब्रिकेशन इंजीनियरिंग
- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी इन टेक्सटाइल
- टेक्सटाइल इंजीनियरिंग के लिए भारतीय संस्थान
- आईआईटी दिल्ली
- कॉलेज ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, पश्चिम बंगाल
- मुंबई विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र
- एमिटी यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
- वीआईटी वेल्लोर, तमिलनाडु
- भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान हावड़ा, पश्चिम बंगाल
- मणिपाल उच्च शिक्षा अकादमी मणिपाल, कर्नाटक
- कपड़ा विभाग, आईआईटी, दिल्ली
- एसएसएम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी एंड पॉलिटेक्निक कॉलेज, तमिलनाडु
- सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली
- एलडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गुजरात

### टेक्सटाइल इंजीनियरिंग के प्रकार

- टेक्निकल टेक्सटाइल
- कंप्यूटर एप्लिकेशन इन टेक्सटाइल
- फैब्रिक मैन्युफैक्चरिंग
- फैब्रिक टेस्टिंग
- टेक्सटाइल केमिकल टेक्नोलॉजी
- टेक्सटाइल फाइबर
- केमिकल प्रोसेसिंग
- निटिंग
- स्किल्स
- आर्टिस्टिक्स एंड क्रिएटिव स्किल्स
- नॉलेज ऑफ ट्रैक्टर, पैटर्न, डाई एंड यान
- कलर, शेप एंड फॉर्म की समझ
- डिजाइन रिलेटेड सॉफ्टवेयर की नॉलेज
- कम्युनिकेशन
- प्रेजेंटेशन
- नेगोशिएशन स्किल्स
- प्रोबलम सॉल्विंग स्किल्स
- टीम वर्क